
✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



असम विधानसभा चुनाव के दौरान एक पोलिंग बूथ पर वोट डालने के लिए लाइन में लगे लोग

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 311 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 10 अप्रैल 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को करें सशक्त

✍ नरेन्द्र मोदी

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगी। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर



**❛ हमारी नारी शक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। ●**

में नारी शक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है। लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की (शेष पृष्ठ 11 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### 12 वर्षों से फरार नक्सली गिरफ्तार

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** बेगूसराय पुलिस और बिहार एसटीएफ की संयुक्त टीम ने नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में हरिशंकर पासवान उर्फ रितेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को 12 साल से उसकी तलाश थी। बेगूसराय पुलिस और एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी कि भगवानपुर थाना क्षेत्र के एक पुराने और गंभीर मामले में वांछित नक्सली हरिशंकर पासवान इलाके में सक्रिय है। सूचना मिलते ही पुलिस और एसटीएफ ने जाल बिछाया और पकठौल चौक के पास घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

### सड़क दुर्घटना में दारोगा की मौत

**अरवल(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के तेलपा थाना में तैनात दारोगा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृत दारोगा की शिनाख्त मनु कुमार के रूप में हुई है। जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर यह घटना घटी है। बताया जा रहा है कि दारोगा मनु कुमार क्राइम मीटिंग में शामिल होने अरवल जिला मुख्यालय बाइक से जा रहे थे तभी एसएच 69 पर सुखी बीघा गांव के समीप तेल टैंकर से बाइक की टक्कर हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने दारोगा को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने के कारण सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें पटना एम्स रेफर कर दिया। एम्स में इलाज के दौरान मनु कुमार की मौत हो गई।

### बिजली विभाग का जेई समेत छह गिरफ्तार

**बक्सर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले की ब्रह्मपुर पुलिस ने शनिवार रात बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब पार्टी कर रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें बिजली विभाग, ब्रह्मपुर में पदस्थापित कनीय विद्युत अभियंता अमित कुमार राय भी शामिल हैं। पुलिस ने मौके से एक अवैध कंट्रीमेड राइफल, 1 लाख 15 हजार रुपये नकद और विदेशी शराब की एक बोतल बरामद की है। यह जानकारी एसपी शुभम आर्य ने दी।

### तीन शातिर साइबर अपराधी धराये

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। इन पर देश के 9 राज्यों में ऑनलाइन लोन के नाम पर एक करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का आरोप है। गिरफ्तारी राजधानी के बेऊर थाना क्षेत्र स्थित शिवनगर इलाके से हुई। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी नवादा जिले के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड गुलशन कुमार है, जो पूरे ऑपरेशन को संचालित करता था। उसके साथ दो अन्य सहयोगी भी इस ठगी के धंधे में शामिल थे। मौके से पुलिस ने 11 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप भी बरामद किया है, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जाता था।

### दिल्ली पहुंचे बिहार के मुख्यमंत्री, आज राज्यसभा में लेंगे शपथ

# बिहार में बहुत काम किया, अब दिल्ली में रहेंगे : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंच गए हैं। राज्यसभा सांसद के रूप में आज शुक्रवार को उनका शपथ ग्रहण होगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन उन्हें संसद में दोपहर सवा 12 बजे शपथ दिलाएंगे। नीतीश ने दिल्ली में मीडिया से बातचीत में संकेत दिए कि राज्यसभा की शपथ लेने के बाद वे 3-4 दिन में बिहार लौटकर सीएम पद छोड़ देंगे। हालांकि, बिहार के नए मुख्यमंत्री को लेकर वे कुछ नहीं बोले। उनके साथ जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और मंत्री विजय चौधरी भी दिल्ली गए। श्री झा ने पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि 13 अप्रैल के बाद बिहार में नई सरकार का




गठन होगा। वहीं, नीतीश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात हो सकती है। दूसरी ओर, नीतीश के बाद बिहार में नए सीएम पर भारतीय जनता पार्टी ने भी शुक्रवार को अहम बैठक बुलाई है। यह मीटिंग दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में होगी, जिसमें डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी समेत अन्य सभी वरीय नेता मौजूद रहने वाले हैं। दिल्ली स्थित आवास पर पत्रकारों ने जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार में नई सरकार और नए सीएम को लेकर सवाल किया तो उन्होंने चुप्पी साध ली। मीडियाकर्मियों ने उनसे पूछा कि क्या अगला मुख्यमंत्री भाजपा से होगा और क्या वह उनकी पसंद से होगा, इस पर नीतीश ने कोई जवाब नहीं दिया। इससे बिहार सरकार में नीतीश के उत्तराधिकारी को लेकर सस्पेंस बरकरार है। दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह कल राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं। यह उन्होंने पहले ही तय कर लिया था। इस बारे में जानकारी दे दी गई थी। बिहार में 20 साल उन्होंने बहुत काम किया। अब वह यहीं यानी दिल्ली में रहेंगे। सीएम ने यह भी संकेत दिए कि 3-4 दिन में दिल्ली से लौटकर वह मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे। दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट हो सकती है। इस मुलाकात में बिहार के मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रम और नई सरकार के गठन को लेकर चर्चा संभव है। हालांकि, अभी तक इस मुलाकात की औपचारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

## पीएम मोदी की हत्या की साजिश का दावा, तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र की हत्या की साजिश रचे जाने का मामला सामने आया है। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सिमरी थाना क्षेत्र में छापेमारी कर एक युवक को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने सिमरी के आशा पड़री निवासी अमन तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार किया। बक्सर एसपी शुभम आर्य के अनुसार आरोपी प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रच रहा था और इसके लिए उसने विदेशी एजेंसी से संपर्क साधा था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआइए को प्रस्ताव भेजते हुए इस साजिश के बदले बड़ी रकम की मांग की थी। उसने कथित तौर पर इस काम को अंजाम देने के लिए 22 दिनों का समय भी मांगा था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के घर से लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। इन उपकरणों की जांच की जा रही है, ताकि



साजिश से जुड़े और सबूत जुटाए जा सकें। मुख्य आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। तीनों से लगातार पूछताछ की जा रही है, जिससे इस पूरे नेटवर्क और मंशा का खुलासा हो सके। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एसपी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर अन्य संभावित कड़ियों की तलाश की जा रही है ताकि साजिश के हर पहलू को उजागर किया जा सके।

## बिहार विधान परिषद के उपचुनाव को लेकर तारीख का ऐलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधान परिषद् की एक सीट पर उपचुनाव का शिड्यूल जारी कर दिया गया है। भोजपुर-सह-बक्सर विधान परिषद स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र की सीट 16 नवंबर 2025 को खाली हुई थी। इस सीट से विधान परिषद् सदस्य रहे जनता दल यूनाईटेड के नेता राधाचरण सेठ ने इस्तीफा दिया था। तब से यह सीट खाली थी। अब भारत निर्वाचन आयोग की ओर से इस सीट के लिए उपचुनाव की तारीख की घोषणा कर दी गई है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी शिड्यूल के अनुसार, 16 अप्रैल को यानी खरमास बाद इस सीट पर उपचुनाव की अधिसूचना जारी होगी। 23 अप्रैल को नामांकन की अंतिम तिथि जारी है। 24 अप्रैल तक नामांकन पत्रों की जांच होगी। 27 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं। 12 मई को वोटिंग होगी। वहीं 14 मई को काउंटिंग होगा। हालांकि आज से यानी नौ अप्रैल से ही भोजपुर-सह-बक्सर विधान परिषद स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। राधाचरण सेठ के विधायक बनने से खाली हुई भोजपुर-सह-बक्सर विधान परिषद स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र की सीट का कार्यकाल 7 अप्रैल 2028 तक है। मतलब, जो भी चुने जाएंगे- करीब 26 महीने के लिए होंगे। राधाचरण सेठ के इस्तीफा से खाली हुई विधान परिषद् की सीट पर उपचुनाव की घोषणा कर दी गई है। यह सीट जदयू के कोटे में है। इसलिए जदयू इस पर अपना उम्मीदवार उतारेगी।

## सीएम चयन पर एनडीए में कोई मतभेद नहीं : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बिहार में अगले मुख्यमंत्री को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के भीतर किसी प्रकार का मतभेद नहीं है। पूरी प्रक्रिया तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई मतभेद नहीं है। सब कुछ तय कार्यक्रम के अनुसार चल रहा है। नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा गठबंधन धर्म का पालन करती आई है और इसी कारण सहयोगी दल उस पर भरोसा करते हैं। सभी फैसले नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लिए जा रहे हैं। बंगाल, असम समेत अन्य राज्यों में चुनाव में प्रदर्शन के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सभी राज्यों में होने वाले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी। तीन-भाषा फॉर्मूला पर उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य को आशंकित होने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप हम राष्ट्रवाद को बढ़ावा दे रहे हैं, लेकिन क्षेत्रीय पहचान का भी सम्मान करते हैं। हमारी प्राथमिकता सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाना है। विपक्ष को लेकर नितिन नवीन ने कहा कि जमीन पर एनडीए के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं है। उन्होंने राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका प्रभाव कमजोर पड़ चुका है। जनता उनके बारे में जान चुकी है। इसलिए उन्हें नकार दिया है। वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी और

### भाजपा के पास होगी बिहार की कमान : विजय चौधरी





जेडीयू के बड़े नेता विजय कुमार चौधरी ने पहली बार खुलकर कह दिया है कि अब आगे की कमान भाजपा ही संभालेगी। उनका यह बयान इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि अब तक किसी बड़े नेता ने यह साफ नहीं कहा था कि अगला मुख्यमंत्री किस पार्टी से होगा। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद से ही यह चर्चा चल रही थी कि बिहार में बीजेपी का मुख्यमंत्री बन सकता है। लेकिन अब तक इस पर कोई साफ बयान नहीं आया था। इसी बीच जेडीयू के कुछ नेता नीतीश के बेटे निशांत कुमार का नाम भी आगे बढ़ा रहे थे। विजय चौधरी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार के इस्तीफा देते ही मौजूदा कैबिनेट अपने आप भंग हो जाएगी। इसके बाद नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी है, इसलिए वही नेतृत्व करेगी और फैसला भी उसी का होगा।

## काम पर नहीं लौटने वाले सीओ की नौकरी पर ब्रेक : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में हड़ताल पर गए अंचल अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार संवाद की प्रक्रिया जारी है। उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अब तक उनके प्रतिनिधियों से छह बार वार्ता कर उनकी समस्याओं को समझने और समाधान निकालने का प्रयास किया गया है। उनके और प्रधान सचिव श्री सीके अनिल के द्वारा समाधान के लगातार प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि अंचल अधिकारी और राजस्व अधिकारी राजस्व विभाग के परिवार का अभिन्न अंग हैं और उनकी परेशानी दूर करना पहली प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से बुधवार



को रात नौ बजे तक विभागीय कार्यालय कक्ष में बैठकर प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत वार्ता की गई। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार उनकी जायज़ मांगों पर गंभीरता से विचार करने को तैयार है, लेकिन जो मांगें विभागीय या नीतिगत कारणों से पूरी नहीं की जा सकतीं, उन पर अडिग रहना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्णय की आड़ में गलत कार्य करने का अधिकार किसी को नहीं है और सभी कार्रवाई नियमों के अनुसार ही संभव है। विजय सिन्हा ने कहा कि कुछ लोग दबाव की राजनीति कर रहे हैं, जो समाधान का रास्ता नहीं है। जनता की आंखों से बहता आंसू खुशी प्रदान नहीं कर सकता। राज्य में सत्ता परिवर्तन का इंतजार करना भारी पड़ेगा। सरकार पहले भी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की थी, आज भी एनडीए की है और आगे भी एनडीए की ही रहेगी। उन्होंने कहा कि अभी भी 589 राजस्व सेवा के अधिकारी कार्यरत हैं। ऐसे जो अधिकारी काम कर रहे हैं उनके प्रति सरकार की पूरी सहानुभूति है। ऐसे ही अधिकारियों के काम से इस अवधि में भी जनता का काम हो रहा है। आज तक दाखिल-खारिज के 23449, परिमार्जन के 96469 और ई मापी के 14220 मामलों का निष्पादन किया गया है। उन्होंने हड़ताली अधिकारियों से अपील की कि वे संवाद की प्रक्रिया में सकारात्मक भागीदारी करें ताकि आम जनता से जुड़े राजस्व कार्यों का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अंतिम समय देते हुए कहा कि शुक्रवार की शाम तक काम पर वापस लौट आनेवालों की नौकरी ब्रेक नहीं होगी और पदोन्नति की संभावना बनी रहेगी लेकिन जो नहीं लौटेंगे उनके लिए सहानुभूति और पदोन्नति की उम्मीद समाप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो आमजनों की समस्या के समाधान के उद्देश्य से सरकार नई बहाली का रास्ता अख्तियार करेगी।

## भ्रष्ट 'इंस्पेक्टर' की संपत्ति जब्त करने का आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार एक्शन जारी है। निगरानी की स्पेशल कोर्ट ने बिहार के एक भ्रष्ट इंस्पेक्टर की संपत्ति जब्त करने का आदेश जारी कर दिया है। निगरानी कोर्ट ने भ्रष्ट इंस्पेक्टर के खिलाफ दर्ज डीए केस में जब्त करने का फैसला सुनाया है। दरअसल, निगरानी ने सारण के सोनपुर थाना में तैनात पुलिस निरीक्षक राजीव नयन कुमार सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में 26 दिसंबर 2016 को केस दर्ज किया था। जांच के बाद इस मामले में आरोप पत्र दायर किया गया। इसके बाद निगरानी ने तत्कालीन इंस्पेक्टर राजीव नयन कुमार सिंह आय से अधिक 16,44,158 रूपए की अचल संपत्ति जब्त करने के लिए आवेदन कोर्ट में आवेदन दिया। बिहार सरकार की ओर से निगरानी के विशेष लोक अभियोजक राजेश कुमार ने प्रभावी तरीके से पैरवी की और आरोपी के आय से अधिक अर्जित 16,44,158 रूपये की सम्पत्ति को बिहार राज्य के पक्ष में जब्त करवाने में सफलता हासिल की। 9 अप्रैल को निगरानी की कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए तत्कालीन इंस्पेक्टर राजीव नयन कुमार सिंह की आय से अधिक 16,44,158 रूपये की अचल संपत्ति बिहार सरकार के पक्ष में जब्त करने का आदेश दिया।

CMYK

# खराब सड़क-पुल पर ठेकेदारों की खैर नहीं, 82 अधिकारियों की टीम करेगी जांच

## निरीक्षण में दोषी पाए जाने वाले ठेकेदारों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित और निर्माणाधीन ग्रामीण सड़कों तथा पुलों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं विभागीय कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता लाने के लिए ग्रामीण कार्य विभाग ने सख्त कदम उठाये हैं। विभाग के विभिन्न कार्य प्रमंडलों में चल रही योजनाओं की जमीनी हकीकत की जांच करने के लिए 11 अप्रैल तक पूरे राज्य में निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को धरातल पर उतारने के लिए अभियंता प्रमुख जयकिशोर ठाकुर के निर्देश पर राज्यभर में कुल 82 वरिष्ठ जांच पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ये सभी नामित पदाधिकारी अपने आवंटित प्रमंडलों में जाकर मौके पर भौतिक सत्यापन करेंगे और निर्धारित चेकलिस्ट के आधार पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपेंगे। इस तीन दिवसीय निरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य केवल निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति देखना नहीं है, बल्कि गुणवत्ता नियंत्रण के तकनीकी पहलू की सूक्ष्मता से जांच करना है। जांच अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्माण स्थल पर गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की स्थापना, आवश्यक गुणवत्ता रजिस्टरों की साइट पर उपलब्धता और गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्टों की कड़ाई से जांच करें। इसके साथ ही निविदा प्रक्रिया से लेकर एकरारनामा, बीमा की स्थिति, परफॉरमेंस सिक्यूरिटी और मौके पर मानव संसाधन तथा उपकरणों की स्थिति को इस विस्तृत चेकलिस्ट के दायरे में रखा गया है। निरीक्षण के दौरान 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप के माध्यम से आम जनता द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के निवारण की अद्यतन स्थिति की भी विशेष रूप से समीक्षा की जाएगी, ताकि जन-समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। विभागीय स्तर पर इस बार उन योजनाओं और ग्रामीण सड़कों पर विशेष नजर रखी जा रही है जहां 15 प्रतिशत से कम दर पर निविदाएं स्वीकृत हुई हैं। ऐसे सभी ग्रामीण सड़कों का जियोटैग की गई तस्वीरों के साथ अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसी दौरान अधिकारियों द्वारा पर्ट चार्ट, मिट्टी कटाई स्थल, खनन चालान, बिटुमेन चालान और उपकरणों की मौके पर जाकर जांच की जाएगी। इसके अलावा डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड से बाहर हो चुकी ग्रामीण सड़कों की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी। यदि निरीक्षण में किसी ग्रामीण सड़क की स्थिति खराब पाई जाती है तो संबंधित ठेकेदारों को सात दिनों के भीतर आवश्यक सुधार करने का सख्त निर्देश दिया जाएगा। यदि इस अवधि में त्रुटि का निवारण नहीं होता है तो ठेकेदार के जोखिम और लागत पर अनुबंध को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए अत्यंत कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीण कार्य विभाग का यह कड़ा रुख इस बात का प्रमाण है कि विभाग ग्रामीण जनता की सुलभता हेतु टिकाऊ बारहमासी सड़कें सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से संकल्पित है।

# सरकारी भवनों को आग से सुरक्षित बनाने की तैयारी तेज

## आधुनिक अग्नि उपकरणों की जांच, इलेक्ट्रिकल कार्यों पर भी सख्त निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भवन निर्माण विभाग बढ़ती गर्मी और अग्नि दुर्घटनाओं की आशंकाओं को देखते हुए पूरी तरह सतर्क मोड में है। विभाग ने कार्यपालक अभियंताओं को राज्य के सभी महत्वपूर्ण एवं सरकारी भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों को कड़ाई से लागू करने और उनके नियमित निरीक्षण का सख्त निर्देश दिया है। भवनों में अग्नि सुरक्षा हेतु अधिष्ठापित आधुनिक उपकरणों, सामग्रियों की अग्नि वहन क्षमता सहित कई स्तरों पर जांच की जा रही है। भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने कहा कि अग्नि सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग और मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। सभी कार्यपालक अभियंताओं को सुरक्षा प्रावधानों के संबंध में विभिन्न भवनों का नियमित निरीक्षण करने के लिए निदेश दिया गया है। विभाग की ओर से सरकारी भवनों को अग्नि दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखने के लिए व्यापक स्तर पर अग्निशमन यंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। मुख्य सचिवालय, विकास भवन, सूचना भवन सहित अन्य भवनों में अग्निशमन प्रणाली का अधिष्ठापन कार्य किया जा रहा है। मुख्य सचिवालय परिसर में अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे कर लिए गए हैं। यहां भूमिगत टैंक, पंप हाउस, आउटर रिंग पाइपलाइन और आउटर हाइड्रेंट का काम पूर्ण हो चुका है। इसके अलावा भवन के भूतल और प्रथम तल के कॉरिडोर में स्मोक डिटेक्टर और (पीए) सिस्टम के तहत स्पीकर भी लगाए जा चुके हैं। फायर एक्सटिंग्विशर की स्थापना का कार्य भी पूरा कर लिया गया है जबकि इंटर्नल हाइड्रेंट, फायर अलार्म, स्पीकर (पीए सिस्टम) और कमरों के भीतर स्मोक डिटेक्टर लगाने का कार्य प्रगति पर है। विकास भवन में भी अग्निशमन अधिष्ठापन को लेकर कार्य किए जा रहे हैं। यहां पंप हाउस का सिविल और मैकेनिकल कार्य पूरा हो चुका है। बाहरी हाइड्रेंट और आउटर रिंग लाइन की टेस्टिंग भी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। भवन के अंदर इंटर्नल हाइड्रेंट, होस रील, होस बॉक्स और प्रेशर गॉज की स्थापना पूरी हो चुकी है। इसके साथ ही फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर, फायर स्प्रिंकलर और पीए सिस्टम का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। फायर एक्सटिंग्विशर भी यहां स्थापित किए जा चुके हैं। सचिव ने कहा कि इन भवनों में सभी कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। विभाग की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी सरकारी भवन अग्नि सुरक्षा के उच्चतम मानकों से सुसज्जित हों। साथ ही नियमित रूप से भवनों में लगे अग्नि उपकरणों की जांच भी सुनिश्चित हो रही है। भवनों में इलेक्ट्रिकल वर्क की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक उड़नदस्ता टीम भी गठित की गई है।

# गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए 18 नये पावर सब स्टेशन का हो रहा निर्माण

## मई-जून के महीने में भीषण गर्मी पड़ने पर पीक लोड पर रहते हैं ट्रांसफॉर्मर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग की तरफ से नया मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। जिसके तहत शहर में रोजाना बिजली की खपत 1000 मेगावाट से पार जाने पर भी शहरवासियों को बिजली ट्रिपिंग व ब्रेकडाउन की समस्या का सामना नहीं करना होगा। राजधानी में इस बार गर्मियों में तीन महीने के अंदर 18 नये पावर सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। जिससे मई-जून के महीने में भीषण गर्मी पड़ने पर भी लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जायेगी। इस विषय पर अधिक जानकारी देते हुए पेसू जीएम दिलीप सिंह ने कहा कि शहर में हर साल बढ़ते बिजली लोड के देखते हुए आरडीएसएस के तहत रखरखाव का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है।

**18 जगहों पर पावर सब स्टेशन का निर्माण अंतिम चरण में**

पेसू जीएम दिलीप सिंह ने कहा कि राजधानी में 18 जगहों पर नया पावर सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें रानीपुर, नंदलाल छपरा, कोथवां, डीपीएस मोड़, विद्युत भवन एमएलए फ्लैट के पास, बहादुरपुर, आनंद बाजार, दानापुर प्रखंड कार्यालय के पास, पहाड़ी, भगवतीपुर, नौसा, बैरिया सहित अन्य जगहों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। उम्मीद है कि बीते दो-तीन महीनों में सभी पीएसएस को चार्ज कर शुरू कर दिया जायेगा। बता दें कि 18 जगहों पर निर्माण हो रहे इन पीएसएस में 10-10 एमवीए का दो पावर ट्रांसफॉर्मर लगाया जायेगा। जिससे राजधानी के पेसू क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की सप्लाई 360 एमवीए तक बढ़ जायेगी। फिलहाल पटना में 84 पावर सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जा रही है। वहीं इस बार अनुमान है कि राजधानी में बिजली की खपत 1000 मेगावाट के पार जा सकती है। जिसके लिए प्रोजेक्ट के तहत सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिर के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीण स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा प्रखंड स्तर पर मासिक समन्वयात्मक समीक्षा बैठक आयोजित करने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी, समस्याओं की पहचान और सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करना है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में संचालित 14,600 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के बेहतर संचालन हेतु प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने की योजना है जिसमें सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एवं एएनएम की उपस्थिति अनिवार्य होगी। बैठक में 'समग्र रैंकिंग संकेतकों' के आधार पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर के प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल एवं स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के तहत बाह्य रोगी सेवाएं, टेली-परामर्श, वेलनेस गतिविधियां, दवा एवं जांच की उपलब्धता तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मानकों का आकलन किया जाएगा।

# मुजफ्फरपुर में 85.03 करोड़ की लागत से ओसम डेयरी लगाएगी इकाई

## दो सौ से अधिक रोजगार होंगे सृजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से गति पकड़ रहा है जहां नए निवेश सीधे तौर पर बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों में परिवर्तित हो रहे हैं। उद्योग विभाग के मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देशानुसार परियोजना स्वीकृति समिति के हालिया निर्णय इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बिहार के कृषि-आधारित औद्योगिक क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ओसम डेयरी (एचआर फूड प्रोसेसिंग प्रा. लि.) मुजफ्फरपुर में 85.03 करोड़ के निवेश से एक आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण इकाई स्थापित करेगी। इस परियोजना से करीब 227 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। परियोजना को प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है तथा बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार द्वारा मोतीपुर क्लस्टर के डुमरिया औद्योगिक क्षेत्र में 7.14 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। प्रस्तावित इकाई में दूध, दही, पनीर, लस्सी, मक्खन, घी, फ्लेवर्ड मिल्क तथा दूध से बने मिठाई उत्पादों का निर्माण किया जाएगा। यह पहल डेयरी क्षेत्र में वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा राज्य सरकार कृषि-आधारित एवं फूड प्रोसेसिंग उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो रोजगार सृजन के साथ-साथ किसानों से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करते हैं। यह परियोजना डेयरी वैल्यू चेन को सुदृढ़ करने और बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा सुदृढ़ बुनियादी ढांचे और समयबद्ध स्वीकृतियों के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहित कर रहा है। इस इकाई की स्थापना बिहार के फूड प्रोसेसिंग उद्योग के लिए एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने का प्रमाण है। यह परियोजना स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर सृजित करने तथा वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं वैल्यू एडिशन के माध्यम से फसलोपरांत क्षति को कम करने में सहायक होगी। यह पहल राज्य सरकार के सतत एवं समावेशी औद्योगिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है जो बिहार की मजबूत कृषि आधारशिला का प्रभावी उपयोग करने पर केंद्रित है।

# अमर शहीद मंगल पाण्डेय बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** दारोगा राय स्थित कृष्ण चेतना परिषद में अमर शहीद मंगल पाण्डेय -बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजक अमर शहीद मंगल पाण्डेय समाज सेवा आश्रम रहा जिसकी अगुवाई संस्था के अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और वन्दे मातरम से हुई। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा मुख्यातिथि के रूप में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सच्चे सपूत एवं प्रथम क्रांतिकारी थे। श्रम मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि मंगल पाण्डेय ने बदलाव की आधारशिला रखी। उनके कदमों से देश में क्रांति की राह बनी। अध्यक्षीय उद्बोधन में शिवाकांत तिवारी ने 1857के विद्रोह से जुड़े प्रसंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर निशा मदन झा, राजेश कुमार सिंह, रविकांत मिश्रा, प्रो. मिथिलेश कुमार तिवारी, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद चन्द्रवंशी, विद्या भूषण अवस्थी, डॉ निखिल आनंद आदि वक्ताओं ने भी मंगल पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। आगत अतिथियों का स्वागत डॉ मिथिलेश कुमार तिवारी, मंच का संचालन डॉ मुकेश कुमार ओझा एवं धन्यवाद ज्ञापन राम नरेश महतो ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी मनीष झा, वैदिक उमेश झा, पवन शास्त्री, भास्कर तिवारी, पूनम सिन्हा, आनंद पाण्डेय, अतुल तिवारी, जुही झा, जितेन्द्र तिवारी, अनिता सिंह, बबीता पाण्डेय, ददन द्विवेदी, ध्रुव सिंह, संतोष दूबे, सभापति राय, रुपल आनंद, कल्याणी देवी, शमशेर बहादुर सिंह, दिलीप मिश्रा सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिहार में 'नीली-श्वेत क्रांति' को नई उड़ान, पटना में खुलेगा एनएफडीबी दफ्तर

## केंद्र-राज्य समन्वय से डेयरी, मत्स्य एवं पशुपालन क्षेत्र में विकास को मिलेगी नई दिशा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** पटना में जल्द ही राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी), हैदराबाद का क्षेत्रीय कार्यालय खुलने जा रहा है। यह निर्णय नई दिल्ली के कृषि भवन में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया है। माना जा रहा है कि इस क्षेत्रीय कार्यालय से राज्य में मछली पालन और डेयरी विकास को नई गति मिलेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि पटना में जब तक इस क्षेत्रीय कार्यालय के लिए भवन चिह्नित नहीं हो जाता है तब तक मीठापुर स्थित मत्स्य भवन से इसका संचालन किया जाएगा। इसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, पीएम मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना और मत्स्य पालन एवं एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के सुचारू संचालन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य बिहार में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास की समीक्षा करना तथा केंद्रीय योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना था। बैठक में बिहार के डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने भाग लिया और राज्य में इन क्षेत्रों में हो रही प्रगति का विवरण साझा किया। बैठक के बाद विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने राज्य में मछली पालन और डेयरी विकास के लिए भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने मत्स्य पालन विभाग के सचिव डॉ. अभिलक्ष लेखी, संयुक्त सचिव सागर मेहरा, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सचिव नरेश पाल गंगवार, अपर सचिव वर्षा जोशी, संयुक्त सचिव राम शंकर सिन्हा तथा एनएफडीबी के मुख्य कार्यकारी डॉ. विजय कुमार बेहरा से मुलाकात की है। राज्य में डेयरी और पशुपालन के क्षेत्र में जारी परियोजनाओं की प्रगति, मत्स्य पालन क्षेत्र में बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण, आगामी योजनाओं में गुणोत्तर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने जैसे प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा हुई। केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से बिहार में नीली क्रांति और श्वेत क्रांति को एक नई ऊंचाई मिलेगी जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

# खड़गे के खिलाफ अभद्र भाषा के विरोध में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन, पुतला दहन

## असम के मुख्यमंत्री तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी मांगे : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विरुद्ध इस्तेमाल की गई अभद्र और आपत्तिजनक भाषा के विरोध में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम, गेट के सामने में बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेसजनों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा का पुतला दहन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे साहब देश के एक वरिष्ठ, सम्मानित और लोकप्रिय दलित नेता हैं। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है। ऐसे वरिष्ठ नेता के विरुद्ध असम के मुख्यमंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई घटिया और अभद्र भाषा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि खड़गे साहब का अपमान केवल एक व्यक्ति का अपमान नहीं है, बल्कि देश के अनुसूचित जाति-जनजाति समाज के करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है। कांग्रेस पार्टी इस तरह की मानसिकता और भाषा की कड़ी निंदा करती है तथा मांग करती है कि असम के मुख्यमंत्री तत्काल सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

# एनएसयूआई छात्रों के लिए लड़ाई और पढ़ाई के लिए जानी जाती है : जयशंकर प्रसाद यादव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छात्र इकाई एनएसयूआई की स्थापना दिवस पर प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में एनएसयूआई का ध्वजारोहण करके स्थापना दिवस मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रदेश कांग्रेस के नेता और एनएसयूआई के पदाधिकारी ने कहा कि देशभर के छात्रों की आवाज सदैव एनएसयूआई उठाती रहेगी। एनएसयूआई के बिहार के प्रदेश अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों की लड़ाई लड़ती रहेगी जिस तरह पटना विश्वविद्यालय में एनएसयूआई ने अपना परचम लहराया है आगे आने वाले दिनों में बिहार के तमाम विश्वविद्यालय में एनएसयूआई जीत का परचम लहराएगी। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम, मीडिया के चेयरमैन राजेश राठौर, पटना महानगर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार आशीष, एनएसयूआई के पटना विश्वविद्यालय के पूर्व प्रत्याशी मनोरंजन कुमार राजा, विशाल यादव, पूनम यादव, ब्रजेश, शिवम, विपिन, निशांत यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

# कौशल विकास ही उज्ज्वल भविष्य की कुंजी : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** जंदाहा प्रखंड के प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा है कि वर्तमान समय में युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कौशल विकास अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब केवल शैक्षणिक डिग्री के आधार पर सफलता पाना संभव नहीं है, बल्कि तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक प्रशिक्षण ही रोजगार का मजबूत आधार बन चुका है। डॉ. झा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र में क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल स्किल तथा रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिससे वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ सही तरीके से युवाओं तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने इस वर्ष मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट उत्तीर्ण कर चुके छात्रों से विशेष अपील की है कि वे संस्थान में आकर अपना नामांकन कराएं और शीघ्र ही प्रशिक्षण प्रारंभ करें, ताकि समय रहते अपने करियर को सही दिशा दे सकें। डॉ. झा ने आगे बताया कि संस्थान द्वारा समय-समय पर नए प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार एवं जागरूकता अभियान आयोजित किए जाते हैं जिससे अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को कौशल आधारित शिक्षा की ओर प्रेरित करें। अंत में उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है जिससे हर युवा आत्मनिर्भर और सशक्त बन सके।

# 'एक विवाह ऐसा भी' का 14वां संस्करण 21 जून को

## जरूरतमंद जोड़ों के लिए निःशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति, पटना एवं मां ब्लड सेंटर, पटना के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक सरोकार की प्रेरणादायक पहल 'एक विवाह ऐसा भी' का 14वां संस्करण रविवार आगामी 21 जून 2026 को पटना में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संयोजक कन्हैया अग्रवाल कन्नू ने बताया कि यह आयोजन विशेष रूप से उन जरूरतमंद जोड़ों के लिए है जिनका विवाह तय हो चुका है, लेकिन आर्थिक तंगी या उपयुक्त स्थान के अभाव में वे विवाह सम्पन्न नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे जोड़े अपने स्तर से प्रारंभिक वैदिक अथवा पारंपरिक विधियां पूरी करने के बाद निर्धारित तिथि को आयोजन स्थल पर उपस्थित होंगे। आयोजन के दिन वर पक्ष से 12 एवं वधू पक्ष से 12 सदस्य शामिल होंगे जहां बारात सहित शेष सभी वैवाहिक रस्मों का विधिवत एवं सम्मानजनक आयोजन समिति द्वारा कराया जाएगा। इस पुनीत कार्य के लिए किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इच्छुक जोड़ों को पहले निःशुल्क पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा तथा आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही उनका चयन किया जाएगा। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि विवाह की पात्रता हेतु वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा वधू की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। समिति ने अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। इच्छुक व्यक्ति पंजीकरण हेतु मोबाइल सं. 9931158774, 9835093400, 9334105017, 9204719554 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# जैन धर्मावलम्बियों ने मनाया विश्व णमोकार दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व णमोकार दिवस के अवसर पर पटना के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित मीठापुर, कमलदह, काली बीबी का कटरा, गुरारा दिगम्बर सहित सभी दिगम्बर जैन मन्दिरों में णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। एम पी जैन ने बताया कि विश्व णमोकार दिवस प्रतिवर्ष 9 अप्रैल को मनाया जाता है, यह जैन धर्म के सबसे पवित्र और मूल मंत्र - 'णमोकार महामंत्र' के सम्मान में समर्पित है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर में शांति, अहिंसा और आत्मशुद्धि का संदेश फैलाना है जिसमें सामूहिक रूप से णमोकार मंत्र का जाप किया जाता है। इसका उद्देश्य वर्तमान अशांत परिस्थितियों में विश्व शांति, सद्भाव, करुणा और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करना है।

# सीआईआई के साथ करार से बिहार का डेयरी उद्योग पकड़ेगा रफ्तार

## 24,248 गांवों में डेयरी सोसाइटी, 8,053 पंचायतों में खुलेंगे 'सुधा केंद्र'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से अब बिहार के डेयरी उद्योग को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। बिहार सरकार के मत्स्य, डेयरी एवं पशु संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाले डेयरी निदेशालय ने सीआईआई के साथ एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) किया है। इसके साथ ही डेयरी ट्रांसफॉर्मेशन प्रोजेक्ट के तहत डेयरी निदेशालय और सीआईआई के बीच 'प्रोजेक्ट इम्प्लीमेंटेशन पार्टनरशिप' की औपचारिक शुरुआत गुरुवार को हुई। इसको लेकर विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मत्स्य, डेयरी एवं पशु संसाधन मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा कि डेयरी निदेशालय और सीआईआई के बीच यह रणनीतिक साझेदारी बिहार के डेयरी विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री के 'सात निश्चय' के तहत बिहार डेयरी परिवर्तन पहल को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि इसका लक्ष्य टिकाऊ डेयरी फार्मिंग को बढ़ावा देना और बाजार आधारित विकास को सुनिश्चित करना है, ताकि किसानों की आय में वास्तविक बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं जिससे बिहार में बने दूध के उत्पाद दुनिया भर के बाजारों में अपनी जगह बना सके। साथ ही दूध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित कर बिहार को डेयरी क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे बिहार के डेयरी उद्योग को वैश्विक पहचान मिलेगी और किसानों की आय दोगुनी होगी।

**किसानों की आय होगी दोगुनी**

इस मौके पर विभाग के सचिव शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि 'सात निश्चय-3' के तहत डेयरी और मत्स्य पालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य के 24,248 गांवों में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी बनाई जाएगी और 8,053 पंचायतों में 'सुधा केंद्र' स्थापित किए जाएंगे।

# रोहतास में गार्डासिल वैक्सिनेशन की धीमी प्रगति पर सिविल सर्जन सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** रोहतास जिले में गार्डासिल वैक्सीन की उपलब्धि की धीमी प्रगति को लेकर सिविल सर्जन मणीराज रंजन की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक ने भाग लिया जबकि प्रखंड सामुदायिक प्रबंधक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। वीडियो कांफ्रेंसिंग के दौरान सिविल सर्जन ने राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक द्वारा दिए गए निर्देशों को साझा करते हुए बताया कि जिले में गार्डासिल वैक्सीन की उपलब्धि मात्र 4.5 प्रतिशत है जो निर्धारित लक्ष्य से काफी कम है। इस पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर इसमें सुधार सुनिश्चित किया जाए अन्यथा संबंधित कर्मियों का वेतन बंद कर दिया जाएगा।

बैठक में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही इंजरी (चोट) रिपोर्ट को ऑनलाइन दर्ज नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बताया गया कि सासाराम, नासरीगंज और काराकाट को छोड़कर अन्य किसी भी स्वास्थ्य संस्थान से यह कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। इसके अलावा भाव्या कार्यक्रम की राज्य स्तरीय रैंकिंग में हो रही गिरावट पर भी सिविल सर्जन ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसमें जल्द सुधार लाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अजय कुमार सिंह, कार्यकारी अधीक्षक डॉ. अशीत रंजन सहित सभी चिकित्सा पदाधिकारी प्रभारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक उपस्थित रहे।

## बाइक-पिकअप टक्कर में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के अधौरा-भभुआ मार्ग पर दिघार नदी के पास हुए एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दिघार निवासी मोती यादव (पिता लालधारी यादव) के रूप में हुई है जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल है। मृतक के मामा और सामाजिक कार्यकर्ता बहादुर यादव ने बताया कि मोती अपने साथी शिवदास (पिता वशिष्ठ यादव) के साथ बाइक से दिघार से अपने ससुराल दहार जा रहे थे। दिघार नदी के पास एक तीव्र मोड़ पर सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

### अवैध गौ-तस्करी का गंभीर आरोप लगाया

हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायलों को भभुआ सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद मोती यादव को मृत घोषित कर दिया।

# डीआरएम उदय सिंह मीना ने किया सासाराम स्टेशन का निरीक्षण

## संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने सासाराम स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में संरक्षा, परिचालन व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं का समग्र अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में डीएफसीसी तथा भारतीय रेल के ट्रैक के बीच सासाराम में स्थित प्वाइंट्स एवं उनके इंटरफेस व वहां ट्रैक की स्थिति की समीक्षा की गई। यह व्यवस्था रेल परिचालन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसके माध्यम से विभिन्न नेटवर्क के बीच ट्रेनों की आवाजाही सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होती है। डीआरएम ने सिग्नलिंग एवं प्वाइंट्स की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए संरक्षा मानकों के कठोर अनुपालन पर बल दिया। इसके अतिरिक्त स्टेशन के प्रतीक्षालय का निरीक्षण कर स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। यात्रियों को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए। रिले कक्ष का भी निरीक्षण किया गया जहां सिग्नलिंग प्रणाली से संबंधित उपकरणों की कार्यक्षमता एवं रखरखाव की समीक्षा की गई। यह कक्ष ट्रेनों के सुरक्षित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डीआरएम ने उपकरणों के नियमित परीक्षण एवं उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। स्टेशन प्रबंधक कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों की समीक्षा की गई। डीआरएम ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समन्वय एवं दक्षता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। यह निरीक्षण निरंतर संरक्षित एवं सुचारु रेल संचालन सुनिश्चित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

# कैमूर में एलपीजी आपूर्ति सामान्य,19 एजेंसियां कर रहीं वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से होम डिलीवरी के माध्यम से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई किल्लत नहीं है और आपूर्ति श्रृंखला पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिले में एचपीसीएल, बीपीसीएल और आईओसीएल की कुल 19 एजेंसियां सक्रिय हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार 9 अप्रैल तक जिले में 6090 सिलेंडर उपलब्ध थे जिनमें से 3185 वितरित किए जा चुके हैं। लंबित 20,998 बुकिंग को अगले दो से तीन दिनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है। उपभोक्ताओं की सहायता के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। अब तक प्राप्त 493 शिकायतों में से 419 का त्वरित निष्पादन किया जा चुका है जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में 235 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और गैस एजेंसियों की सघन जांच की गई है। इस अभियान के तहत रामपुर प्रखंड में अवैध गैस कारोबार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर 09 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के अंतराल पर ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर डिलीवरी दी जा रही है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या के लिए सीधे नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# कोचस पैक्स चुनाव: अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में, 26 सदस्यों ने भरा पर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस (रोहतास)।** कृषि साख समिति (पैक्स) चुनाव के तहत नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया है जबकि विभिन्न वार्डों से 26 सदस्यों ने भी नामांकन पत्र जमा किया है। नामांकन के दौरान प्रखंड मुख्यालय परिसर में दिनभर उत्साह और गहमागहमी का माहौल बना रहा। नगर पैक्स कोचस से अध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र दुबे, सुनील कुमार दुबे एवं राकेश कुमार ने नामांकन किया। वहीं कोचस पैक्स-2 से अध्यक्ष पद के लिए संतोष कुमार और रामप्रवेश सिंह ने पर्चा दाखिल किया। दोनों पैक्स क्षेत्रों से जुड़े कुल 26 सदस्यों ने भी प्रखंड विकास अधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र जमा किया।

नगर पंचायत पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सुनील दुबे के नामांकन के दौरान समर्थकों का उत्साह चरम पर रहा। संजय पांडे, अशोक राय, छोटू कुशवाहा, पतलू कुशवाहा, कुमार सिंह, रंगली यादव, विनय कुशवाहा, मुन्ना पासवान, विनोद चौबे, छोटू दुबे, पप्पू दुबे, बबलू दुबे, आशिक अंसारी, बीटू कुशवाहा, अंशू चौहान, दिनेश पाठक, मुकुल दुबे, तेज नारायण दुबे सहित सैकड़ों समर्थकों ने जिंदाबाद के नारे लगाए। समर्थकों ने अपने प्रत्याशी को माला पहनाकर स्वागत किया और उनके समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। समर्थकों का कहना था कि सुनील दुबे एक ईमानदार, कर्मठ एवं किसानों के हित में काम करने वाले प्रत्याशी हैं, जिनकी जीत निश्चित है। प्रखंड विकास अधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी चंद्रभूषण प्रसाद ने बताया कि 10 अप्रैल को स्क्रूटनी के साथ नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद 20 अप्रैल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हाई स्कूल परिसर में मतदान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

# जीएनएसयू की आई टी छात्र शाखा ने की स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स स्टूडेंट ब्रांच ने आई ई ई ई एजुकेशन वीक 2026 के हिस्से के तौर पर अपने चीर प्रतिरक्षित स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम को शुरू करने की घोषणा की है। इस एक हफ्ते के प्रोग्राम का मकसद स्टूडेंट्स और इंजीनियर बनने की चाह रखने वालों के बीच टेक्निकल एक्सपर्टीज, इनोवेशन और मिलकर सीखने को बढ़ावा देना है।

दुनिया भर में जाने-माने इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स के हिस्से के तौर पर जी एन एस यू स्टूडेंट ब्रांच क्रिएटिविटी, रिसर्च और प्रोफेशनल ग्रोथ को बढ़ावा देने वाले एक वाइब्रेंट प्लेटफॉर्म के तौर पर काम करना जारी रखे हुए है। गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय जमुहार की आई ईईई स्टूडेंट ब्रांच एजुकेशन वीक 2026 के तहत 11 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2026 तक एक बड़ा स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम ऑर्गनाइज करने वाली है। इस पहल का मकसद एक्सपर्ट के सेशन और कॉम्पिटिशन के जरिए स्टूडेंट्स को टेक्निकल स्किल्स को बढ़ाना, इनोवेशन को बढ़ावा देना और प्रैक्टिकल अनुभव देना है।

दुनिया भर में जाने-माने इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स के हिस्से के तौर पर स्टूडेंट ब्रांच टेक्निकल एक्सीलेंस और प्रोफेशनल ग्रोथ के कल्चर को बढ़ावा देना है।

# कैमूर में 12 स्वास्थ्य संस्थानों पर 50-50 हजार का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से संचालित और मानकों की अनदेखी करने वाले 12 निजी अस्पतालों व पैथोलॉजी केंद्रों पर बड़ी कार्रवाई की है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त जांच के बाद इन संस्थानों पर क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के नियमों का उल्लंघन करने के लिए 50-50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सिविल सर्जन डॉ. चंदेश्वरी रजक के नेतृत्व में गठित 27 सदस्यीय टीम ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 27 अस्पतालों और पैथोलॉजी केंद्रों की गहन जांच की थी। जांच में पाया गया कि 12 संस्थान बिना वैध पंजीकरण और निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित हो रहे थे। सिविल सर्जन ने सभी संबंधित संचालकों को निर्देश दिया है कि वे पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर अपने अस्पताल बंद कर दें। साथ ही जुर्माने की राशि जिला निबंधन प्राधिकार के नाम से बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करने को कहा गया है। जिला स्वास्थ्य प्रबंधक ऋषिकेश जायसवाल ने बताया कि नियमों के अनुसार बिना पंजीकरण के पहली बार पकड़े जाने पर 50 हजार रुपये, दूसरी बार पर एक लाख रुपये और बार-बार उल्लंघन पर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 24 घंटे के भीतर संस्थान बंद नहीं हुए तो विधि-सम्मत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जुर्माने की जद में आए प्रमुख संस्थानों में मां शारदा हॉस्पिटल (बेलाव-रामपुर), कल्पना हॉस्पिटल (बेलाव-रामपुर), बगैर नामित क्लिनिक (गोड़सरा-रामगढ़), आशीर्वाद हॉस्पिटल (सदर अस्पताल के सामने, भभुआ), उज्ज्वल हॉस्पिटल (उखला मोड़-दुर्गावती), सूर्या हॉस्पिटल (पटेल कॉलेज के सामने, भभुआ), मां शारदा हॉस्पिटल (रामगढ़), जनता हॉस्पिटल (रामगढ़), महिला हॉस्पिटल, साईंनाथ हॉस्पिटल (जी.टी. रोड, मोहनिया), पैथ काइंड लैब कलेक्शन सेंटर और भारत पैथोलॉजी (अनुमंडलीय अस्पताल के पूर्व, मोहनिया) शामिल हैं।

# आर एस के पब्लिक स्कूल के छात्र सौरभ राज ने रचा इतिहास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर (डिहरी) के पूर्व छात्र सौरभ राज ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए भारत सरकार में दूसरी बार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में जीएसटी विभाग में अधिकारी के रूप में कार्यरत सौरभ राज ने वर्ष 2025 के एएसओ परीक्षा में सफलता प्राप्त की है जिसे आमतौर पर 'मिनी आईएएस' के रूप में भी जाना जाता है। सौरभ राज के पिता मनोज कुमार सोनी एवं माता संगीता देवी, तार बंगला (डिहरी) के निवासी हैं। परिवार वर्ष 2002 में बच्चों की बेहतर शिक्षा के उद्देश्य से नासरीगंज (रोहतास) से डिहरी आकर बस गया था। आज बेटे की इस उपलब्धि से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पिता मनोज कुमार सोनी ने भावुक होते हुए बताया कि सौरभ ने आर एस के पब्लिक स्कूल से दसवीं तक की पढ़ाई उस समय पूरी की जब विद्यालय में संसाधनों की कमी थी। उन्होंने कहा कि बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के केवल विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में ही सौरभ ने अपनी बुनियाद मजबूत की। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने सौरभ राज की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि न सिर्फ विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आर एस के पब्लिक स्कूल हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित रहा है और शिक्षकों के मार्गदर्शन व प्रेरणा से ही छात्र ऊंचाइयों तक पहुंचते हैं।

# गोवर्धनपुर में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अकोढ़ीगोला प्रखंड क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव में आयोजित श्री श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के अंतर्गत चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा वाचक डॉ. पुंडरीक शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तृत वर्णन किया। कथा के दौरान उनके दिव्य स्वरूप और अवतार के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। डॉ. पुंडरीक शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य रात्रि के समय हुआ, जो इस बात का प्रतीक है कि जब संसार में अज्ञान और अंधकार बढ़ जाता है तब परमात्मा अपने भक्तों की रक्षा हेतु अवतार लेते हैं। उन्होंने बताया कि अवतार की एक वैज्ञानिक परंपरा है जिसके तहत परमात्मा करुणा वश धरती पर अवतरित होकर जीवों का कल्याण करते हैं। उन्होंने वासुदेव और देवकी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने पूर्व जन्म में भगवान को पुत्र रूप में पाने की कामना की थी जिसके फलस्वरूप उन्हें श्रीकृष्ण के रूप में पुत्र प्राप्त हुए। इससे यह संदेश मिलता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी, मिट्टी खाने तथा वृंदावन की विभिन्न बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया गया जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि भगवान की लीला का श्रवण करने से मनुष्य के भीतर के मल, विक्षेप और आवरण का नाश होता है जिससे आत्मा शुद्ध होकर परमात्मा की ओर अग्रसर होती है। कथा वाचक ने बताया कि भगवान का गोकुल में आगमन इस बात का प्रतीक है कि परमात्मा वहीं निवास करते हैं जहां सदाचार और पवित्रता होती है। दुराचारियों के हृदय में भगवान का वास नहीं होता। कथा श्रवण से व्यक्ति का मन भगवान के चरणों में लीन हो जाता है और जो भगवान का हो जाता है, भगवान भी उसके हो जाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा का रसपान किया। अंत में कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत की कथा केवल सुनने योग्य ही नहीं, बल्कि जीवन में उतारने योग्य भी है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं और उनका स्मरण ही जीवन को धन्य बना देता है।

# कायस्थ विकास परिषद् न्यास ने की शोकसभा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सासाराम कायस्थ विकास परिषद न्यास के अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा के आवास पर नगर पालिका के पूर्व पार्षद, ताराचंडी कमेटी के सदस्य सोनू सिन्हा के आकस्मिक निधन से न्यास के सदस्यों ने गहरी शोक प्रकट की और उनकी आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। न्यास के पूर्व अध्यक्ष अश्विनी कुमार सिन्हा, अध्यक्ष मनोज सिन्हा, महासचिव अजय सिन्हा, कार्यकारिणी अध्यक्ष राकेश चंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद श्रीवास्तव, अंजनी कुमार, गौरव सिन्हा, विजय सिन्हा, रत्नेश्वर प्रसाद, आलोक कुमार गोल्डी आदि शामिल हुए।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित **PR संख्या–376076 (Building) 25-26 (D)** एवं आमंत्रण सूचना सं0–**(29/2025-26/EE/BCD/LATEHAR)** द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा **(क्र0सं0–01 से 05 तक)** सभी योजनाओं को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 377033 Building(26-27)#D



**Government of Jharkhand**
**Rural Works Department**
**JHARKHAND STATE RURAL ROADS DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
**3rd Floor, F.F.P. Building, Dhurwa, Ranchi 834004**

**NOTICE INVITING TENDERS**
**(National Competitive Bidding Through e-Procurement)**
**Re- eTender No.- 03/ 2026-27-433(Encl)** **Ranchi, Dated: 08.04.2026**
**PR No- 364457 dated 18.10.2025**

The undersigned on behalf of Government of Jharkhand invites item rate bids through e-Procurement from the eligible bidders registered* in appropriate class with any State/Central Government/State /Central Government Organization for construction and maintenance for five years of the works (List of schemes shall be displayed in the website pmgsytendersjhr.gov.in) of Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna PM-JANMAN (Batch-1, 2025-26).

| Sr. No | District Name | Block Name | Tendering Package | Road Name / Bridge Name (in lakhs) | Road Length (Kms) | Sanction Construction Cost (in lakhs) | Sanction Maintenace Cost | Total Sanction Cost with Maint. (in lakhs) | Total Package Cost (in lakhs) | Earnest Money (In Lakh) | Time of Completion (in month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | Palamu | Chainpur | JH-17-PMJANMAN-PAL-04 (2025-26) (2nd Call) | L023-Nawadih sungai to korwa tola via Nawadih Barwa tola to karwa | 3.137 | 282.23 | 27.30 | 309.53 | 933.54 | 18.67 | 15 |
| | Palamu | Chainpur | | L033- Islamnagar More To Dhamanawa Main Road | 7.500 | 570.50 | 53.51 | 624.01 | | | |
| | | Total | | | 10.637 | 852.73 | 80.81 | 933.54 | 933.54 | | |

The bid should be submitted online in the website **pmgsytendersjhr.gov.in**. The bidders should have valid Digital Signature Certificate for online submission of bid.
Details of bid submission is as under:

| Procurement Officer | Place of Opening | Availability of tender (on-line) for bidding | | Last date & time of seeking clarification | Last date and time of bid submission | Date & time of opening (on-line) of tender | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | From | To | | | Technical bid | Financial bid |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 |
| Engineer in Chief, JSRRDA, Ranchi | Engineer in Chief JSRRDA, Ranchi | 10.04.2026 at 10.00 AM | 23.04.2026 upto 5.00 PM | 15.04.2026 upto 2.00 PM | 23.04.2026 upto 5.00 PM | 23.04.2026 at 05.30 PM | To be informed later |

** Non-registered bidders may also submit bid, however the successful bidders must get registered in appropriate class with appropriate authority before signing the contract.*
*** Cost may change.*

**Note :-**
1. Amount of Bid Security should be taken as mentioned in the Bid Data Sheet of the Bidding Document.
2. Cost of Bid Document (Rs. 10000) and Bid Security (as mentioned in the Bid Data Sheet) shall be deposited **online** in form as mentioned in Bid Data Sheet failing which the bid will be treated non responsive and action shall be taken as per Sec. 2 of ITB clause 12.2 (d).
3. In case, it is found, even after the award of work that the bidder has submitted/ uploaded any false/erroneous/fraudulent statement/document, he/she is liable for blacklisting and forfeiture of Bid Security.
4. Bidders must submit GST registration certificate without which bid is liable to be rejected.
5. Bidders whose names appear in the Debar/blacklist of RWD or any department of GoJ/GoI (including JSRRDA) shall not be allowed to participate in the above bids.
6. Bids submitted by bidders, who have long pending ATR(s) made inordinate delay in execution of earlier allotted construction/ maintenance works of PMGSY, may be rejected summarily.
7. In case of any discrepancy/dispute about units in BOQ, units as mentioned in Current SOR on which BOQ has been prepared shall prevail.
8. Participating bidders are free to submit grievances, if any, against the decision of technical evaluation within five days from the date of uploading of decision of technical evaluation only through email at **jh-ce@pmgsy.nic.in** Grievance submitted after stipulated period shall not be considered.
9. Bidders must have valid registration with Employee Provident Fund organization under EPF and Miscellaneous Provisions Act 1952 failing which the bid shall be rejected.
10. Bidders must not quote rate for routine maintenance. The amount for routine maintenance as indicated in the Bill of Quantities must be acceptable to bidders.
11. For unbalanced bids, extra security will be required to be deposited by the bidder at the time of Agreement.
12. The undersigned reserves the right to cancel the tender at any stage without giving prior notice/reason.

All other details can be seen in the bidding document which is available in website **pmgsytendersjhr.gov.in** as per schedule mentioned above.

Sd/-
Engineer-in- Chief
Rural Works Department- Cum- JSRRDA, Ranchi

PR 377025 Rural Work Department(26-27).D

# डीएम ने की पाण्डुलिपियों के संरक्षण व डिजिटाइजेशन की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** "ज्ञान भारतम् मिशन" के अंतर्गत पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।




बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी अमूल्य धरोहर है, जो कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र एवं वस्त्रों पर हस्तलिखित पाण्डुलिपियों के रूप में संरक्षित है। इन पाण्डुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन कर उन्हें आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में "ज्ञान भारतम् मिशन" की शुरुआत की गई है, जिसके तहत देशभर में उपलब्ध पाण्डुलिपियों का संरक्षण, डिजिटाइजेशन एवं अभिलेखीकरण किया जा रहा है, ताकि यह ज्ञान शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए सुलभ हो सके।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जिला स्तर पर एक समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, मठ-मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों की पहचान, सूचीकरण एवं डिजिटाइजेशन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत पाण्डुलिपियों को "ज्ञान भारतम् पोर्टल" पर अपलोड किया जाएगा, जिससे यह धरोहर वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रह सकेगी। यह पहल "विकसित भारत @2047" के लक्ष्य के अनुरूप डिजिटल इंडिया की अवधारणा को भी सशक्त बनाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि कोई भी व्यक्ति "ज्ञान भारतम्" ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपनी पाण्डुलिपि स्वयं अपलोड कर सकता है। अधिक जानकारी एवं समन्वय के लिए daconalanda@gmail.com पर संपर्क किया जा सकता है। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध रेलवे फाटक बंद, बड़ा हादसा टला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** गुरुवार को फतुहा–इस्लामपुर रेलखंड के लोहंडा हॉल्ट के समीप स्थित एक अवैध रेलवे फाटक को अधिकारियों द्वारा बंद कर दिया गया है। यह कार्रवाई यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, उक्त फाटक बिना किसी गेटमैन के संचालित हो रहा था, जिससे किसी भी समय बड़े हादसे की आशंका बनी रहती थी। ऐसे अनाधिकृत फाटकों पर न तो कोई चेतावनी सिग्नल होता है और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम, जिससे अचानक ट्रेन आने पर राहगीर या वाहन चालक सतर्क नहीं हो पाते। अधिकारियों ने बताया कि अधिकृत रेलवे फाटकों पर प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहते हैं, जो ट्रेन के आगमन से पहले फाटक को बंद कर देते हैं। वहीं, अवैध फाटकों पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं होता है और लोग बेधड़क आवागमन करते रहते हैं। रेलवे विभाग का कहना है कि ऐसे अवैध फाटकों के कारण अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे जान-माल की हानि के साथ-साथ ट्रेन परिचालन भी प्रभावित होता है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस तरह के फाटकों को बंद करने की कार्रवाई लगातार की जा रही है। कार्रवाई के दौरान मौके पर रेलवे विभाग के पुलिसकर्मी समेत दर्जनों अधिकारी मौजूद रहे।

# उप विकास आयुक्त ने किया 'पोषण पखवाड़ा 2026' का शुभारंभ, जनभागीदारी पर जोर

**इस वर्ष की मुख्य थीम "बचपन के 6 साल, पोषण पढ़ाई के लिए बेमिसाल"**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिले में 'पोषण पखवाड़ा 2026' का शुभारंभ उप विकास आयुक्त शुभम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार यह पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने पखवाड़ा के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस वर्ष की मुख्य थीम "बचपन के 6 साल, पोषण पढ़ाई के लिए बेमिसाल" निर्धारित की गई है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, जनप्रतिनिधियों एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं एवं 0 से 2 वर्ष तक के बच्चों के लिए




जीवन के पहले 1000 दिनों के महत्व पर जोर देते हुए संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, स्तनपान एवं स्वच्छता अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के दौरान जिलेभर में पोषण जागरूकता रैली, प्रभात फेरी, पंचायत एवं ग्राम सभाएं, गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा किशोरी बालिकाओं एवं गर्भवती महिलाओं के लिए एनीमिया स्क्रीनिंग व स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे। स्थानीय एवं सस्ते पोषक आहार को बढ़ावा देने के लिए पोषण प्रदर्शनी एवं व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर चित्रकला, निबंध, भाषण एवं क्विज प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। साथ ही सेविका-सहायिका एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर पोषण संबंधी जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं अधिक से अधिक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि "सही पोषण, स्वस्थ जीवन की आधारशिला है" और इसे जन आंदोलन का रूप देना जरूरी है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, आईसीडीएस कर्मी, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जीविका दीदी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बिहारशरीफ में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** शहर को जाम मुक्त और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने गुरुवार को अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया। उप नगर आयुक्त शम्स रज़ा के नेतृत्व में टीम ने भारी पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई की। अभियान की शुरुआत बड़ी दरगाह से हुई, जो आगे नदी मोड़ होते हुए बाबा मणिराम अखाड़ा मोड़ तक चलाया गया।



कार्रवाई से अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मच गया। नगर निगम की टीम ने सड़क किनारे बने अवैध ढांचों को जेसीबी (बुलडोजर) से ध्वस्त कर दिया। साथ ही सड़क किनारे लगी अवैध दुकानों को भी हटाया गया। जब्त मलबा और सामान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से निगम कार्यालय पहुंचाया गया। अचानक हुई कार्रवाई से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वालों से करीब 4 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। उप नगर आयुक्त ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की यह मुहिम लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि कार्रवाई से पहले माइक से अनाउंसमेंट कर लोगों को खुद से अतिक्रमण हटाने का मौका दिया जाता है, लेकिन नहीं मानने पर प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करता है। नगर निगम ने साफ किया है कि शहर को जाम मुक्त रखने के लिए ऐसे अभियान अन्य इलाकों में भी चलाए जाएंगे।

# नालंदा कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई पंडित राहुल सांकृत्यायन की 133वीं जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा कॉलेज में गुरुवार को हिंदी, संस्कृत, पाली एवं दर्शनशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महान साहित्यकार और यायावर चिंतक पंडित राहुल सांकृत्यायन की 133वीं जयंती उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर "व्यक्तित्व एवं कृतित्व" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुनीता सिन्हा ने की।



कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में दर्शनशास्त्री प्रो. प्रभास कुमार ने सांकृत्यायन की दार्शनिक दृष्टि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका चिंतन वैज्ञानिकता, तर्कशीलता और मानवतावाद पर आधारित था। वे अंधविश्वास और रूढ़ियों के प्रबल विरोधी थे तथा जीवन को समझने के लिए विवेक और अनुभव को सर्वोपरि मानते थे। उनके विचारों में बौद्ध दर्शन की करुणा, समता और बौद्धिक स्वतंत्रता का स्पष्ट प्रभाव परिलक्षित होता है। विशिष्ट वक्ता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य एवं बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. ध्रुव कुमार ने सांकृत्यायन के व्यक्तित्व के विविध आयामों को रेखांकित करते हुए कहा कि वे अद्भुत साहस, जिज्ञासा और आत्मानुशासन के प्रतीक थे। तिब्बत की दुर्गम यात्राओं से लेकर रूस जैसे देशों में अध्ययन तक, उन्होंने ज्ञानार्जन को ही अपना लक्ष्य बनाए रखा। वे केवल साहित्यकार ही नहीं, बल्कि इतिहासकार, पुरातत्ववेत्ता, भाषाविद् और समाज सुधारक भी थे।

# मजदूर की पीट-पीटकर हत्या, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा थाना क्षेत्र के मोमिनपुर गांव निवासी राजेश मांझी (45 वर्ष) की अरवल में बेरहमी से पिटाई के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 16 मार्च की बताई जा रही है, जब किसी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट की गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजेश मांझी अरवल स्थित एक ईंट-भट्ठा पर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। घटना के दिन वे किसी काम से बाजार गए थे, जहां आरोप है कि भट्ठा से जुड़े कुछ लोगों ने उन्हें घेरकर लाठी-डंडों और घूंसे से जमकर पीटा। मारपीट इतनी गंभीर थी कि वे मौके पर ही बेहोश हो गए। परिजनों ने उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें पटना रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मृतक अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के पुत्र सूरज कुमार ने आरोप लगाया है कि भट्ठा मालिक के मुंशी धर्मेंद्र, मुन्ना और शंकर ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया गया है।

# पूर्व मंत्री गायत्री देवी की चौथी पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के प्रसाद बिगहा स्थित व्हाइट हाउस परिसर में प्रदेश की पूर्व मंत्री एवं गोविंदपुर से 25 वर्षों तक विधायक रहीं गायत्री देवी उर्फ देवी की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। यह आयोजन उनके पुत्र कौशल यादव के आवास पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में समर्थक, स्थानीय लोग एवं शुभचिंतक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उन्हें याद करते हुए उनके सामाजिक और राजनीतिक योगदान को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि गायत्री देवी ने अपने कार्यकाल के दौरान क्षेत्र के विकास, गरीबों



के उत्थान और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर मानवता और सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। साथ ही सैकड़ों लोगों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य न केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना था, बल्कि उनके दिखाए गए सेवा मार्ग पर चलने का संकल्प भी लेना था। कार्यक्रम में विनय यादव, पैक्स अध्यक्ष संजय यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि गायत्री देवी का जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित था और उनकी प्रेरणा से ही आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य जारी रखे जाएंगे।

## 2 मई से प्रगणक के माध्यम से जनगणना कार्य में लगे कर्मियों का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** आगामी दो मई 2026 से प्रगणक के माध्यम से मकान सूचीकरण आनलाइन प्रक्रिया को लेकर जनगणना कार्य में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण आगामी 13 अप्रैल से शुरु होगी, जो 24 अप्रैल 2026 तक दिया जाएगा। इंटर विद्यालय नारदीगंज में प्रगणक, पर्यवेक्षक, रिजर्व प्रगणक के अलावा रिजर्व पर्यवेक्षक को मकान सूचीकरण आनलाइन प्रक्रिया के बारें में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। मास्टर टेनर अवधेश कुमार ने कहा आगामी 13 अप्रैल से 24 अप्रैल तक प्रशिक्षण चलेगा। यह प्रशिक्षण तीन दिवसीय होगा।

# विश्व नवकार दिवस पर नवादा में गूंजा णमोकार मंत्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** शहर में विश्व नवकार दिवस के अवसर पर गुरुवार को जैन मंदिरों में आध्यात्मिक आस्था का भव्य दृश्य देखने को मिला। जैन समाज नवादा के तत्वावधान में महावीर जैन मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह ठीक 8 बजे से श्रद्धालुओं ने एक स्वर में णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप प्रारंभ किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और शांतिमय हो गया। इस ऐतिहासिक आयोजन की विशेषता यह रही कि विश्व के 108 देशों में लाखों लोगों ने एक ही समय पर एक घंटे तक णमोकार महामंत्र का



उच्चारण किया। इस सामूहिक जाप का उद्देश्य नकारात्मकता को दूर करना, भय, रोग और विपत्तियों से मुक्ति दिलाना तथा संपूर्ण विश्व में शांति और सद्भाव स्थापित करना था। नवादा के जैन मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। लोगों ने धर्म, जाति और संप्रदाय से ऊपर उठकर इस पवित्र मंत्र का जाप किया और समस्त जीवों के कल्याण की कामना की। मंत्रोच्चारण के दौरान वातावरण में एक अलग ही आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार महसूस किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने नवकार मंत्र की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंत्र आत्मा की शुद्धि का सर्वोत्तम माध्यम है। इसकी सकारात्मक ऊर्जा न केवल व्यक्ति के जीवन को शांत और संतुलित बनाती है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी तनाव को कम करने में सहायक हो सकती है। उन्होंने लोगों से सत्य, अहिंसा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने मंत्र के महत्व को समझा और श्रद्धा के साथ जाप किया। अंत में विश्व शांति, अहिंसा और समृद्धि के लिए सामूहिक प्रार्थना की गई तथा आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# श्यामल सिन्हा अंडर 16 में नवादा की बड़ी जीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा नालंदा के पावापुरी में आयोजित श्यामल सिन्हा अंडर 16 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में नवादा का मुकाबला नालंदा की टीम से हुआ। नवादा के कप्तान विक्रम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में 263 रन बनाकर ऑल आउट हुई। नवादा की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए धरम कुमार ने शानदार 74 अंकित ठाकुर ने 61 जबकि राज पांडे ने 17 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया ।



गेंदबाजी करते हुए नालंदा के गेंदबाज शिवम ने चार विकेट जबकि आर्यन एवं शशिकांत ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया ।इसके जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नालंदा की टीम 48 ओवर में 168 रन बनाकर ऑल आउट हो गई नालंदा के तरफ से प्रतीक ने 25 राज ने 24 जबकि शिवम एवं प्रियांशु ने 20-20 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। नालंदा का कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे। गेंदबाजी करते हुए नवादा के गेंदबाज अंकित ठाकुर ने शानदार चार विकेट झटके एवं राज पांडे ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। अंकित ठाकुर के उसके शानदार प्रदर्शन (चार विकेट एवं 61 रन) बनाने के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी गई। कल नवादा का मुकाबला शेखपुरा की टीम से होगा।

# विधायक समेत आम जनता में व्याप्त रोष हुआ दूर, कार्य फिर से शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत में निर्माणाधीन 3.8 किमी लंबे स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम को लेकर नगरवासियों में रोष व्याप्त था। इसी को लेकर नगरवासियों ने रजौली विधायक विमल राजवंशी एवं नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह समेत वार्ड पार्षद मुकेश यादव के पास शिकायत की थी। शिकायत पर जनप्रतिनिधियों ने आम लोगों के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्य को बंद करवा दिया था एवं संवेदक को इंजीनियर के साथ स्थल पर आकर कार्य का भौतिक सत्यापन करने को निर्देशित किया गया था। इसी आलोक में गुरुवार को परियोजना निदेशक अभिषेक कुमार,उप परियोजना निदेशक कुंदन त्रिपाठी,संवेदक सह प्रोजेक्ट मैनेजर आशुतोष कुमार,साइट इंजीनियर आशुतोष कुमार एवं जेई प्रवीण कुमार रजौली पहुंचे और लेवलिंग का जायजा लिया।



इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों समेत नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी आतिश कुमार के साथ दर्जनों नगरवासी मौजूद रहे।

स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के प्रोजेक्ट मैनेजर सह संवेदक आशुतोष कुमार ने कहा कि नगर पंचायत के पांच मुख्य क्षेत्रों में 3.8 किमी लंबा नाला का निर्माण कार्य किया जा रहा है,जिसके लिए लगभग 11 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। निर्माण कार्य के दौरान कुछ नगरवासियों को संदेह था कि भविष्य में निर्मित होने वाले नालियों का पानी ड्रेनेज के माध्यम से नहीं जा पाएगा। इसको लेकर आमलोगों द्वारा जनप्रतिनिधियों के पास इसकी शिकायत की गई थी। शिकायत के आलोक में पूरी टीम के साथ कार्य का जायजा लिया गया,जो सही पाया गया। उन्होंने बताया कि पूरे ड्रेनेज सिस्टम में दो तरह के सेक्शन है,जो 900 मिमी और 1200 मिमी का है एवं अलग-अलग स्थानों पर गहराई में भिन्नता रहेगी,तब ही पानी का बहाव दो आउटपुट के माध्यम से नदी में गिरेगा। उन्होंने कहा कि नाला पर 50 टन का लोड सह सकता है। इस दौरान दुबारा लेवलिंग की जांच की गई। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण एक साल के अंदर किया जाना है,किंतु हमलोगों द्वारा इसे 6 माह में समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# शहर में रॉयल एनफील्ड हंटर 350 के नए वेरिएंट लॉन्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** शहर के पटना-रांची रोड स्थित केंदुआ के मंजूराज रॉयल एनफील्ड शोरूम में Hunter 350 के नए वेरिएंट और रंगों की लॉन्चिंग की गई। लॉन्च के साथ ही ग्राहकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और शोरूम में बुकिंग व पूछताछ में तेजी आई है।

शोरूम में पेश किए गए वेरिएंट में टॉप मॉडल के रूप में मुंबई येलो और मूनशॉट व्हाइट रंग उपलब्ध हैं, जिनकी एक्स-शोरूम कीमत 1,69,804 रखी गई है। वहीं नया वेरिएंट (बेस प्रीमियम) टारमैक ब्लैक भी ग्राहकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जिसकी कीमत 1,49,900 है। टारमैक ब्लैक वेरिएंट में कई आधुनिक फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें एलॉय व्हील्स, रियर ड्रम ब्रेक, सिंगल चैनल एबीएस, 100 फ्रंट एवं 120 रियर टायर, हैलोजन हेडलाइट, ट्रिपर नेविगेशन (वैकल्पिक) तथा यूसीबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट शामिल हैं। लॉन्चिंग के बाद शोरूम में बड़ी संख्या में ग्राहक बाइक को देखने एवं




टेस्ट राइड के लिए पहुंच रहे हैं। युवाओं के बीच खासतौर पर इस बाइक के नए रंग और स्टाइल को लेकर काफी आकर्षण देखा जा रहा है। मंजूराज रॉयल एनफील्ड के सेल्स मैनेजर आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि हंटर 350 के नए वेरिएंट को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है और आने वाले दिनों में बुकिंग और बढ़ने की उम्मीद है।

## पीएचसी कौआकोल में 110 गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**नबिटा संवाददाता**

**कौआकोल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) कौआकोल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9वीं तारीख को आयोजित होने वाले विशेष मातृत्व जांच शिविर में गुरुवार को 110 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन जांच, शुगर जांच सहित आवश्यक प्रसव पूर्व जांच की गई। साथ ही चिकित्सकों द्वारा महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, संतुलित आहार, नियमित जांच तथा संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक किया गया।

# हिसुआ पावर हाउस का ग्रामीणों ने किया घेराव

**नबिटा संवाददाता**

**हिसुआ।** प्रखंड के हदसा पंचायत स्थित अमढी गांव के ग्रामीणों ने गुरुवार को बिजली संकट से त्रस्त होकर हिसुआ पावर हाउस का घेराव किया। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके गांव में पिछले 10 दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली नहीं रहने के कारण पीने के पानी की भारी किल्लत हो गई है। लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। वहीं, पशुओं—गाय, बैल आदि—को भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे स्थिति और भी गंभीर बन गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। समस्या से नाराज ग्रामीणों ने हिसुआ विधायक अनिल सिंह से मिलकर अपनी पीड़ा सुनाई। इसके बाद विधायक स्वयं पावर हाउस पहुंचे और मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने मौके पर अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संबंधित जेई (जूनियर इंजीनियर) के नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई।

विधायक अनिल सिंह ने कहा कि वे कई घंटों से पावर स्टेशन पर मौजूद हैं, लेकिन जेई का कोई अता-पता नहीं है। उन्होंने विभागीय लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और जनता की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने वरीय अधिकारियों से भी बातचीत कर जल्द समाधान का आश्वासन दिलाने की बात कही। इधर, अमढी गांव के दर्जनों ग्रामीण सुबह से ही पावर हाउस पर डटे रहे और बिजली बहाल होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। घंटों इन्तेजार करने के बाद भी जेइ नहीं आया,बिजली विभाग के एसडीओ के आने के बाद विधायक ने लोगों को दिए गए आवेदन की जांच के दौरान पूनह समस्या के समाधान के लेकर अमढी गांव पहुचें मौके पर जिला परिषद सदस्य उमेश यादव, विधायक प्रतिनिधि बिगन सिंह हदसा मुखिया राहुल सिंह ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की मांग की।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित

**नबिटा संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में गुरुवार को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान आयोजित हुई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों के 196 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में तीन हाई रिस्क के गर्भवती महिलाएं पहुंची। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, विकास कुमार ने उपस्थित महिलाओं को खून, रक्तचाप, वजन समेत अन्य जांच की। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार, डा.अनुप्रिया कुमारी समेत अन्य रहे।

# गयाजी में नापी आदेश के बावजूद नहीं मिला कब्जा

## बोधगया में 35 साल पुराना विवाद, भूमिहीनों ने जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** गयाजी के बोधगया क्षेत्र में लगभग 35 साल से लंबित भूमि विवाद एक बार फिर सामने आया है। साल 1988-89 में बिहार सरकार की ओर से भूमिहीन लोगों को आवंटित परवाना की जमीन पर अब तक कब्जा नहीं मिल पाया है। ग्रामीण लंबे समय से जमीन की नापी और कब्जा दिलाने की मांग कर रहे हैं। हाल ही में अंचल अधिकारी, बोधगया ने जमीन की नापी के लिए आधिकारिक नोटिस जारी किया था जिससे ग्रामीणों में उम्मीद जगी थी। हालांकि इतने वर्षों के बाद भी इन जमीनों की विधिवत नापी नहीं हो सकी और न ही लाभुकों को वास्तविक कब्जा मिल पाया। इस संबंध में कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए गए, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों ने इन जमीनों पर अवैध कब्जा कर लिया है जब भी नापी की कोशिश होती है तो विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिससे प्रशासनिक प्रक्रिया बाधित होती रही है। गुरुवार को पीड़ित सभी परिवारों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों से संबंधित आवेदन सौंपा। उन्होंने जिलाधिकारी से न्याय की उम्मीद जताई है। जानकारी के अनुसार बोधगया प्रखंड के मोचारिम पंचायत अंतर्गत पकरडीह, छोटी बनमी और बड़ी बनमी टोला के कई परिवारों को 1988-89 में सरकार की ओर से जमीन आवंटित की गई थी। इस मुद्दे को लेकर 2012, 2013 और 2014 में भी आवेदन दिए गए थे, लेकिन मामला लंबित ही रहा। अंचल कार्यालय, बोधगया की ओर से जारी नोटिस (मामला संख्या 625/2025-26) में संबंधित जमीन की नापी के लिए तिथि निर्धारित की गई थी। सभी पक्षों को निर्धारित तिथि पर अपने दस्तावेजों के साथ मौके पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था। अनुपस्थित रहने पर बाद में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होने की बात कही गई थी। हालांकि नापी नहीं होने से लाभुकों को वास्तविक कब्जा नहीं मिल सका है जिसके बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से नापी कराने की मांग की है।

# गयाजी के हर प्रखंड में बनेगा मॉडल स्कूल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** गयाजी में स्कूली शिक्षा व्यवस्था को बेहतर और आकर्षक बनाने की कवायद जारी है। अब जिले के 24 प्रखंडों में एक-एक माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। इस पहल से सरकारी स्कूलों की छवि बदलने की तैयारी है। शिक्षा विभाग ने इस योजना पर पहल तेज शुरू कर दिया है। जिला शिक्षा कार्यालय की टीम लगातार चयनित स्कूलों का निरीक्षण कर रही है। निरीक्षण के दौरान स्कूलों की मौजूदा स्थिति का आकलन किया जा रहा है। भवन, कक्षा, शौचालय, पेयजल और अन्य सुविधाओं की तस्वीरें मोबाइल के जरिए विभाग को भेजी गई है। यह कार्रवाई माध्यमिक शिक्षा निदेशक के निर्देश पर हो रही है। योजना की मॉनिटरिंग के लिए विभागीय स्तर पर कार्यक्रम प्रबंधन इकाई बनाई गई है। यह टीम हर बुधवार को समीक्षा बैठक करेगी। इसमें काम की प्रगति, समस्या और समाधान पर सीधी चर्चा होगी। किसी भी तरह की दिक्कत सामने आने पर तुरंत विभाग को रिपोर्ट भेजी जाएगी। ताकि काम में देरी न हो और योजना धरातल पर तेजी से उतारा जा सके। मॉडल स्कूलों की एक अलग पहचान भी तय की गई है। यहां पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राएं एक समान ड्रेस में नजर आएंगे। ड्रेस का डिजाइन बिहार शिक्षा परियोजना परिषद ने तैयार किया है। माना जाता है कि एक जैसी पोशाक से अनुशासन बढ़ेगा। साथ ही स्कूल की अलग पहचान भी बनेगी। इन स्कूलों में आधारभूत संरचना को पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा। जिन स्कूलों की बिल्डिंग कमजोर है, वहां मरम्मत होगी। कक्षाओं को ठीक किया जाएगा। शौचालय, पीने का पानी और फर्नीचर को बेहतर बनाया जाएगा। ऐसा करने के पीछे सरकार का लक्ष्य है कि बच्चों को बेहतर माहौल मिले। शिक्षा विभाग का कहना है कि इससे पढ़ाई में छात्रों की रुचि बढ़ेगी। रिजल्ट भी बेहतर होंगे।

# कौआवार-सोनबर्षा और मड़हा में नल-जल योजना फेल, कहीं लगा नल तो कहीं गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** प्रखंड के कुशा बीजा पंचायत अंतर्गत कौआवार और सोनबर्षा गांव में नल-जल योजना की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। हाल यह है कि गांव में योजना आधी-अधूरी रह गई है। कुछ घरों में नल लगाए गए हैं जबकि कई घरों में अब तक नल नहीं लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि योजना के तहत काम शुरू तो हुआ, लेकिन उसे सही तरीके से पूरा नहीं किया गया। मड़हा की भी स्थिति और भी खराब है जहां आज तक लोगों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। पेयजल की किल्लत से जूझ रहे ग्रामीणों को मजबूर होकर चापाकल और अन्य साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों में इसको लेकर काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि योजना में भारी लापरवाही बरती गई है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर जल्द से जल्द अधूरे कार्य को पूरा कराया जाए, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल की सुविधा सुनिश्चित हो सके।

# ओवरब्रिज पर वीडियो बना रहे युवक से मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी रौना के समीप स्थित ओवरब्रिज पर राहगीरों को हो रही परेशानी से संबंधित वीडियो बनाना एक युवक को महंगा पड़ गया। बुधवार शाम करीब चार बजे कुछ लोगों ने युवक के साथ मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान कोंच थाना क्षेत्र के बाली मठिया गांव निवासी दिलीप कुमार (पिता-रामानंदन यादव) के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह ओवरब्रिज पर राहगीरों को हो रही समस्याओं का वीडियो बना रहा था। इसी दौरान उसके साथ मारपीट कर दी गई।

# लंबित एससी/एसटी मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** गुरुवार को गया समाहरणालय के सभा कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिलास्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में टिकारी विधानसभा क्षेत्र के कोंच एवं टिकारी प्रखंड से जुड़े अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। टिकारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय कुमार दांगी ने विभिन्न थानों में दर्ज लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोंच प्रखंड सहित पूरे विधानसभा क्षेत्र में एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों का समयबद्ध निष्पादन आवश्यक है, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। बैठक के दौरान श्री भीमराव अंबेडकर छात्रावास, टिकारी से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। छात्रावास में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता एवं व्यवस्था में सुधार को लेकर जिलाधिकारी एवं वरीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। विधायक ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वंचित एवं शोषित वर्गों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। ताकि सरकार की योजनाओं एवं कानून का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंच सके।

# दो गांवों में छापेमारी, शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर 13 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। इस दौरान एक कारोबारी समेत एक शराबी को गिरफ्तार किया गया है जबकि एक अन्य आरोपी फरार हो गया। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कांड संख्या 94/26 दर्ज करते हुए गेंद विघा निवासी प्रवेश चौधरी को 8 लीटर देसी महुआ शराब के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। वहीं तुतुरखी गांव में छापेमारी के दौरान श्रवण पासवान को शराब के नशे में धुत होकर घर पर हंगामा करते हुए पकड़ा गया। उसकी मेडिकल जांच कराई गई जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस की एक अन्य टीम ने धनछुहा गांव में ज्ञांती देवी के घर छापेमारी कर 5 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। हालांकि पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गया जंक्शन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** गया जंक्शन पर सघन मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में पर्याप्त तैनाती के साथ वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग स्टाफ तथा आरपीएफ/जीआरपी की भी सक्रिय भागीदारी रही। चेकिंग के दौरान ट्रेनों एवं स्टेशन परिसर में बिना टिकट/अनियमित यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के तहत कुल 217 अनियमित यात्रियों का पता लगाया गया। इन यात्रियों से निर्धारित नियमों के अनुसार जुर्माना एवं किराया वसूलते हुए कुल 85,470 की राशि प्राप्त की गई। यह अभियान यात्रियों को नियमों के प्रति जागरूक करने तथा रेल सेवाओं में अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे वैध टिकट के साथ ही यात्रा करें और रेलवे नियमों का पालन करें जिससे यात्रा सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनी रहे। रेल प्रशासन भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाता रहेगा, ताकि पारदर्शी एवं बेहतर यात्री सेवाएं सुनिश्चित रहे।

# अमेरिका, इजरायल–ईरान युद्ध विराम सहृदयता की जीत : कौशल गणेश आजाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने अमेरिका, इजरायल-ईरान युद्धविराम होने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह दोनों पक्षों के नेतृत्व की सहृदयता की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि यह युद्धविराम भले ही फिलहाल 15 दिनों के लिए हुआ है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि आगे भी युद्धविराम लागू रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि 10 अप्रैल को इस्लामाबाद में दोनों पक्षों के प्रतिनिधि बैठेंगे उसमें चर्चा के लिए ईरान के द्वारा जो 10 बिंदु सुझाए गए हैं उस पर रचनात्मक सकारात्मक रुख अपनाएंगे और युद्ध विराम के लिए आगे का मार्ग प्रशस्त करेंगे। आजाद ने कहा युद्ध कभी विकास का रास्ता नहीं होता। युद्ध से हमेशा जान-माल की हानि, तबाही, बसा-बसाया घर उजड़ने और महंगाई के सिवा कुछ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान 1945 में हीरोसीमा और नागासाकी पर हमले की विभीषिका को दुनिया झेल चुकी है। उस हमले का असर आज भी हीरोसमा और नागासाकी के लोगों पर है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन - रुस युद्ध भी होनी चाहिए।

# गया जी में नालंदा की घटना पर प्रजापति समाज की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया जी।** प्रजापति धर्मशाला दांडी बाग में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति जिला शाखा गया के द्वारा गुरुवार को कोर कमेटी की एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष कृष्ण कुमार अजय ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य नालंदा जिले के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत अजयपुर गांव में प्रजापति समाज की एक महिला के साथ सरेआम सड़क पर हुई कथित सामूहिक दुष्कर्म की वीभत्स घटना पर चर्चा करना और आगे की रणनीति तय करना था। इस मौके पर उपस्थित सभी सदस्यों ने इस जघन्य घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य बताया। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा करती है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। समिति के सदस्यों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि दोषियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाना चाहिए। समिति ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाया जाए और उन्हें अविलंब कठोरतम दंड, विशेष रूप से फांसी की सजा दी जाए। सदस्यों ने कहा कि जब तक अपराधियों को सख्त सजा नहीं मिलेगी तब तक इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही समिति ने निर्णय लिया कि इस मुद्दे को लेकर जन स्तर पर भी आवाज उठाई जाएगी और आवश्यक होने पर आंदोलनात्मक कदम भी उठाए जाएंगे। इसी क्रम में आगामी 12 अप्रैल 2026 को गया जिला कार्यकारिणी की एक विशेष बैठक बुलाने की घोषणा की गई है जिसमें इस घटना की विस्तृत समीक्षा कर आगे की रणनीति और कार्रवाई तय की जाएगी। इस मौके पर जिला सचिव विनोद कुमार, संरक्षक द्वारका प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष नंदलाल प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष बाल अमृत प्रसाद, कोषाध्यक्ष मोहन प्रजापति, ज्ञान दत्त प्रजापति, विष्णु कुमार, बिजेंद्र कुमार, प्रभाकर, राजदेव पंडित, विनोद कुमार पंडित, राजेंद्र पंडित, एसके सुमन, रामविलास पंडित, रवींद्र प्रजापति और नागेश्वर प्रजापति समेत अन्य गणमान्य लोगों मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटकर महिला घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम खटनही निवासी रामजन्म यादव की पत्नी जसिया देवी (55 वर्ष) गुरुवार की शाम ट्रेन से कटकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार घटना रफीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरडीहा पंचायत के चकलदह गांव के समीप रेलवे लाइन पर हुई। हादसे में महिला का एक पैर ठेहुना के नीचे से कट गया। सूत्रों के अनुसार घरेलू विवाद के बाद महिला नाराज होकर रेलवे लाइन की ओर चली गई थी जहां यह घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

## शपथ-पत्र

मैं अहमद अली पिता अब्दुल जब्बार ग्राम देवनियां, पो. बाराचट्टी, थाना-बाराचट्टी वर्तमान थाना धनगांई, जिला-गयाजी बिहार पिन कोड संख्या- 824201 का स्थायी निवासी हूं तथा शपथपूर्वक निम्नलिखित बातों का बयान करता हूं कि मैं भारतीय नागरिक हूं। मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

मेरा आधार संख्या-5580 8691 6134 है।

मेरा आधार कार्ड में नाम अहमद अली (Ahmad Ali) है और आज के बाद मैं जावेद अंसारी (Javed Ansari) के नाम से जाना जाऊंगा क्योंकि मेरा शैक्षणिक प्रमाणपत्र में नाम जावेद अंसारी (Javed Ansari) है। मैं आज के बाद अपने समस्त तरह की सभी कार्य जावेद अंसारी (Javed Ansari) के नाम से ही करूंगा। मैं अपना आधार कार्ड पर नाम जावेद अंसारी (Javed Ansari) गजट प्रकाशन के माध्यम से सुधार करवाने के आलोक में यह शपथपत्र निष्पादित कर रहा हूं। मेरे द्वारा कथित बातें सही वो सत्य है। गलत पाये जाने पर मुझ पर कानूनी कार्रवाई करते हुए शपथपत्र को रद्द किया जा सकता है।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

**शपथकर्ता**
**अहमद अली**

# आंगनबाड़ी सेविका से 80 हजार की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरुआ।** गुरुआ बाजार में इन दिनों छिनतई की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है जिससे आम लोगों में दहशत का माहौल है। बुधवार को एक आंगनबाड़ी सेविका से 80 हजार की छिनतई का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी सेविका पंजाब नेशनल बैंक से पैसे निकालकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान ब्लॉक रोड स्थित गैस एजेंसी के समीप बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें निशाना बनाते हुए रुपए छीन लिए और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कुछ दिन पूर्व एक अन्य महिला से 50 हजार की छिनतई की घटना सामने आई थी जिसका वारदात सीसीटीवी फुटेज में भी आई थी लगातार हो रही इन घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली और गश्त व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो अपराधियों के हौसले और बुलंद हो सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अपराधियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# जीविका दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण, अग्निशमन विभाग ने किया मॉकड्रिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खिजरसराय।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लगातार सामने आ रही अगलगी की घटनाओं को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में नीमचक बथानी अनुमंडल प्रशासन के निर्देश पर खिजरसराय प्रखंड के नौडीहा गांव में अग्निशमन विभाग द्वारा एक व्यापक जागरूकता अभियान और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में आग से होने वाले नुकसान को कम करना और लोगों को समय रहते बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम का संचालन अग्निशमन विभाग के प्रभारी तेजन राम के नेतृत्व में किया गया जिसमें जीविका समूह की दीदियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### मॉकड्रिल के जरिए सिखाए गए बचाव के उपाय

कार्यक्रम की खास बात रही अग्निशमन टीम द्वारा किया गया लाइव मॉकड्रिल प्रदर्शन। इस दौरान टीम ने घर, रसोई और खेतों में लगने वाली आग से निपटने के व्यावहारिक तरीके बताए। ग्रामीणों को यह सिखाया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय सूझबूझ और तत्परता से कैसे काम लिया जाए। महिलाओं को विशेष रूप से रसोई गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग, आग लगने पर प्राथमिक उपचार और शुरुआती नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कई लोगों ने खुद भाग लेकर इन तकनीकों को समझा।

अग्निशमन विभाग ने गर्मी के मौसम को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां अपनाने की अपील की-तेज पछुआ हवाओं के कारण आग तेजी से फैल सकती है, इसलिए सुबह 8 बजे से पहले और रात 8 बजे के बाद ही खाना बनाने की सलाह दी गई। खाना बनाने के बाद सिलेंडर का रेगुलेटर बंद करना अनिवार्य बताया गया। शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए खराब वायरिंग को तुरंत ठीक कराने की सलाह दी गई। खुले में जल रहे चूल्हे और उपलों की आग को पूरी तरह बुझाकर ही छोड़ने को कहा गया।

### जीविका दीदियों ने लिया जिम्मेदारी का संकल्प

बैठक में शामिल जीविका दीदियों ने इस अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जीविका सीएम संगीता सिन्हा ने कहा कि जो सदस्य इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके हैं, उन्हें घर-घर जाकर इन सुरक्षा उपायों की जानकारी दी जाएगी, ताकि हर परिवार सुरक्षित रह सके। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के प्र.अ.प. कृपा शंकर पासवान, प्र.अ. कुंदन कुमार, चालक अमित कुमार, महिला कर्मी राध्य कुमारी और सविता कुमारी मौजूद रहे। वहीं जीविका समूह की ओर से सीसीए सिया कुमारी और सीएम संगीता सिन्हा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में अग्निशमन विभाग ने लोगों से अपील की कि वे सतर्क रहें और किसी भी आग की घटना होने पर तुरंत विभाग को सूचित करें। 'सतर्क रहें, सुरक्षित रहें' का संदेश देते हुए अधिकारियों ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। यह जागरूकता अभियान न केवल ग्रामीणों को आग से बचाव के प्रति सचेत करने में सफल रहा, बल्कि सामुदायिक भागीदारी के जरिए आपदा प्रबंधन का एक मजबूत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# पदाधिकारी ने किया केसपा पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** पशुपालन विभाग की व्यवस्था को धरातल पर परखने के उद्देश्य से जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुनील राय ने क्षेत्र के विभिन्न पशु चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया। धर्मशाला, टिकारी, कोंच, आंती एवं मऊ के पशु अस्पतालों का जायजा लेने के बाद वे मां तारा नगरी केसपा पहुंचे जहां उन्होंने प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. राय ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि सरकार पशुपालकों के हितों के प्रति पूरी तरह सजग है। उन्होंने अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या असुविधा की सूचना तत्काल दें, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही उन्होंने घोषणा की कि अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की सूची शीघ्र ही सूचना पट पर प्रदर्शित की जाएगी जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। इस दौरान ग्रामीण हिमांशु शेखर के आग्रह को गंभीरता से लेते हुए डॉ. राय ने केसपा गांव में पशुओं के लिए विशेष बांझपन शिविर जल्द आयोजित कराने का आश्वासन दिया जिससे क्षेत्र के पशुपालकों को विशेष लाभ मिलेगी। निरीक्षण के उपरांत डॉ. राय ने मां तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नमन किया। हिमांशु शेखर ने उन्हें गांव की प्राचीनता और ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। मंदिर परिसर में उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अतिथि पुस्तिका में अपने अनुभव साझा करते हुए डॉ. राय ने लिखा कि इस पावन स्थल पर आकर उन्हें अद्भुत शांति और आत्मिक संतोष की अनुभूति हुई।

# खड़गे, खेड़ा का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरम द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध की गई अभद्र और घटिया भाषा पूरी तरह निंदनीय, शर्मनाक और अस्वीकार्य है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के दिशानिर्देशों पर गयाजी के स्थानीय टावर चौक पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा का पुतला दहन कर कांग्रेसजनों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुतला दहन एवं विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्टू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दामोदर गोस्वामी, जिला महासचिव सह प्रवक्ता ओंकार नाथ सिंह, जिला इंटक के महासचिव टिंकू गिरी, विपिन बिहारी सिन्हा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल कुमार, मुन्ना मांझी, मोहम्मद शमीम आलम, असंगठित मजदूर संघ के जिला महासचिव विनोद बनारसी, अमरजीत कुमार, सुजीत गुप्ता आदि ने खड़गे- खेड़ा का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान के नारों को बुलंद करते हुए कहा कि मल्लिका अर्जुन खड़गे देश के उच्च सदन राज्य सभा में विरोधी दल के लोकप्रिय नेता हैं उनका अनुभव, कद और प्रतिष्ठा अतुलनीय है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 03–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 08.04.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–सीतारामपुर–झाझा खंड में लूप लाइनों की लंबाई का विस्तार"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,96,21,753.96, **बयाना राशि:** रु. 3,92,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 30.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in

ASN-11/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: 02–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, दिनांक 07.04.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल में त्रुटिपूर्ण क्वाड केबल का प्रतिस्थापन"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,80,68,947.99, **बयाना राशि:** रु. 5,61,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 30.04.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in

ASN-08/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

संपादकीय

# पुलिस निरंकुश नहीं हो सकती

कोरोना के दौरान तमिलनाडु में बाप बेटे की पुलिस हिरासत में मौत के बेहद गंभीर मामले में राज्य की एक अदालत द्वारा 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा देने का फैसला न केवल अभूतपूर्व और ऐतिहासिक है बल्कि यह समूचे पुलिस तंत्र की निरकुंशता के लिए तगड़ा सबक भी है। दोनों बाप बेटे का अपराध सिर्फ इतना था कि उन्होंने कोरोना लॉक डाउन के दौरान अपनी दुकान खोलने का दुस्साहस किया था। तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' (विरलतम) बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। गौरतलब है कि यह मामला 2020 का है। जिसकी सुनवाई छह साल तक चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई। इस प्रकरण में 19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज और उनके बेटे जे. बेनिक्स को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई। उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे। आरोपियों को 23 मार्च 2026 को मदुरै की सेशंस कोर्ट में पेश किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपने के निर्देश दिए। सीबीआई ने इस प्रकरण में एक इंस्पेक्टर, दो सब-इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मियों समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल ने बयान दिया कि पिता-पुत्र को पूरी रात पीटा गया था। थाने में टेबल और लाठियों पर खून के निशान थे। यह गवाही मामले में अहम सबूत बनी। फर्स्ट एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज जी. मुथुकुमारन ने सीबीआई की दलील को माना कि हिरासत में दोनों को योजनाबद्ध तरह से टॉर्चर किया गया। इसलिए अधिकतम सजा दी गई। हालांकि जांच में यह भी सामने आया कि सथानकुलम थाने का सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित नहीं रखा गया। रिकॉर्डिंग रोजाना अपने आप डिलीट हो जाती थी, जिससे महत्वपूर्ण सबूत नहीं मिल पाए। जाहिर है कि कानून की रक्षा करने वालों ने ही बाप बेटे की हत्या का पाप किया और फिर उसे छुपाने की हर संभव कोशिश की। पुलिस का काम पीड़ितों की रक्षा करना है न कि खुद पीड़ा देना। इस दृष्टि से निचली अदालत का यह फैसला स्वागतेय और मानवाधिकारों की रक्षा करने वाला है। लोकतंत्र में पुलिस अपराधियों की तरह संवेदनहीन तरीके से काम नहीं सकती, क्योंकि वह एक संवैधानिक संस्था है। इस मामले में चाहती तो पुलिस सामान्य अपराध कायम कर बाप बेटों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती थी। इस फैसले से उन दोनों दिवंगत पिता पुत्रों के परिजनों को जरूर राहत मिली होगी। हालांकि कोर्ट द्वारा फांसी की सजा पर अमल की बहुत लंबी प्रक्रिया है। यह काम सुप्रीम कोर्ट की पुष्टि के बाद ही संभव है। हालांकि पुलिस हिरासत में मौतों के मामले में सुप्रीम कोर्ट का रवैया भी बहुत सख्त रहा है। इसलिए माना जा सकता है कि सर्वोच्च अदालत की निचली अदालत के फैसले को कायम रखेगी। जो फैसला हुआ है, वो आगे के लिए भी नजीर बनेगा। भारत जैसे लोकतंत्र में लोक सबसे ऊपर है। यहां पुलिस को तानाशाही की तरह बेलगाम होकर काम करने की इजाजत कतई नहीं दी जा सकती।

# कोयले से ऊर्जा उत्पादन की ओर लौटती दुनिया

**जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों के चलते दुनिया गैस आधारित ऊर्जा उत्पादन की ओर तेजी से बढ़ी थी। किंतु पहले रूस-यूक्रेन, इजरायल-फिलीस्तीन और अब अमेरिका-इजरायल और ईरान युद्ध ने ऐसे विकट हालात पैदा कर दिए हैं कि दुनिया ऊर्जा संकट की कमी झेलने लगी है। अतएव जिन देशों ने ऊर्जा उत्पादन के गैस आधारित उपाय कर लिए थे, वे अब अपने कोयले से चलने वाले बंद पड़े ऊर्जा संयंत्रों को चालू करने की तैयारी में जुट गए हैं। क्योंकि इस युद्ध में तेल भंडारों के साथ गैस से बनने वाली बिजली संयंत्रों पर युद्ध के दौरान बड़े हमले हुए है। ईरान ने पश्चिम एशियाई देशों में स्थित अनेक ऊर्जा संयंत्रों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। दूसरी तरफ अमेरिका एवं इजरायल ने ईरान के परमाणु और गैस ऊर्जा संयंत्रों को ध्वस्त कर दिया है।**

**प्रमोद भार्गव**

इस गल्फ वार ने दुनिया में गैस की किल्लत पैदा कर दी है। नतीजतन जापान, जर्मनी, बांग्लादेश, नीदरलैंड, पोलैंड और चेक गणराज्य जैसे देशों ने जीवाश्म ईंधन, अर्थात् कोयले से चलने वाले बिजली संयंत्रों को फिर से चालू करने का निर्णय ले लिया है। जबकि ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार 2015 से यूरोप में कोयले से बिजली बनाने की क्षमता में 45 प्रतिशत की गिरावट आ गई थी। दुनिया की उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं को लंबे समय से गैस आधारित बिजली को एक 'ब्रिज फ्यूल' के तौर पर बेचा जाता था। अर्थात् कोयले का एक ऐसा स्वच्छ विकल्प मिल गया था, जो सस्ता होने के साथ भरोसे का भी है। इसके प्रयोग में कार्बन का उत्सर्जन भी शून्य रहता है। अतएव ऊर्जा उत्पादन में इसकी उपयोगता निरंतर बढ़ रही थी। लेकिन ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों के चलते गैस का संकट लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इंटरनेशनल ऊर्जा एजेंसी का दावा है कि गैस की कमी और उसकी बढ़ती कीमतों के चलते सरकारें, उद्योग और घर-परिवार दूसरे विकल्पों की तालाश करेंगे। इसलिए कोयले का इस्तेमाल होना तय है। कोयले से बिजली बनेगी तो कॉर्बन का भी बड़ी मात्रा में उत्सर्जन होगा। इस विषयक गोल्डमेन सैक्स गुप्र में कमोडिटीज रिसर्च का कहना है कि हम ऊर्जा आपूर्ति में आया दूसरा बहुत बड़ा झटका अनुभव कर रहे है। ऐसे में इस बात की आशंका है कि कई देशों को लंबे समय तक कोयले पर निर्भर रहना पड़ सकता है। गैस की कमी के चलते यूरोप और एशिया के कई देश कोयले से बिजली उत्पादन को मजबूर हो जाएंगे। दुनिया के सबसे बड़े गैस आयातक देषों में से एक जापान ने तो हि भी दिया है कि हम कोयला आधारित ऊर्जा संयंत्रों को चालू करने जा रहे हैं। यूरोपीय देश भी 20 प्रतिशत से अधिक बिजली का उत्पादन कोयले से करने लग जाएंगे। इससे वायुमंडल में बढ़ते तापमान के वैश्विक उपायों को बड़ा झटका लग सकता है। 2018 का ऐसा वर्ष था, जब भारत और चीन में कोयले से बिजली उत्पादन में कमी दर्ज की गई थीं। नतीजतन भारत पहली बार इस वर्ष



के 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हो गया था। वहीं अमेरिका सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल हुआ था। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में 'कॉप 25' जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में यह रिपोर्ट जारी की गई थी। रिपोर्ट के अनुसार 57 उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों में से 31 में उत्सर्जन का स्तर कम होने के रुझान इस रिपोर्ट में दर्ज थे। उन्हीं देशों से 90 प्रतिशत कार्बन का उत्सर्जन होता रहा है। इस सूचकांक ने तय किया था कि कोयले की खपत में कमी सहित कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। इस सूचकांक में चीन में भी मामूली सुधार हुआ था। नतीजतन वह तीसवें स्थान पर रहा है। जी-20 देशों में ब्रिटेन सातवें और भारत को नवीं उच्च श्रेणी हासिल हुई थी। जबकि आस्ट्रेलिया 61 और सऊदी अरब 56वें क्रम पर हैं। अमेरिका खराब प्रदर्शन करने वाले देशों में इसलिए आ गया था, क्योंकि उसने जलवायु परिवर्तन की खिल्ली उड़ाते हुए इस समझौते से बाहर आने का निर्णय ले लिया था। दुनिया की लगभग 37 प्रतिशत बिजली का निर्माण थर्मल पावरों में किया जाता है। इन संयंत्रों की भट्टी में कोयले को झोंका जाता है, तब कहीं जाकर बिजली का उत्पादन होता है। ब्रिटेन में हुई पहली औद्योगिक क्रांति में कोयले का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 1500 ईसवीं में बड़ी मात्रा में कोयले के उत्खनन की शुरूआत हुई थी। इसके बाद जिन देशों में भी कारखाने लगे, उनमें लकड़ी और कोयले का प्रयोग लंबे समय तक होता रहा। दुनिया की रेलें भी कोयले से ही लंबे समय तक चलती रही हैं। भोजन पकाने और ठंड से बचने के उपाय भी लकड़ी जलाकर किए जाते रहे हैं। अतएव धुएं के बड़ी मात्रा में उत्सर्जन और धरती के तापमान में वृद्धि की शुरुआत औद्योगिक क्रांति की बुनियाद रखने के साथ ही आरंभ हो गई थी। इसके बाद जब इन दुष्प्रभावों का अनुभव पर्यावरणविदों ने किया तो 14 जून 1992 में रियो डी जनेरियो में पहला अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन के परिणामस्वरूप जापान के क्योटो शहर में 16 फरवरी 2005 को पृथ्वी के बढ़ते तापमान के जरिए जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए क्योटो प्रोटोकॉल अंतरराष्ट्रीय संधि अस्तित्व में आई। इस संधि में शामिल देशों ने ग्रीन हाउस अर्थात् मानव उत्सर्जित गैसों को कम करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। दुनिया के वैज्ञानियों ने एक राय होकर कहा कि मानव निर्मित गैस सीओ-2 के उत्सर्जन से धरती का तापमान बढ़ रहा है, जो जीवाश्म ईंधन का पर्याय है। 192 देशों ने इस संधि पर हस्ताक्षर किए हुए हैं।

लेकिन वर्तमान में चल रहे भीषण युद्धों ने हालात बदल दिए हैं। नवंबर 2021 में ग्लासगो में हुए वैश्विक सम्मेलन में तय हुआ था कि 2030 तक विकसित देश और 2040 तक विकासशील देश ऊर्जा उत्पादन में कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। यानी 2040 के बाद थर्मल पावर अर्थात् ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले से बिजली का उत्पादन पूरी तरह बंद हो जाएगा। तब भारत-चीन ने पूरी तरह कोयले पर बिजली उत्पादन पर असहमति जताई थी, लेकिन 40 देशों ने कोयले से पल्ला झाड़ लेने का भरोसा दिया था। 20 देशों ने विश्वास जताया था कि 2022 के अंत तक कोयले से बिजली बनाने वाले संयंत्रों को बंद कर दिया जाएगा। आस्ट्रेलिया के सबसे बड़े कोयला उत्पादक व निर्यातक रियो टिंटो ने अपनी 80 प्रतिशत कोयले की खदानें बेच दीं थीं, क्योंकि भविष्य में कोयले से बिजली उत्पादन बंद होने के अनुमान लगा लिए गए थे। भारतीय व्यापारी गौतम अडानी ने इस अवसर का लाभ उठाया और अडानी ने 'आस्ट्रेलिया कोल कंपनी' बनाकर ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड क्षेत्र में कोयला खदानें भी हासिल कर लीं। अडानी ने कारमिकेल कोयला खदान पर पर्यावरण संबंधी मंजूरी मिलने के बाद 2019 से कोयले का खनन शुरू कर इसे बेचना भी आरंभ कर दिया है। अडानी ने ऑस्ट्रेलियाई मूल के 1500 बेरोजगारों को प्रत्यक्ष और 6,750 लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार देने का अनुबंध करके इस खदान से उत्खनन शुरू किया है। कोरोना के बाद 2022 में भारत में कोयले का संकट खड़ा हुआ था, तब आस्ट्रेलिया से ही भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने कोयला खरीदा था। 2019 तक यूरोप केवल 20 प्रतिशत बिजली का उत्पादन कोयले से करता था। ऊर्जा की शेष जरूरतों की आपूर्ति गैस से होती थी। इसलिए अनेक यूरोपीय देशों ने 2025 तक अधिकतर ताप विद्युत घरों को बंद करने की परियोजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन यूक्रेन से युद्ध के बाद रूस से गैस की आपूर्ति बंद हो जाने के कारण इटली, जर्मनी, नीदरलैंड और ऑस्ट्रिया ने अपने संयंत्रों में कोयले से बिजली उत्पादन आरंभ कर दिया था। इन फैसलों के चलते अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी को कहना पड़ा था कि 2022-23 में यूरोपीय देशों में कोयले से बिजली का उत्पादन 7 से 10 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। जबकि पूरी दुनिया में कोयले की खपत आठ अरब टन हो जाएगी। कोयले की इतनी ही खपत 2013 तक होती थी। साफ है, कोयले की खपत बिजली उत्पादन के लिए बढ़ेगी तो कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ेगा। अतएव धरती के तापमान में वृद्धि भी बढ़ेगी।

## अध्यात्म

### जब मन अशांत हो तो कुछ समय मौन रहकर हालात समझें और फिर निर्णय लें



गौतम बुद्ध रोज अपने शिष्यों को उपदेश देते थे। बुद्ध के प्रवचन सुनने शिष्यों के साथ ही अन्य लोग भी पहुंचते थे। एक दिन जब बुद्ध प्रवचन दे रहे थे, तभी एक व्यक्ति पहुंचा और वह बोला कि तथागत मैं आपसे बहुत सारे प्रश्न पूछना चाहता हूं। मेरा मन बहुत अशांत है। कृपया मेरे प्रश्नों के उत्तर दें, ताकि मेरा मन शांत हो सके।

बुद्ध ने उससे कहा कि मैं तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर जरूर दूंगा। लेकिन, तुम्हें एक साल तक मौन धारण करना होगा। एक साल के बाद तुम जो भी पूछोगे, तुम्हें उसका उत्तर जरूर मिल जाएगा। उस व्यक्ति ने कहा कि एक साल बाद आप मेरे प्रश्नों के अवश्य देंगे ना? बुद्ध ने कहा कि मैं अपनी बात का पक्का हूं, तुम्हें सारे प्रश्नों के जवाब दूंगा, लेकिन एक साल बाद।

बुद्ध की बात मानकर उस व्यक्ति ने मौन व्रत धारण कर लिया। धीरे-धीरे वह मौन की वजह से उसका मन एकाग्र होने लगा, वह ध्यान में उतरने लगा। मन भी शांत होने लगा। उसके सभी प्रश्न खत्म होने लगे। एक साल बीत गया।

समय पूरा होने के बाद बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि अब तुम अपने सभी प्रश्न मुझसे पूछ सकते हो। ये बात सुनकर वह व्यक्ति हंसा और कहा कि एक साल पहले मेरे मन में कई प्रश्न थे, लेकिन अब सारे प्रश्न शांत हो गए हैं। अब मेरे पास आपसे पूछने के लिए कोई प्रश्न नहीं है।

बुद्ध ने उस व्यक्ति से कहा कि जब तक हमारा मन शांत नहीं है, मन में ढेरों प्रश्न उठते रहते हैं, उसकी परेशानियां बनी रहती हैं। अज्ञान और भ्रम की वजह से हमारा मन प्रश्नों के उत्तर तक पहुंच ही नहीं पाता है। कुछ समय मौन धारण करके हम हालातों को समझेंगे तो सारे प्रश्नों के उत्तर स्वतः ही मिलने लगते हैं।

मन शांत हो जाता है तो सभी प्रश्न भी खत्म हो जाते हैं। सारी चीजें हम आसानी से समझने लगते हैं और जीवन में सुख-शांति मिल जाती है।

# 20 करोड़ भूखे पेट, 8 करोड़ टन भोजन बर्बाद, नुकसान पर नकेल जरूरी

**भोजन की बर्बादी सिर्फ इंसानी त्रासदी नहीं, यह पर्यावरणीय संकट भी है। दुनिया में कुल ग्रीनहाऊस गैस में से 8 से 10 प्रतिशत भोजन की बर्बादी से पैदा हो रही हैं। जब खाना कचरे में सड़ता है तो इससे निकलने वाली मीथेन गैस, कार्बन डाइऑक्साइड से कई गुना ज्यादा खतरनाक है। हर दाना बर्बाद होने का मतलब है पानी, जमीन, ईंधन, खाद, बीज, कीटनाशक और किसान की मेहनत का नुकसान। एक किलो चावल उगाने में करीब 5000 लीटर पानी लगता है। जब वह चावल फैंका जाता है, तो वह पानी भी बर्बाद होता है, खासकर पंजाब जैसे राज्य में, जहां भूजल तेजी से गिर रहा है। समय की मांग है कि खाद्यान्न की बर्बादी को जलवायु नीति में शामिल किया जाए।**

**डा. अमृत सागर मित्तल**

हर साल 30 मार्च को पूरी दुनिया 'इंटरनैशनल डे ऑफ जीरो वेस्ट' मनाती है। 2026 में इसका फोकस भोजन की बर्बादी पर ध्यान आर्ज़षित करता है। यह सिर्फ एक थीम नहीं, बल्कि एक नैतिक संकट है, जो हमें सबसे दर्दनाक सच्चाई से रूबरू कराता है। जो खाना बर्बाद होता है, उसे किसी किसान ने कड़ी मेहनत से तमाम मुश्किलों का सामना करते हुए उगाया था। खेत से मंडियों तक उन मजदूरों ने पहुंचाया जिन्हें खुद पेट भर खाने को नहीं मिल रहा।

यूनाइटेड नेशंस एन्वायरनमैंट प्रोग्राम (यू.एन.ई.पी.) की फूड वेस्ट इंडैक्स रिपोर्ट 2024 बताती है कि दुनिया में 105 करोड़ टन खाना बर्बाद हुआ। इसमें से 60 प्रतिशत बर्बादी घरों और खराब भंडारण व्यवस्था के कारण हुई, 28 प्रतिशत होटल-रैस्टोरैंट सैक्टर में और 12 प्रतिशत रिटेल में। यह सिर्फ लोगों की लापरवाही की समस्या नहीं, यह पूरी व्यवस्था की खामी है, सप्लाई चेन की कमजोरियां, नीतियों की कमी और एक ऐसी सोच, जिसमें खाना फैंक देना सामान्य बात बन गई है।

दूसरी तरफ दुनिया में करीब 78.3 करोड़ लोग आज भी भूख झेल रहे हैं और 30 लाख से ज्यादा लोग संतुलित आहार से वंचित हैं। ऐसे में फसल कटने के बाद होने वाले नुकसान और खाने की बर्बादी को रोकना बेहद जरूरी है। एक तरफ करोड़ों टन अन्न बर्बाद हो रहा है, तो दूसरी ओर करोड़ों लोग भूखे पेट सो रहे हैं, कुपोषण अब भी दुनिया में फैला है। यह विडंबना नहीं, बल्कि हमारी व्यवस्था की असफलता है।

इस पूरे संकट में भारत की स्थिति गंभीर और असहज करने वाली है। यू.एन.ई.पी. की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत दुनिया में खाद्यान्न बर्बादी में दूसरे नंबर पर है। हर साल 7.8 से 8 करोड़ टन भोजन व फसल बर्बाद होती है, जिसकी कीमत करीब 1.55 लाख करोड़ रुपए बैठती है। चीन पहले नंबर पर है, जहां 10.80 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। अमरीका में 2.4 करोड़ टन, जर्मनी में 65 लाख टन और जापान में, जहां 'मोतैनाई' यानी चीजों को व्यर्थ न जाने देने की संस्कृति है, केवल 52 लाख टन खाना बर्बाद होता है।

भारत में हर व्यक्ति साल में औसतन 55 किलो खाना बर्बाद करता है, जो अमरीका (73 किलो) और जर्मनी (75 किलो) से कम है। लेकिन भारत की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि ग्लोबल हंगर इंडैक्स में भारत 125 देशों में 111वें स्थान पर है, करीब 19.4 करोड़ लोगों को पर्याप्त भोजन नहीं मिलता। इसलिए भोजन की बर्बादी सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, यह करोड़ों लोगों के मुंह से छिना हुआ निवाला है।

पंजाब अन्नदाता लेकिन रिसता हुआ भंडार : पंजाब, जो करोड़ों लोगों का पेट भर सकता है लेकिन खेत की उपज का एक बड़ा हिस्सा प्लेट तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाता है। पंजाब में फल और सब्जियों की लगभग 20 प्रतिशत फसल खाने तक पहुंचने से पहले ही खराब हो



जाती है। वर्ष 2019 से 2024 के बीच अकेले एफ.सी.आई. के गोदामों में ही 8200 टन अनाज खराब हुआ, जो देश में सबसे ज्यादा है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, फसल कटने के बाद की कमजोर व्यवस्था, जैसे ढके हुए गोदामों की कमी, कोल्ड-चेन में निवेश की कमी, मशीनों की समय पर उपलब्धता न होना, ग्रेड्क्षडग और वैज्ञानिक पैकेजिंग की कमी, ये सब बड़ी बाधाएं पंजाब में हैं।

भोजन की बर्बादी सिर्फ इंसानी त्रासदी नहीं, यह पर्यावरणीय संकट भी है। दुनिया में कुल ग्रीनहाऊस गैस में से 8 से 10 प्रतिशत भोजन की बर्बादी से पैदा हो रही हैं। जब खाना कचरे में सड़ता है तो इससे निकलने वाली मीथेन गैस, कार्बन डाइऑक्साइड से कई गुना ज्यादा खतरनाक है। हर दाना बर्बाद होने का मतलब है पानी, जमीन, ईंधन, खाद, बीज, कीटनाशक और किसान की मेहनत का नुकसान। एक किलो चावल उगाने में करीब 5000 लीटर पानी लगता है। जब वह चावल फैंका जाता है, तो वह पानी भी बर्बाद होता है, खासकर पंजाब जैसे राज्य में, जहां भूजल तेजी से गिर रहा है। समय की मांग है कि खाद्यान्न की बर्बादी को जलवायु नीति में शामिल किया जाए।

खाद्यान्न नुकसान को कम करना सिर्फ फसल या बचे हुए खाने को संभालना नहीं, यह सोच बदलने की जरूरत है कि हम खाने को कैसे देखते हैं, कैसे सहेजते हैं और कैसे इस्तेमाल करते हैं। बर्बादी कम करने के लिए हमें पूरी व्यवस्था, प्रोत्साहन और सोच बदलनी होगी और इसमें किसान की गरिमा को ध्यान में रखना चाहिए।

इसके लिए पांच व्यावहारिक कदम जरूरी हैं :

1. कोल्ड-चेन बनाओ, नुकसान की चेन तोड़ो :भारत अपनी कुल उपज का सिर्फ 8 प्रतिशत प्रोसैस करता है, जबकि अमरीका 65 प्रतिशत व चीन 23 प्रतिशत। कोल्ड-चेन व प्रोसैसिंग को फूड सिक्योरिटी का हिस्सा माना जाए।

2. बर्बादी रोकने के लिए बने कानून : यूरोप के कई देशों में सुपरमार्कीटों के लिए खाना फैंकना गैरकानूनी है, उन्हें फूड बैंक को दान करना होता है। भारत में भी ऐसा कानून होना चाहिए और दान करने वालों को टैक्स में छूट दी जा सकती है।

3. किसान को मजबूत बनाओ : भोजन का नुकसान खेत से ही शुरू होता है। किसान उत्पादक संगठनों को मशीनें, आधुनिक स्टोरेज और मोबाइल कोल्ड यूनिट्स दी जानी चाहिएं। जूट बैग में अनाज रखने की पुरानी व्यवस्था को बदलकर आधुनिक तकनीक अपनानी चाहिए।

4. बर्बादी बताओ : भारत में अभी भोजन बर्बादी का कोई मानिटरिंग सिस्टम नहीं है। बड़े होटल, शादी-ब्याह कैटरिंग और संस्थानों में बर्बादी का रिकॉर्ड रखना और इसे सार्वजनिक करना जरूरी किया जाए।

5. 'अन्न' का सम्मान करें : हमारी संस्कृति में अन्न को भगवान माना गया है-'अन्न ही ब्रह्म है।' यह सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि सबसे टिकाऊ सोच है। स्कूलों, समाज और संस्थानों में इस भावना को जिम्मेदारी के रूप में जीवित करना होगा। समय की मांग है कि भोजन की बर्बादी रोकना राष्ट्रीय प्राथमिकता बने।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दफ्तर में विरोधी हावी रहेंगे। प्रणय/विवाहेत्तर संबंध मजबूत बनेंगे। स्वजनों के साथ अच्छा समय बीतेगा। मित्रों के सहयोग से महत्वपूर्ण कार्य बनेगा।

**वृषभ**
धन के लेन-देन की समस्या। आप सही दिशा में आगे की ओर बढ़ रहे हैं। थकावट के बावजूद भी प्रसन्न रहेंगे। आवास परिवर्तन का प्रयास सफल रहेगा।

**मिथुन**
तनाव के साथ शुभ समाचार। निर्माण कार्य की योजना रोकनी पड़ेगी। अचल सम्पत्ति विवाद पक्ष में रहेगा। विद्यार्थी लक्ष्य से भटक सकते हैं।

**कर्क**
पैर और एड़ी के दर्द से परेशानी, यात्रा स्थगन। स्वास्थ्य में सुधार से प्रसन्नता। वैवाहिक कार्यों में बाधा। छोटी सी भूल/गलती भारी पड़ सकती है।

**सिंह**
पारिवारिक तनाव पर शीघ्र नियंत्रण। किसी के विशेष सहयोग से चिंता मुक्ति होगी। उलझन सुलझ जाएगी। मनोकामनाएं पूरी होंगी।

**कन्या**
कार्यों में सफलता से खुशी। कठिन समय है, जोखिम से बचें। समस्या हल से राहत महसूस होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में व्यस्तता रहेगी।

**तुला**
कठिनाई का डटकर सामना करें। दफ्तर और परिवार में प्रभाव बढ़ेगा। आत्मविश्वास से आगे बढ़ें, सफल होंगे। व्यापारिक साझेदारी से लाभ होगा।

**वृश्चिक**
बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। पारिवारिक संपत्ति से लाभ। दूसरों को सेवा सहायता में अपना भी होगा कल्याण। अवसर का लाभ उठाएं।

**धनु**
मनोरंजन और दावतों में होंगे। अधिकारियों से उलझना ठीक नहीं रहेगा। तनाव भी और धन लाभ भी। परिश्रम का पूरा फल मिलेगा। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**मकर**
लोकप्रियता बढ़ेगी। आपकी विनम्रता यश भी देगी, सफलता भी। उपलब्धियों की सराहना होगी। आचरण में संयम बरतने की जरूरत है। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कुंभ**
अंधविश्वास न करें, धोखा ही धोखा है। बिछड़े हुए तथा नए लोगों के साथ होगा मेल-मिलाप। विशेषज्ञ की सलाह से पूंजी निवेश करें। आत्मनिरीक्षण का समय है।

**मीन**
हर तरह से जोखिम से दूर रहें। साधनों ओर समय की सीमाओं का ध्यान रखें। सड़क पर वाहन से कोई परेशानी। न शरीर ठीक न धन। दांपत्य जीवन सुखयम होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत, रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना गया रेल खंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई है, मृतक की पहचान शिवम कुमार पिता सुनील कुमार के रूप में हुई है, जो नालंदा जिले के थरथरी थाना क्षेत्र के मोहतरमा गांव का निवासी हैं जो फिलहाल बचपन से ही कादिरगंज के पोखरपर गांव में अपने नाना के यहां रहता था, घटना के उपरांत मृतक के पिता सुनील कुमार पिता कृष्णा प्रसाद ने अज्ञात के खिलाफ थाने में लिखकर आवेदन दिया है, की हमारा पुत्र अपने नाना राजेंद्र नोनिया के घर पर बचपन से रहता था, घर से बोलकर निकला था कि मसौढी किसी काम से जा रहे हैं लेकिन तकरीबन 10:45 के आसपास खबर मिली की 63246 डाउन लाइन में ट्रेन से कट गई है,बहरहाल पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है।

### देसी कट्टा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के ढीवर गांव में जगरिया टोला निवासी मुकेश कुमार को पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि दहशत फैलाने के नियत से अक्सर वह हथियार दिखाकर दहशत फैलता था। गुप्त सूचना के आधार पर ग्रामीणों ने जानकारी दी और उसकी गिरफ्तारी हो गई मुकेश इलाके में इसके पूर्व भी दहशत फैलाने का काम किया था और आपराधिक इतिहास भी है। पुलिस अन्य स्थानों से उसके इतिहास के बारे में भी पता कर रही है।

### स्वर्गीय नीलमणि सिंह कुंदन के परिजनों से मिले जनप्रतिनिधि

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जाने-माने राजद के युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता नीलमणि सिंह कुंदन का हाल के दिनों में हृदय गति रुक जाने से असामयिक निधन हो जाने के बाद इलाके में शोक की लहर फैल गई थी। जिसको लेकर लगातार उनके घर पर जनप्रतिनिधियों का आना-जाना लगा हुआ है गुरुवार के दिन एमएलसी सुनील सिंह बिहार पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह भुनेश्वरी राजा महाविद्यालय के सचिव राकेश कुमार गुड्डू एवं भाजपा नेता राजेश कुमार राजू ने परिजनों से मुलाकात करते हुए नीलमणि के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया और परिजनों से मिलकर उन्हें शोक सांत्वना देते हुए नीलमणि को समाज के लिए बहुत बड़ा नुकसान बताया।

### जल्दबाजी में ट्रेन से उतरने के दौरान गुरु जी का पैर टूटा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की सुबह बाढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरु जी का पैर टूट गया स्कूलों में मॉर्निंग शिफ्ट में हाजिरी बनाने की जल्दबाजी में गुरु जी ट्रेन से उतरने के जल्दबाजी में गिर पड़े और पैर में गहरी चोट आई,मामला बाढ़ स्टेशन की है। जहां उत्क्रमित मध्य विद्यालय अटनावां बाढ़ के प्रधानाध्यापक मोहम्मद शोयब गुरुवार की सुबह सुबह जन शताब्दी ट्रेन से बाढ़ स्टेशन पर गिर पड़े।लोगों ने सहारा दे कर गुरु जी को स्थिर किया।स्कूल में सुबह 6.30 तक हाजरी बनाने की जल्दबाजी में ट्रेन से उतरने के दौरान घायल हो गए।फिलहाल इनकी इलाज निजी अस्पताल में किया जा रहा है। वही उनके कई साथी उनका इलाज करवाने में लगे हुए हैं और परिजनों को मामले की जानकारी देते हुए उन्हें घर पहुंचने की व्यवस्था की जा रही थी।

### भवन निर्माण में देरी को लेकर भाजपा विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ने चिंता जाहिर की

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा विधायक डॉक्टर सियाराम सिंह ने बाढ़ रेलवे स्टेशन के नए भवन का निर्माण कार्य कछुआ गति से चलने पर चिंता जाहिर की है उन्होंने स्पष्ट तौर पर बोला कि कई बार डीआरएम का बाढ़ में विकसित होने के बाद भी काम में तेजी नहीं आई है लखीसराय स्टेशन का निर्माण कार्य भी बढ़ के साथ ही शुरू हुआ था लेकिन कई महीना पहले भवन बनकर तैयार हो गया और अभी बाढ़ का निर्माण कार्य आधा अधूरा ही है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस बाबत डीआरएम से बात की जाएगी और कार्य में तेजी लाने के लिए कहा जाएगा ताकि बाढ़ के रेल यात्रियों को अंत्य आधुनिक सुविधा यथा शीघ्र मिल सके। विधायक के इस पहल पर स्थानीय रेल यात्रियों ने खुशी जाहिर की है।

### नशे की हालत में युवक छत से नीचे कूदा

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुरानी बाजार निवासी मोहम्मद राजा नामक युवक ने शराब के नशे में पहले तो घर में पूरा नौटंकी किया और हो हंगामा करते हुए छत के ऊपर चढ़ गया और फिर नीचे गिर गया। इसके बाद उसे दोनों पांव में गंभीर चोटें आई है परिजन उसे किसी तरह बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया है जहां दोनों पर में गंभीर चोट और हड्डी में दरार आने की बात सामने आई है।

### शराबी पति के खिलाफ थाने पहुंची महिला

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराबी पति से तंग आकर एक पत्नी ने मसौदा थाने पहुंचकर आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है और कहां है कि पति से हमें जान का खतरा है, दरअसल यह मामला मसौढी थाना क्षेत्र के पूरनचक की है जहां पर एक महिला अनीता कुमारी पति उदय कुमार ने अपने शराबी पति उदय कुमार के खिलाफ थाने में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है आवेदन में लिखा है कि पिछले 10 वर्षो से हमारा पति शराब पीकर घर आता है और मुझे मारता पिटता है। मुझे इस शराबी से जान का खतरा है आवेदन के बाद पुलिस अपनी कार्रवाई में जुट गई है।

### शराब के साथ एक ऑटो हुआ जब्त

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के दोस्त नगर प्लाई फैक्ट्री के पास पुलिस ने सूचना पर छापेमारी करते हुए साढ़े 4 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक ऑटो को बरामद किया है। हालांकि शराब का कारोबारी और ऑटो का ड्राइवर मौके से भाग निकला है। शराब और ऑटो को बरामद कर पुलिस अपने साथ है थाने ले आई है।

### पूर्व के विवाद के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के बस्ती रोड, काजी मोहल्ला स्थित एक मिष्ठान दुकान से पुलिस ने सूचना पर पूर्व के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को छापेमारी करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जिसे गिरफ्तारी के बाद पुलिस कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामपुर तोफिर पंचायत के हुलासी टोला गांव का किशन कुमार बताया जा रहा है। वही मारपीट मामले के अभियुक्त कमलेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### पैक्स अध्यक्ष के लिए चार लोगों ने भरा नामांकन का पर्चा

**पालीगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में पैक्स चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर पहुँच गई है। नामांकन के अंतिम दिन प्रखंड मुख्यालय में जरखा पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए चार लोगों ने, तथा सदस्य पद के लिए 13 लोगो ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान समर्थकों की भारी भीड़ जुटी थी । वहीं चिक्सी पंचायत में पैक्स का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। मतदान 20 अप्रैल को होगा ,उसी दिन शाम में मत पत्रों की गिनती भी कर ली जाएगी।

### नशा उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के बेढ़ना दुर्गा स्थान के पास दिव्य ज्योति जागृति संस्थान पटना के युवा परिवार सेवा समिति के द्वारा एक दिवसीय नशा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर स्वामी कुंदनानंद ने युवाओं को जागरूक करते हुए नशे से बचने पर जोर दिया। मौके पर विजय कुमार ,महेश कुमार, बृजेश, नीतीश, दिवाकर, अमन, विवेक आदि मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट से दो बीघा गेहूं की फसल जली, दमकल ने पाया आग पर काबू

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रामपुर दियारा गांव स्थित गेहूं के खेत में अचानक हाई टेंशन ग्यारह हजार बोल्ट बिजली के शार्ट सर्किट से आग लगने के कारण दो बीघा में लगी फसल जलकर राख हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची दमकल की टीम में मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। इस आग लगी के दौरान पास के जंगलों में भी आग पकड़ ली। जिसके कारण लोगों के बीच अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बताया जाता है कि रामपुर दियारा गांव निवासी जितेंद्र सिंह के खेत के पास जंगल में अचानक ग्यारह हजार बोल्ट के तार के शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग भयवाह होने के कारण जंगल के बाद जितेंद्र के दो बीघा खेत में लगे गेहूं के फसल में देखते ही देखते आग पकड़कर विकराल रूप ले लिया। लोगों ने इसकी सूचना दमकल को दी। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। अगलगी में हजारों रुपए के नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।



# नामांकन कराने आए एक समर्थक की संदेहास्पद स्थिति में हुई मौत, परिजनों मे मचा कोहराम





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी में पैक्स चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन कार्य के अंतिम दिन गुरुवार को एक उम्मीदवार के साथ नामांकन कराने आए एक समर्थक के नामांकन कार्य के बाद वापस लौटने के दौरान संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। जिसकी पहचान राजेंद्र मांझी उम्र 60 वर्ष पिता स्वर्गीय मोहन मांझी रौनिया चक मुसहरी भगवानगंज का बताया जाता है। दरअसल बताया जा रहा है की बारा पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव को लेकर नामांकन कराने आए नंदू प्रसाद यादव के साथ समर्थन के रूप में राजेंद्र मांझी आए हुए थे और नामांकन कार्य संपन्न होने के बाद कपूर्री चौक के समीप गैस एजेंसी के समीप एक मैरिज हॉल में समर्थकों की खाने की व्यवस्था थी वही सब लोग टेंपो से खाना खाने जा रहे थे जैसे ही मैरिज हॉल के समीप पहुंचे टेंपो में ही उनकी अचानक तबियत बिगड़ गई और टेंपो से उतरते उतरते उनकी मौत हो गई, घटना के बाद मैरिज हॉल के पास अफरा तफरी का माहौल हो गया, कुछ देर के लिए पूरा माहौल गमगीन हो गया, आनन फानन में उसके शव को उनके गांव रोनियाचक मुसहरी भेजा गया है जहां पर शव पहुचते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पर परिजनों ने बताया की बोले थे की जा रहे हैं नामांकन कराने और उनका पार्थिव शरीर आया है रो रो कर पूरे परिजनों में बुरा हाल है।

## टीपीएस कॉलेज में एक दिवसीय वैज्ञानिक कार्यशाला का आयोजन



**पटना//नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आज 'डीएनए आइसोलेशन एवं एगारोज जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को आधुनिक आणविक जीवविज्ञान की महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत कराना तथा उन्हें प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में आणविक जीवविज्ञान की तकनीकें वैज्ञानिक अनुसंधान की रीढ़ बन चुकी हैं। डीएनए आइसोलेशन एवं इलेक्ट्रोफोरेसिस जैसी तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से सशक्त बनाता है, बल्कि उन्हें भविष्य के शोध एवं जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी भी बनाता है। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भूषण कुमार ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने में अत्यंत सहायक होती हैं और उन्हें शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। इस अवसर पर डॉ. रवि प्रभाकर, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ हंस कुमार सिंह, डॉ. रामानुज, दीपक कुमार, अरविंद कुमार सहित अन्य शोध छात्र भी उपस्थित रहे ।

## एक करोड़ 21 लाख की ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने 4 साल बाद पकड़ कर भेजा जेल



**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना की पुलिस ने थाना अध्यक्ष बृज किशोर सिंह के नेतृत्व में एक करोड़ 21 लाख का ठगी करने वाले आरोपी को नालंदा से गिरफ्तार कर ली है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2022 में कालिंदी कुमारी ने बाढ़ थाना में नीरज कुमार नामक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराई थी जिसमें नौकरी लगने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कांड संख्या 540/2022 दर्ज कर लिया गया था लेकिन आरोपी बार-बार पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो जा रहा था। आखिरकार केस के अनुसंधान करता अजहर अंसारी के द्वारा नालंदा जिला के थरथरी निवासी नीरज कुमार पिता अरविंद प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है। मामले पर बाढ़ के एसडीपीओ रामकृष्ण ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया है और उसके और भी कारनामों के बारे में पुलिस पता कर रही है।

## महावीर दल अखाड़ा संघ के खिलाड़ियों को मिला सम्मान

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्री श्री महावीर ध्वजा समारोह में शामिल महावीर दल अखाड़ा संघ के खिलाड़ियों को गुरुवार को श्री सीताराम दल मनेर द्वारा सम्मानित किया गया।मौके पर श्री सीताराम दल के अध्यक्ष धीरज कुमार ,उपाध्यक्ष राजीव तिवारी ,बिटेश्वर विश्वकर्मा संतोष सिंह ,विकेश तिवारी पप्पू शर्मा, प्रदीप आजाद ,शशि भूषण पांडे, चंद्रभूषण पांडे, अनोज गुप्ता, कन्हैया मालाकार सनी ठाकुर सहित कई सनातनी मौजूद थे सम्मान समारोह में पूर्णिमा पायल को प्रथम रश्मि मिश्रा को द्वितीय सुहानी गुप्ता को तृतीय और प्रियांशी गुप्ता सौम्या गुप्ता मुस्कान कुमारी रिया सोनी सभी खिलाड़ियों को मेडल और प्रष्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया अध्यक्ष धीरज कुमार ने खिलाड़ियों पर गर्व करते हुए उन सभी सनातनियों का आभार व्यक्त किया।

## हत्या एवं अपहरण के मामलों में धनरूआ पुलिस ने फरार आरोपियों के घर पर साटा इश्तेहार





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में फरार अपराधियों के घर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। इसमें पहला मामला धनरूआ थाना कांड संख्या 733/ 25 के तहत सकरपुरा गांव स्थित एक वृद्ध की मारपीट के दौरान हत्या में फरार चल रहे आरोपी के घर पर धनरूआ पुलिस ने गुरुवार को विधवत तौर पर इश्तेहार साट कर सरेंडर की चेतावनी दी हैं जिसमें टप्पू यादव पिता रामप्रीत यादव के घर पर इश्तेहार साटा गया है। वही दूसरा मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के बडीहा गांव का है जहां पर एक बच्चे को अपहरण कर लेने का मामला में फरार आरोपी के घर पर इश्तेहार सटा गया है। इसमें सूरज कुमार विकास कुमार और दिनेश कुमार तीनों के घर पर थाना कांड संख्या 216 /25 के तहत है विधवत तौर पर पुलिस ने इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। धनरूआ थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया की ससमय सरेंडर नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## पैक्स नामकंन: चरमा पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए सास और बहू ने भी कराया नामांकन





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 20 अप्रैल को पैक्स चुनाव को लेकर वोटिंग होनी है। जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रहे हैं, ऐसे में नामांकन के अंतिम दिन चरमा पैक्स में एक ही पैक्स के लिए सास और बहू ने भी अपना नामांकन पर्चा दाखिल कराया है। जिसमें सास फूलमती देवी पति स्वर्गीय राधे कृष्णा गड़िहारा एवं उसकी बहू मंजू देवी पति मुकेश कुमार सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पर्चा दाखिल कराया है, जो पूरे पंचायत के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है, जब मंजू देवी उम्मीदवार से बात की गई उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में सबका अधिकार है अपना अपना नामांकन करने और चुनाव लडने के लिए सभी स्वतंत्र है।उन्होंने कहा कि किसानों के हित में काम करने के लिए पहली बार एक महिला के रूप में हम पैक्स अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे हैं अगर इस बीच हमारे सास भी चुनावी मैदान में आते हैं फिर भी हम चुनाव लड़ेंगे और किसानों के हित के लिए काम करेंगे। बहरहाल आगामी 10 और 11 अप्रैल को स्केटन होनी है हालांकि क्यास लोग यह भी लगा रहे हैं कि संभवत स्कूटनी में एक परिवार के एक सदस्य नाम वापस ले लेंगे फिर भी नामांकन के बाद पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है कि एक ही पैक्स के अध्यक्ष पद के लिए सास और बहू ने भी अपना नामांकन कराया है और चुनाव में एक दूसरे के आमने-सामने भी हो सकते हैं।

## नगर परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ चलाया अभियान

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के बस्ती मार्ग, बाजारपर, पड़ावपर सहित कई जगहों पर अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कई जगहों पर अतिक्रमण को हटाया गया। बताया जाता कि लगातार अतिक्रमण के खिलाफ नगर परिषद अभियान चला रहा है। अभियान चलाने के बावजूद अस्थाई तौर पर पर पुनः अतिक्रमण कर लिया जाता है। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से नगर परिषद के प्रबंधक पंकज कुमार एवं जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में ऐसे चिन्हित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई और जुमार्ना भी किया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा रहा। वहीं स्थानीय फुटपाथी दुकानदारों ने भी नाराजगी बताइ।

## गोलियों की तडतडाहट से गूंजा गांधी मैदान, वर्चस्व की लड़ाई में चली गोलियां, कोई हताहत नहीं

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में इन दोनों अपराधी बेखौफ होते नजर आ रहे हैं ,जहाँ पुलिस का भय खत्म होता दिख रहा है, दरअसल गुरुवार को तकरीबन आठ बजे के बीच गोलियों की अंधाधुंध तडतडाहट से गांधी मैदान कुछ देर के लिए थर्रा उठा, आसपास के स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ चार-पांच अज्ञात युवक हाथों में पिस्टल लिए हवाई फायरिंग करते नजर आए थे और इधर-उधर दौड़ भाग रहे थे, स्थानीय लोग समझ पाते की हवाई फायरिंग चल रही थी जिसे सब लोग अपनी-अपने घरों में दुबक पड़े, प्राप्त जानकारी के अनुसार आपसी वर्चस्व की लड़ाई में कई युवक हवाई फायरिंग करते दिखे हैं। सबसे पहले रहमतगंज जाने वाली रास्ता की पूर्वी दक्षिणी कोना पर एक गोली फायर की गई उसके बाद गिरजा कुवंर हाई स्कूल के पास एक फायरिंग हुई, तीसरी फायरिंग गांधी मैदान के प्रतिमा के पास फायरिंग हुई है उसके बाद गांधी मैदान के बीच में दो फायरिंग की गई है घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी पुलिस पहुंची है जहां तब तक युवक भाग निकले थे,बहरहाल सवाल उठना लाजिमी है दिन के उजाले में भी हृदय स्थली कहे जाने वाली गांधी मैदान जैसे जगह पर फायरिंग हो रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस वहां पर गई थी, अभी तक कोई आवेदन नहीं आया है और नहीं वहां पर कोई खोखा जप्त की गई है। गांधी मैदान के आस पास की सीसीटीवी फूटेज जांच की जा रही है।

## बाढ़ में जमीन दिलाने के नाम पर 13 लाख की ठगी

**बाढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ में जमीन दिलाने के नाम पर 13 लाख रुपए की ठगी करने का मामला उजागर हुआ है। वायु सेना में तैनात संतोष कुमार को शिकार बनाया गया है ।इस संबंध में संतोष की पत्नी सुअंजना देवी ने स्थानीय गुलाब बाग निवासी कारोबारी राजमणि कुमार के खिलाफ धोखाधड़ी का केस बाढ़ थाने में दर्ज कराया है । घोसवरी थाने के लक्ष्मीपुर गांव निवासी संतोष कुमार पश्चिम बंगाल के खड़गपुर एरिया में स्थित वायु सेना केंद्र पर कार्यरत हैं। उनसे राजमणि ने बाढ़ में घर के लिए प्लॉट दिलाने के नाम पर रुपए की ठगी कर ली।

## सीएसपी संचालक से हथियार के बल पर डेढ़ लाख की लूट

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार के देर शाम शाम अपराधियों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए एक सीएसपी संचालक अभिषेक कुमार से भगजोगा गांव के पास पिस्टल के बल पर डेढ़ लाख रुपये नगद से भरा बैग एक लैपटॉप,एल मोबाइल फोन ,एक टैब मोबाइल लूट लिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़िता के आवेदन पर पालीगंज थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के अछुआ गांव निवासी अभिषेक कुमार पालीगंज नाला रोड में किराए के कमरे में पीएनबी का ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) संचालित करता है। प्रतिदिन की तरह गुरुवार शाम करीब 7 बजे वह अपना केंद्र बंद कर बाइक से अपने भाई शक्ति कुमार के साथ अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह भगजोगा गांव के पास पहुंचा ही था कि पीछे से पीछा करते एक बाइक पर सवार दो बदमाश अचानक सामने से आकर पिस्टल भिड़कर बाइक को रोक दिया। बदमाशों ने पिस्टल सटाकर अभिषेक कुमार से डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग, एक लैपटॉप,एक मोबाइल ,एक टैब,तथा बाइक की चाभी छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने पालीगंज थाना पहुंचकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले की पुष्टि करते हुए पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित के साथ घटना स्थल पर जाकर पूरी जानकारी प्राप्त की। पीड़िता की ओर से प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाल कर बदमाशों की पहचान में जुटी है।

## एनटीपीसी संवेदक की मनमानी के खिलाफ महाप्रबंधक के पास की शिकायत

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्य में गड़बड़ी और पक्षपात करने को लेकर ढीबर गांव निवासी रेखा सिन्हा ने महाप्रबंधक को आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग की है। रेखा सिंह नव चयनित आईएएस इशित्व आनंद की दादी हैं। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी भूस्थापित स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड ढीबर के द्वारा नाला निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण के दौरान 3 माह पूर्व उनके घर के सामने अनावश्यक खुदाई कर मिट्टी को गायब कर दिया गया ।इससे बने गड्ढे के कारण उनकी चारदिवारी और गेट को ठेकेदार द्वारा तोड़ दिया गया ।30 ट्रेलर मिट्टी को गायब कर दिया गया। गड्ढे में मिट्टी नहीं भरी गई है जिसके कारण आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।इस संबंध में एनटीपीसी के एग्जीक्यूटिव अधिकारी विकास द्विवेदी ने बताया कि मामले को लेकर जांच कराई जाएगी।

# भारतीय सभ्यता के आठ हजार वर्ष का इतिहास है 'वोल्गा से गंगा'

### महापण्डित राहुल सांकृत्यायन की जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ समारोह, लघु-कथा गोष्ठी आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अद्भुत प्रतिभा के अण्वेशी साहित्यकार महापंडित राहुल सांकृत्यान की विश्रुत कृति 'बोल्गा से गंगा' हिन्दी साहित्य का एक रोचक-रोमांचक उपन्यास भर नहीं, मानव-सभ्यता के आठ हजार वर्षों का इतिहास है। उस एक पुस्तक के अध्ययन से कोई पाठक मानवजाति की आदिम अवस्था से लेकर 20वीं सदी तक हुई क्रमिक प्रगति को समझ सकता है। वे विश्व की 36 भाषाओं के ज्ञाता, लेखक और अनुवादक थे। यह ज्ञान उन्होंने विभिन्न देशों के भ्रमण और उनके साहित्य का व्यापक अध्ययन से अर्जित किया था। यह बातें गुरुवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में राहुल जी की जयंती पर आयोजित समारोह और लघुकथा-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि उनकी विद्वता और मेधा अद्भुत थी, जिनसे प्रभावित होकर काशी के पंडितों ने उन्हें 'महापंडित' की उपाधि दी। जब पर्यटन और देशाटन का कोई भी सुलभ साधन नहीं था, उस काल में भी उन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष की ही नहीं, तिब्बत, चीन, श्रीलंका और रूस तक की लम्बी यात्राएँ की। जहाँ गए वहाँ की भाषाएँ सीखी, इतिहास और साहित्य का गहन अध्ययन किया। संसार के सभी धर्मों का सार-तत्त्व लेकर अपने विपुल साहित्य के माध्यम से संसार को लाभान्वित किया। बौद्ध-साहित्य का उन्हें गहरा अध्ययन था। हिन्दी का संसार उन्हें यात्रा-साहित्य के पितामह के रूप में मान्यता देता है। उनके द्वारा तिब्बत से खच्चरों पर लाद कर लायी गयीं बौद्ध-साहित्य की अनेक दुर्लभ पांडुलिपियाँ आज भी पटना के संग्रहालय में उपलब्ध है। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भी अध्यक्ष रहे, जिसपर सम्मेलन को सदा गौरव रहेगा। समारोह के मुख्य अतिथि और दूरदर्शन बिहार के कार्यक्रम-प्रमुख डा मनोज प्रभाकर ने कहा कि राहुल जी का मूल नाम केदार पाण्डेय था। उन पर बौद्ध-दर्शन का गहरा प्रभाव था। उन्होंने तिब्बत-श्रीलंका आदि देशों की यात्राएं की और बौद्ध-साहित्य पर बहुत कुछ लिखा। वे यह मानते थे कि व्यक्ति के मन का उसकी अभिव्यक्ति और स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। अतिथियों का स्वागत करती हुई सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा ने कहा कि राहुल जी ने प्राचीन साहित्य को पुरातात्विक दृष्टि से आकलन किया है। यह उनके विपुल साहित्य में दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति और हिन्दी के विकास में उनका अवदान अनूठा है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी और कवि बच्चा ठाकुर, डा रत्नेश्वर सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, अंजनी राजू, इंदुभूषण सहाय तथा अनुराग मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए। समारोह का आरम्भ चंदा मिश्र द्वारा की गयी वाणी-वंदना से हुआ। इस अवसर पर आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, विभारानी श्रीवास्तव ने 'रिझा दिल', चित्तरंजन भारती ने 'कार्टूनिस्ट', डा पूनम आनन्द ने 'चूल्हा', डा पुष्पा जमुआर ने 'दाल-मखनी', शमा कौसर 'शमा' ने 'मजा', डा मीना कुमारी परिहार ने 'नए जमाने का प्रेम', नीता सहाय ने 'बिंदु की महिमा', मीरा श्रीवास्तव ने 'मुक्ति', सागरिका राय ने 'निशान', शंकर शरण आर्य ने 'भूख' डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने 'ईमानदारी', राजप्रिया रानी ने 'स्मार्ट सिटी' तथा बिंदेश्वर प्रसाद गुप्ता ने 'भूख की मार' शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन प्रबंधमंत्री कृष्णरंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के भवन-अभिरक्षक प्रवीर कुमार पंकज, तारकेश्वर पाण्डेय, राज कुमार चौबे, श्याम मनोहर, विजय कुमार शर्मा, उमाकांत ओझा, अरुण कुमार वर्मा, प्रेम कुमार अग्रवाल, नन्दन कुमार मीत, मनोज कुमार आदि प्रबुद्धजन समारोह में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### लापता इंदल कुमार रविदास की बरामदगी को लेकर जांच में जुटी पुलिस

**प्राणपुर/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्राणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत केहुनियाँ गांव निवासी लापता इंदल कुमार रविदास (22) पिता- स्व.जनार्दन रविदास की खोज में पुलिस जोर-शोर से जुटी हुई है। इंदल कुमार रविदास बुधवार की रात्रि से हीं लापता है। मामले को लेकर लापता इंदल के बड़े भाई बादल रविदास ने प्राणपुर थाना में लिखित आवेदन देकर लापता अपने भाई की बरामदगी की गुहार लगाई है। मामले को गंभीरता को देखते हुए पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए लापता युवक की सुरक्षित बरामदगी के लिए खोजबीन शुरू कर दी।खोजबीन के दौरान बसनी बहियार से लापता नवयुवक का बाइक एवं गमछा बरामद किया गया है। वहीं एफएसएल की टीम को भी बुलाकर जांच कराई जा रही है। सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह भी पहुंच कर लापता इंदल के परिजनों एवं उनके दोस्तों से पूछताछ किया। पूछताछ के क्रम में बड़ा भाई बादल रविदास ने पुलिस को बताया कि उसके भाई इंदल का प्रेम प्रसंग केहुनियां केवट टोला निवासी जीतू केवट की धर्मपत्नी संजना देवी के साथ चल रहा था।बादल के बयान पर पुलिस प्रेमिका संजना देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं इंदल की पत्नी सोनी देवी, माँ मासोमात मीरा देवी,भाई सहित अन्य परिजन सदमे में हैं।इस बाबत थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि लापता इंदल कुमार रविदास के बड़े भाई के आवेदन पर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है।उन्होंने बताया कि पूछताछ में जो बात सामने आई है।उससे मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है।जो भी हो मामले का जल्द हीं खुलासा कर दिया जाएगा।

### नाबालिक ने फंदे से लटक कर की आत्महत्या

**मनसाही/कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के पिंडा में बीती रात को एक नाबालिक ने घर से कुछ ही दूरी पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पिंडा गांव में लगातार इस तरह के कई घटना हुई। जिसके देखा देखी लोग घर में छोटे-मोटे वाद विवाद को लेकर कभी जहर खाकर मर जाते हैं तो कभी फंदे लगाकर आत्महत्या कर लेता हैं।पुलिस प्रशासन ऐसे मामले पर अगर अंकुश नहीं लगाया एवं घटना को लेकर जांच कर घटना में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई नहीं की तो समाज में आए दिन इस तरह की घटना घटित होते रहेगी । जानकारी के अनुसार मृतक के पिता का नाम जुगाई उरांव हैं। जिसका तीन पुत्री के अलावा एक ही पुत्र 12 वर्ष का था। जिसकी शव फंदे से लटकता हुआ मिला।

### पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से पंचायतस्तर की व्यवस्था चरमराई

**डंडखोरा/कटिहार /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में पदस्थापित पंचायत सचिव 08.04.2026 से सामुहिक रुप से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। उनके हड़ताल पर चले जाने से पंचायत स्तर पर होने वाले विकास एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों पर विराम लग गया है।सचिवों ने इस आशय का पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश को सौंप दिया है।बता दें कि प्रखंड के 06 पंचायतों के लिए मात्र 03 हीं पंचायत सचिव कार्यरत हैं।पूर्व में राजस्व कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से लोक सेवाओं के अधिकार के तहत जारी होने वाले प्रमाण पत्रों के जांच की जिम्मेवारी भी पंचायत सचिवों के हीं जिम्मे था।पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से छात्र-छात्राओं को नये सत्र में नामांकन के लिए आवश्यक जाति,आय और आवासीय प्रमाण-पत्र बनपाने में जहाँ परेशानी शुरू हो गई है।तो वहीं नवजातों के जन्म-प्रमाण पत्र बनवाने में भी परेशानी है।जो पंचायत सचिव 21 दिन के अंदर निर्गत करते है।लेकिन इसमें विलंब होने पर शपथ-पत्र देना पड़ता है।जिसमें लोगों को अनावश्यक खर्च वहन करना होगा।इस बाबत जिला पंचायत राज पदाधिकारी योगेन्द्र प्रसाद ने बताया कि पूरे बिहार के पंचायत सचिव सामुहिक हड़ताल पर चले गये है।राज्य मुख्यालय से प्राप्त निर्देश पर आगे की कारवाई की जाएगी। पंचायत सचिवों ने बताया कि पांच सूत्री मांगों के समर्थन में राज्यस्तरीय संघ द्वारा लिए गये निर्णय के आलोक में सामूहिक हड़ताल पर हैं। उनकी मांगों मे अन्तर जिला स्थानांतरण,ग्रेड पे 4200 रुपये करने,परिवहन भत्ता 2000 रुपये करने, प्रोन्नति में 55 वर्ष की आयु सीमा समाप्त करने और शैक्षणिक योग्यता स्नातक के आधार पर बीपीआरओ में प्रोन्नति देना शामिल है।

### सड़क के दोनों ओर मिट्टी भरने की मांग

**अमदाबाद /कटिहार /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के लखनपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या 6 में 15 वीं वित्त आयोग योजना के तहत नवनिर्मित पीसीसी सड़क के दोनों ओर मिट्टी नहीं भरने से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीण प्रमोद कुमार चौधरी, दीनानाथ चौधरी सहित अन्य लोगों ने बताया कि रोड का निर्माण लगभग 3 महीने पहले हुआ है। लेकिन अब तक सड़क के दोनों ओर मिट्टी नहीं डाली गई है। यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है। बाढ़ व बरसात के समय मिट्टी न होने के कारण सड़क टूटने का खतरा है। वहीं उप मुखिया प्रतिनिधि दिलीप महाल्दार ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में कई अनियमितताएँ हुई हैं। सड़क की ढलाई 6 इंच की जगह सिर्फ 3 से 4 इंच ही की गई है। इसके नीचे मिट्टी की जगह बालू डाला गया है। सड़क अभी से ही खोखली हो रही है। बाढ़ तथा बरसात के समय यह सड़क टूट जाएगी। ग्रामीणों व उप मुखिया प्रतिनिधि ने प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी कटिहार से सड़क के दोनों ओर मिट्टी भरने की मांग की है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**हसनगंज /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हसनगंज प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का यूएनएफपीए के राज्य प्रमुख सदात नूर ख्वाजा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता,उपलब्ध संसाधनों तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहन मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के उपरांत रामपुर



पंचायत भवन मे एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई जिसमें पंचायत की मुखिया,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आयुष भारद्वाज,आशा कार्यकर्ता, एएनएम,बीएचएम और एमओआईसी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह मुक्त पंचायत स्थापित करने के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करना था। इस दौरान सामुदायिक जागरूकता बढ़ाने,प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

### मनिहारी में पैक्स चुनाव : नामांकन के अंतिम दिन दो अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा

**मनिहारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायतों में निर्धारित पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया गुरुवार को समाप्त हो गई। नामांकन के लिए निर्धारित अंतिम दिन गुरूवार दो अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि बुधवार को भी दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया था।निवार्ची पदाधिकारी सनत कुमार ने बताया कि दक्षिणी काटाकोश पंचायत से हीरालाल चौधरी, गंगा राम यादव एवं अमित यादव ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया है। वहीं



बोलिया पंचायत से अध्यक्ष पद हेतु साधना कुमारी एकमात्र उम्मीदवार के रूप में सामने आई हैं। सदस्य पद के लिए दक्षिणी कांटाकोश से 11 एवं बोलिया पंचायत से 09 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। 10 व 11 अप्रैल को नामांकन पत्रों की समवीक्षा होगी। जबकि 13 अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। 20 अप्रैल को मतदान एवं उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किये जाएगें वहीं बोलिया पंचायत में साधना कुमारी के एकमात्र उम्मीदवार होने से समर्थकों में उत्साह देखा गया। समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत कर मिठाई खिलाई। वे बिहार की कम उम्र की चर्चित पैक्स अध्यक्षों में शामिल रही हैं और पुनः चुनाव मैदान में उतरी हैं। उनके एकमात्र उम्मीदवारी देने से निर्विरोध होने की प्रबल संभावना है। ऐसे में उनके समर्थक काफी उत्साहित है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक सच्चे प्रजातंत्र वादी थे, जनसंघ दल नहीं एक आन्दोलन है : राधामोहन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत बुधवार को सीतामढ़ी जिले के बेलसंड विधानसभा अंतर्गत परसौनी बाजार स्थित मंगलम विवाह भवन में आयोजित परसौनी मंडल के मंडल प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री राधामोहन सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक सच्चे प्रजातंत्र वादी थे । जनसंघ एक दल नही वरण आंदोलन है।भारतीय जनसंघ एक अलग प्रकार का दल है । किसी भी प्रकार सत्ता में आने की लालसा वाले का यह झुण्ड नही है।व्यक्ति निर्माण भारतीय जनता पार्टी



के वैचारिक दर्शन की महत्त्वपूर्ण विशेषता रही है। सतत परिवर्तन और क्रमागत उन्नति के माध्यम से बेहतर नागरिकों से युक्त समाज का निर्माण इस प्रक्रिया का केन्द्र बिन्दु है। यह हमारा विश्वास ही नहीं, बल्कि संकल्प भी है।व्यक्ति में समय के साथ परिवर्तन आता ही है। इसी प्रकार समाज में भी परिवर्तन आता है। जब व्यक्ति बदलता है तो वह समाज परिवर्तन का कारक बनता है। इसे ही हम 'व्यक्ति परिवर्तन से समाज परिवर्तन' कहते हैं। व्यक्ति जब अपने अहम् से ऊपर उठते हैं तो वे स्वयं को बदलते हैं। इससे वे समाज में होने वाले परिवर्तन को भी प्रभावित करते हैं। वास्तव में व्यक्ति निर्माण का यही हमारा वैश्विक अधिष्ठान और समाज दर्शन है। परिवर्तन की इस प्रक्रिया में प्रशिक्षण की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। एक व्यक्ति की भाँति एक राजनीतिक दल भी सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है।इसलिए राजनीतिक कार्यकताओं का प्रशिक्षण भी महत्त्वपूर्ण और परम आवश्यक है। एक राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि कार्यकर्ता प्रशिक्षण चुनाव जीतने से भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता प्रशिक्षण 1980 के दशक से ही जारी है। इससे कार्यकर्ता निर्माण एवं कार्यकर्ता के व्यक्तिगत विकास में अत्यधिक मदद मिली है।

# दूसरे दिन प्रत्याशियों के साथ उमड़ा समर्थकों का जनसैलाब

**बरारी /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के काबर, विशनपुर,बकिया सुखाय, सकरेली एवं गुरमेला पंचायतों में प्रस्तावित पैक्स चुनाव को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय पूरी तरह चुनावी माहौल में डूबा नजर आया। नामांकन के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए कुल 10 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया, जिससे दिनभर परिसर में हलचल बनी रही।काबर पंचायत से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रवि कुमार सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे और अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। उनके साथ आए समर्थकों की भीड़ से कार्यालय परिसर में काफी चहल-पहल रही। विशनपुर पंचायत से अखिलेश सिंह एवं पूर्व पैक्स अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने नामांकन किया। बकिया सुखाय पंचायत से सुमन कुमार यादव और अनूप लाल यादव ने अपनी उम्मीदवारी दर्ज कराई। गुरमेला पंचायत से केवल अमरेंद्र कुमार ने नामांकन दाखिल किया। वहीं सकरेली पंचायत से अटल बिहारी, कैलाश मंडल, महेश मंडल एवं राज कुमार मंडल ने पर्चा



भरा। बुधवार और गुरुवार को मिलाकर प्रबंधकारिणी समिति सदस्य पद के लिए कुल 52 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार धीरज एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी राज कुमार सिंह पूरे दिन सक्रिय रहे।शांतिपूर्ण माहौल में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई तथा सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी।

# सीएम पुत्र निशांत कुमार ने आमी के मां अंबिका भवानी के मंदिर में की पूजा अर्चना

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दिघवारा प्रखंड के मां अंबिका भवानी मंदिर आमी में बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने अपनी हाजिरी लगाई और मां के दरबार में माथा टेकते हुए विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया।इस दौरान मंदिर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम दिखे। शाम के लगभग साढ़े तीन बजे निशांत कुमार आमी मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर विधिवत रूप से पूजा अर्चना करते हुए प्रसाद और चुनरी चढ़ाया और प्रदेश में अमन चैन व तरक्की की कामना की।फिर वे मंदिर के परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ की विशालकाय मूर्ति के सामने पहुंचकर माथा टेका। पहली बार मां अंबिका के दरबार में पहुंचकर निशांत कुमार ने प्रसन्नता जाहिर की।पूजा अर्चना करने के बाद उन्होंने पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण किया जहां पुजारी व स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें मंदिर के धार्मिक व पौराणिक इतिहास से रूबरू कराया गया।बाद में उन्होंने मंदिर परिसर के रेस्टहाउस का भी जायजा लिया। स्थानीय लोगों ने मंदिर के विकास से जुड़ी अपनी कई मांगों से निशांत कुमार को अवगत कराया। इस दौरान निशांत कुमार का मंदिर न्यास समिति के सचिव प्रतिनिधि रितेश तिवारी, पूर्व प्रखंड प्रमुख जनार्दन सिंह चौहान, राकेश सिंह उर्फ बबलू सिंह, चंदन सिंह,राजकुमार तिवारी, मनन तिवारी,रंजीत तिवारी, मुनमुन तिवारी, जीपू तिवारी, कल्याण तिवारी व मनोज तिवारी सरीखे कई पुजारियों ने मां अंबिका की मूर्ति व पिंड पर अर्पित चुनरी भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद श्री कुमार वापस पटना लौट गए।

# धौरैया में अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**धौरैया (बांका)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बांका पुलिस और पटना एसटीएफ की आर्म्स सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए धौरैया थाना क्षेत्र के सरवा गांव में चल रही एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा किया है। मंगलवार को हुई इस छापेमारी में पुलिस ने भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियार और उपकरण बरामद किए हैं। बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बौसी एसडीपीओ इंद्रजीत बैठा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने सरवा गांव निवासी बोध नारायण मंडल (48 वर्ष) के घर पर दबिश दी, जहाँ बड़े पैमाने पर हथियार बनाए जा रहे थे।पुलिस ने मौके से दो अर्द्धनिर्मित पिस्टल, बैरल, स्लाइड, बट समेत सात जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा हथियार बनाने में प्रयुक्त लेथ मशीन के पाट्र्स, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन और अन्य औजार भी जब्त किए गए हैं।

# विधायक नचिकेता मंडल की पहल पर उजड़ने से बच गए 80 महादलित परिवार

## सकारात्मक समझौता के बाद डीजल शेड स्थित महादलित बस्ती में नहीं चला अतिक्रमण मुक्त अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे की जमीन को अतिक्रमण कार्यों से मुक्त करने को लेकर रेल एवं जिला प्रशासन की ओर से डीजल शेड जमालपुर चलाए जा रहे अभियान विधायक के पहल पर फिर वक्त रोक दिया गया। जिससे 80 महादलित के झुग्गी झोपड़ी एवं कच्चा मकान गुजरने से बच गया। अतिक्रमण मुक्त अभियान की टीम जैसे ही सहायक नगर अभियंता रेल राजीव कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ जीआरपी सहित जिला पुलिस की टीम दलबल के साथ डीजल शेड स्थित दलित बस्ती पहुंची तो थोड़ी देर के लिए वहां अफरा तफरी जैसा माहौल देखने को मिला। महादलित बस्ती में चलने वाले अतिक्रमण मुक्त अभियान की जानकारी जैसे ही दलित परिवार के द्वारा जमालपुर विधायक



नचिकेता मंडल को दी गई तो उन्होंने अपने प्रतिनिधित्व के रूप में प्रखंड अध्यक्ष मुन्नीलाल मंडल को मौके पर भेज कर वस्तु स्थिति से अवगत करवाते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए डीआरएम से बात करते हुए थोड़ा वक्त देने की बात कही। इधर विधायक के इस पहल पर रेल प्रशासन व कार्यपालक पदाधिकारी विजय शील गौतम एवं जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल के साथ आरपीएफ की टीम के लंबी वार्ता होने के बाद श्री मंडल के लिखित देने के बाद दलित बस्ती में चलने वाले अतिक्रमण अभियान को फिल वक़्त टाल दिया गया। इधर महादलित परिवार के लोगों ने विधायक के प्रति आभार प्रकट किया है। इधर अतिक्रमण मुक्त अभियान के टीम में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजीव नयन, एसआई एसके दास, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, अंकिता कुमारी, शोभा कुमारी सहित सहित कई मौजूद थे।

# रसोई गैस की किल्लत एवं महंगाई से आक्रोशित सपा ने पीएम एवं सीएम का पुतला फूंका

## केंद्र व राज्य की सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए कर रही है जनता को गुमराह : पप्पू

**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रसोई गैस की किल्लत बढ़ती महंगाई जिले के हर विभाग में व्याप्त अराजकता लूट खसोट को लेकर गुरुवार को समाजवादी पार्टी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इसके पूर्व सपा जिला अध्यक्ष



पप्पू यादव के नेतृत्व में काफी संख्या में सपाई बेलन बाजार स्थित कार्यालय से जुलूस निकाल जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गों पर प्रदर्शन करते हुए राजीव गांधी चौक पहुंचा और पुतले को आग के हवाले किया इस दौरान आंदोलनकारी रसोई गैस की किल्लत एवं काला बाजारी पर रोक लगाओ बढ़ती महंगाई पर रोक लगाओ जिले में व्याप्त आराजकता दूर करो शासन प्रशासन होश में आओ नरेंद्र नीतीश मुदार्बाद जिला प्रशासन हाय हाय आदि नारे लगा रहे थे।मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि रसोई गैस की कीमत के कारण स्थिति विस्फोटक होती जा रही है महंगाई बढ़ती जा रही है लेकिन केंद्र और राज्य में बैठे नरेंद्र नीतीश की सरकार आम जनता को गुमराह करने में लगा है और शासन प्रशासन के लोग अपनी नाकामी छुपाने के लिए आंदोलनकारी के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं इस अराजक स्थिति को हम सपाई कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे परिणाम चाहे जो हो जिले के हर कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था प्रशासनिक पुलिस जुल्म के विरुद्ध हमारा विरोध जारी रहेगा।समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा ने कहा कि सुशासन के खोखली दावे के बीच जिले में अराजकता के माहौल का ये आलम है कि कहीं फाइल जल रहा है कहीं घूस लेते कर्मचारी पकड़े जा रहे हैं कहीं रसोई गैस के लिए अफरा तफरी मची है कहीं जन नल योजना के लिए आंदोलन हो रहा है और सरकार और सरकार के नुमाइंदा बस लूटने में लगे हैं।

# प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण हेतु सर्वेक्षण शुरू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा 75 वर्ष से अधिक पुरानी पांडुलिपियों के संरक्षण एवं सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया है। विभाग के अनुसार प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र एवं कपड़े पर लिखित पांडुलिपियों के रूप में अमूल्य विरासत है, जिसका संरक्षण सामूहिक दायित्व है। भारत सरकार की फ्लैगशीप पहल ज्ञान भारतम मिशन के तहत जिले में पांडुलिपियों का वैज्ञानिक संरक्षण, डिजिटलीकरण और अभिलेखीकरण किया जा रहा है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार ने बेतिया राज अभिलेखागार का निरीक्षण कर पुराने दस्तावेजों एवं पांडुलिपियों का अवलोकन किया। बेतिया राज प्रबंधक सह अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ हो चुका है।

# रितेश राज ने एनडीए में पाई सफलता, वायुसेना में बनेंगे फ्लाइंग ऑफिसर

## यूपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में 388वीं रैंक किया हासिल

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सपने वो नहीं जो सोते वक्त आते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने न दें। इस कथन को सच कर दिखाया है प्रखंड क्षेत्र के ननौरा गांव के रितेश राज ने। रितेश ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित नेशनल डिफेंस एकेडमी परीक्षा (एनडीए) में ऑल इंडिया 388वीं रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। रितेश अब तीन वर्षो का प्रशिक्षण नेशनल डिफेंस एकेडमी, खड़कवासला (पुणे) में प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद वे भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त होंगे। रितेश के पिता राजेश कुमार भारतीय वायु सेना में एयरमैन हैं, जबकि माता वर्षा कुमारी गृहिणी हैं। रितेश अपने गांव के पहले ऐसे युवक हैं जो वायु सेना में अधिकारी बनने जा रहे हैं। उनकी सफलता की सूचना मिलते ही गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। शैक्षणिक दृष्टि से भी रितेश का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने वर्ष 2023 में केंद्रीय विद्यालय श्री बीआरडी, चंडीगढ़ से 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ मैट्रिक तथा वर्ष 2025 में 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ इंटरमीडिएट परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण



की है। दो भाइयों में सबसे छोटे रितेश के बड़े भाई रविश राज कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग कर रहे हैं। रितेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं दिवंगत दादी सकीला देवी को दिया, जिनका निधन बीते 4 अप्रैल को हुआ था। रितेश ने बताया कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के ही एनडीए की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनके दादाजी स्व. बाबूलाल प्रसाद 'मंजू' एक प्रतिष्ठित शिक्षक थे। परिवार में बड़े पापा ओमप्रकाश गुप्ता जेडीयू के नेता हैं, जबकि मंझले पापा विनोद कुमार महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया में प्रधान लिपिक हैं और छोटे चाचा रमेश कुमार सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। उल्लेखनीय है कि एनडीए में चयनित अभ्यर्थियों को तीन वर्षों का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसके पश्चात उन्हें सेना में अधिकारी (लेफ्टिनेंट/ फ्लाइंग ऑफिसर) के रूप में कमीशन प्रदान किया जाता है।

# मुखिया के औचक निरीक्षण में बंद मिले चार आंगनबाड़ी केंद

**अधिकारी ने लिया संज्ञान सेविकाओं से स्पष्टीकरण तलब**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड की शिकारपुर पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में भारी लापरवाही सामने आई है। गुरुवार सुबह मुखिया राहुल जायसवाल के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में केंद्र संख्या 69, 71, 213 और 216 बंद पाए गए। सुबह 8 बजे तक केंद्रों पर ताला लटका देख प्रतिनिधियों ने नाराजगी जताई। मुखिया ने बताया कि ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद गुरुवार की सुबह औचक निरीक्षण किया गया है। जिसमे सभी केंद्र बंद पाया गया है। इसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और सीडीपीओ को लिखित शिकायत की गई है। और इस मामले को लेकर जांच की मांग करते हुए करवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी सीडीपीओ और जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया था, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इतना ही नही इस मामले को पंचायत समिति के बैठक में भी उठाया गया था लेकिन इसपर कोई करवाई नही हुई। वही मामले को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बंद पाए गए केंद्रों की सेविकाओं से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने सीडीपीओ को पूरे मामले की जांच करने और पोषक क्षेत्रों में नियमित केंद्र संचालन सुनिश्चित करने का कड़ा निर्देश दिया है। इस दौरान वार्ड सदस्य मदन शर्मा,कमलेश पाल, राजेश सहनी, अमीर सहनी, वार्ड प्रतिनिधि शेख सब्बार,ब्रिज कुमार मुन्ना अंसारी आदि उपस्थित थे।

# कर्मचारी से कर्म योगी बनने का रास्ता बता रहा साधना सप्ताह समारोह

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे की ओर से 2 से 10 अप्रैल तक साधना सप्ताह समारोह का आयोजन हो रहा है।इरिमी एवं कारखाना की ओर से आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारियों को कर्मयोगी बनाने के दिशा में किया जा रहा है। इधर साधना सप्ताह के तहत कारखाना राजभाषा विभाग की ओर से कवि गोष्ठी राजभाषा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह भी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि विनय प्रसाद वर्णवाल व डीन प्रेम प्रकाश थे।कवि गोष्ठी में मुजफ्फरपुर की कवि आरती कुमारी, मुंगेर से अनिरुद्ध सिन्हा, शिवनंदन सिंह सलिल, कुमार विजय गुप्ता, जमालपुर से प्रमोद कुमार निराला, बेगूसराय से सच्चिदानंद पाठक ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का काव्य पाठ करते हुए उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महानिदेशक श्री सिन्हा ने कवि के रूप में सहभागिता करते हुए अपनी रचनाओं का प्रभावशाली वाचन किया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। कवि गोष्ठी के उपरांत मुख्य कारखाना प्रबंधक द्वारा कवियों को अंग वस्त्रम, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पम-पत्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। तदुपरांत वार्षिक राजभाषा पुरस्कार वितरण प्रारम्भ किया गया।अपने स्वागत सम्बोधन में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, क्रेन प्रीतम कुमार ने कहा कि यह आयोजन हिंदी के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए पूर्व रेलवे द्वारा रेल इंजन कारखाना, जमालपुर को दिनांक 19 मार्च 2026 को राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया है।

# एनएफ रेलवे इम्पलाईज यूनियन की ओर से जीएम को सौंपा गया ज्ञापन

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूसी रेलवे के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव का कटिहार मंडल में आगमन संरक्षा निरीक्षण -2026 के तहत हुआ। उनके आगमन पर मंडल के सभी पदाधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त 1 नंबर ट्रेड यूनियन एनएफ रेलवे



इम्पलाईज यूनियन द्वारा महाप्रबंधक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यूनियन के केंद्रीय नेतागण एवं मंडलीय स्तर के नेतागण, कटिहार स्थित दोनों शाखाओं के शाखा अध्यक्ष एवं सचिव सहित अन्य दर्जनों पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश पासवान ने महाप्रबंधक को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर,केंद्रीय संगठन मंत्री प्रेमशंकर ने प्रशासन एवं यूनियन की आपसी समन्वय की सोंच को दशार्ते हुए महामंत्री संग महाप्रबंधक का दोस्ताना फोटो, मंडल मंत्री रजनीश कुमार एवं मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार उपाध्याय के द्वारा प्राकृतिक एवं नैसर्गिक पौधा के साथ-साथ सम्मान-पत्र एवं 12 सूत्री ज्ञापन सौंपा। मौके पर उपस्थित डीआरएम एवं पीएचओडी को भी पुष्पगुच्छ, सम्मान पत्र एवं ज्ञापन सौंपा। मौके पर विनय कुमार ,दीनबंधु राय , अरविंद कुमार, अनुराग कुमार , राजेश कुमार , सौरभ कुमार ,अनिल कुमार , मुकुंद मिश्रा , मृत्युंजय कुमार , शिवकिशोर, मोहनलाल गुप्ता , भोला प्रसाद, संतराज, सूरज, लॉरेंस, राजेश, भवेश, मंतोष, राजेश, राहुल, अविनाश एवं जानु ने स्वागत एवं सम्मानित किया ।बैठक के दौरान मंडल मंत्री ने कटिहार मंडल को विभिन्न नए संसाधन एसेट्स प्रदान करने हेतु महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक को हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही 12 सूत्री ज्ञापन पर गहराई से विचार करने के लिये एवं मंडल की विभिन्न लंबित मांगों को उनके समक्ष रखा गया। अन्य प्रमुख मांगों में ओटी पाड़ा क्षेत्र में एक नए विवाह भवन, 20 बेड का अतिरिक्त कर्मचारी विश्राम गृह के निर्माण का प्रस्ताव एवं सिलीगुड़ी प्रवर रेलवे संस्थान के जर्जर स्थिति को जीर्णोद्धार करने के लिये प्रवर रेलवे संस्थान कटिहार एवं सामुदायिक भवन को वातानुकूलित करने की मांग को भी उन्होंने तुरंत मंजूरी दी।महाप्रबंधक द्वारा लिए गए इन सकारात्मक एवं त्वरित निर्णयों के लिये एनएफ रेलवे इम्पलाईज यूनियन कटिहार मंडल दिल की गहराईयों से उनका हार्दिक आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया साथ ही बताया की कर्मचारियों के हित में आपके द्वारा लिए गये निर्णय को सदैव याद रखेगा।

CMYK

# गजना महोत्सव के दूसरे दिन पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नबीनगर प्रखंड स्थित गजना धाम मंदिर परिसर में जिला स्तरीय पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। गजना महोत्सव के उद्घाटन के बाद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला नजारत उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा) अमृतेश आर्यन और सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिह ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ स्वतंत्र प्रतिभागियों ने भी भाग लिया। प्रतिभागियों ने पेंटिंग और रंगोली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, नारी सशक्तिकरण, स्वच्छता, लोक संस्कृति और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगी कलाकृतियों से पूरा परिसर आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशेषज्ञ निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकता, विषय-वस्तु, तकनीकी दक्षता और सौंदर्यबोध के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता को जूनियर (कक्षा 6-8) और सीनियर (कक्षा 9-12) दो वर्गों में आयोजित किया गया था, जिसमें पेंटिंग का विषय 'बिहार में विकास के बढ़ते कदम' रखा गया था। परिणाम के अनुसार सीनियर पेंटिंग में अनु कुमारी प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय और कुमकुम कुमारी तृतीय, सीनियर रंगोली में अनुग्रह कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रथम, जवाहर नवोदय विद्यालय बारून द्वितीय और प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय बारून तृतीय, जूनियर पेंटिंग में आदित्य कुमार प्रथम, अंकिता कुमारी द्वितीय और सौम्या विश्वकर्मा तृतीय, जूनियर रंगोली में बाल भारती पब्लिक स्कूल नवीनगर प्रथम, डीएवी पब्लिक स्कूल दानी बिगहा द्वितीय और उत्क्रमित मध्य विद्यालय भगली तृतीय रहा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि विजेताओं को गजना महोत्सव के मुख्य मंच से सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह का आयोजन युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने के साथ और कला-संस्कृति को बढ़ावा देता है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## दैनिक मांग के अनुरूप की जा रही है गैस डिलीवरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 6785 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6676 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 09 अप्रैल 2026 तक जिला में कुल 128 नए पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# औरंगाबाद के जवान राकेश कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत धमनी टोले शम्भो गांव निवासी 30 वर्षीय सीआरपीएफ जवान राकेश कुमार झारखंड के सारंडा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान शहीद हो गए। बुधवार देर रात उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, जहां अंतिम दर्शन के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरुवार सुबह चनहट पुनपुन नदी घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान 'वीर शहीद अमर रहे' और 'राकेश कुमार अमर रहे' के नारों से वातावरण गूंज उठा। सबसे भावुक क्षण तब आया, जब उनके 4 वर्षीय पुत्र हिमांशु और बेटियां प्रियंका (8) व रिया (6) ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देख हर किसी की आंखें नम हो गईं।

**मौत को लेकर परिजनों ने उठाए सवाल**

शहीद जवान की मौत को लेकर परिजनों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पत्नी पिंकी देवी ने बताया कि प्रारंभिक सूचना में कहा गया कि आंधी-तूफान के दौरान पेड़ गिरने से राकेश घायल हुए थे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन परिजनों का दावा है कि शरीर पर पेड़ गिरने जैसे कोई स्पष्ट निशान नहीं हैं, जिससे घटना पर संदेह उत्पन्न हो रहा है। भाई विक्रम कुमार ने स्पष्ट कहा कि राकेश की मौत पेड़ गिरने से नहीं, बल्कि गोली लगने से हुई है। उन्होंने सिर पर मिले एक गहरे निशान का जिक्र करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों का आरोप है कि घटना की सच्चाई छिपाने की कोशिश की जा रही है।


**जनप्रतिनिधियों ने दी श्रद्धांजलि, जांच की उठी मांग**

शहीद को श्रद्धांजलि देने गोह विधायक अमरेंद्र कुशवाहा सहित कई जनप्रतिनिधि पहुंचे। उन्होंने कहा कि देश ने एक बहादुर सपूत को खो दिया है और उनकी शहादत पर पूरे क्षेत्र को गर्व है। वहीं, पूर्व विधायक रणविजय सिंह ने भी दावा किया कि राकेश कुमार नक्सलियों की गोली के शिकार हुए हैं और मामले की सच्चाई सामने लाने की आवश्यकता है।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़**

राकेश कुमार चार भाइयों में सबसे बड़े थे। वर्ष 2012 में उन्होंने सीआरपीएफ ज्वाइन किया था और 2014 में उनकी शादी पिंकी देवी से हुई थी। उनके परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक पुत्र हैं। उनके शहीद होने से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है और पूरे गांव में शोक की लहर है।

# इंटर एवं मैट्रिक में बेहतर अंक प्राप्त करने वाले छात्र सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। इंटर विद्यालय ओबरा में मैट्रिक एवं इंटर के छात्र को बेहतर अंक लाने पर सम्मान समारोह आयोजित की गई। समारोह की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक बिदेश्वरी कुमार सिह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी प्रधानाध्यापक बिदेश्वरी कुमार सिह ने दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया। इस मौके पर इंटर परीक्षा में चितरंजन कुमार को 87.6 प्रतिशत एवं मैट्रिक परीक्षा में अमित कुमार को 85.8 प्रतिशत लाने एवं निरंजन कुमार को इंटर परीक्षा में 72.8 प्रतिशत अंक लाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक बिदेश्वरी कुमार सिह, वरीय शिक्षक मनोज कुमार, शिक्षक बीर बहादुर सिह समेत अन्य शिक्षकों ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र मेडल एवं माला देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मेघावी छात्रों को विद्यालय परिवार ने उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि सभी छात्र को इतना बेहतर अंक लाने पर विद्यालय का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही बेहतर शिक्षा को ले मार्गदर्शन दिया। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि बेहतर शिक्षा से समाज संवरता है जिसके लिए शिक्षा जरूरी है। कहा कि भविष्य से संवरने की सारी प्रक्रियाओं को सूक्ष्म तरीके से सभी छात्राओं के बीच साझा किया। आर्थिक सामाजिक शैक्षणिक स्तर से किसी तरह की असुविधा को बेहतर बनाने को भरोसा दिलाया। जरूरतमंद विद्यार्थियों की हर संभव मदद और उनके जीवन को संवारने के लिए कई महत्व की जानकारी दी।

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए नित्या का चयन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सब जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए जिले के पिपरा निवासी वीरेंद्र पांडे की पुत्री नित्या पांडे का चयन हुआ। यह बिहार की पहली बॉक्सिंग खिलाड़ी है जिसका एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। ट्रायल का आयोजन पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान में किया गया। खेलों इंडिया स्माल सेंटर औरंगाबाद के बॉक्सिंग कोच अखिल कुमार ने बताया कि नित्या ने अपने बॉक्सिंग करियर की शुरुआत खेल भवन सह व्यायाम शाला, गांधी मैदान में स्थित खेलो इंडिया स्माल सेंटर में शुरूआत किया। नित्या जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भी अपना बेहतर प्रदर्शन करके मेडल अपने नाम कर चुकी है। नित्या पांडे अंडर 15 बालिका वर्ग के 52 से 55 किलो वर्ग भार के बॉक्सिंग खिलाड़ी है। सब जूनियर एशियन चैंपियनशिप 2026 का आयोजन तांशकंद उज्बेकिस्तान में 1 मई से 16 मई 2026 के बीच चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि नित्या अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल जिले बल्कि राज्य एवं देश का नाम गौरवान्वित करेंगी।

# जनहित को लेकर प्रसाधन केन्द्र का जीर्णोद्धार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर**। प्रखंड क्षेत्र के संघत रोड स्थित प्रसाधन केन्द्र का जीर्णोद्धार के बाद आम नागरिकों को समर्पित कर दिया गया। पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद ने अपने निजी कोष से मूत्रालय व सुविधा प्रसाधन केन्द्र का जीर्णोद्धार किया जिसका उन्होंने फीता काट कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुविधा प्रसाधन केन्द्र की आवश्यकता थी। साफ सफाई और देख रेख के अभाव में लाखों रूपये की लागत से निर्मित शौचालय व मूत्रालय क्षतिग्रस्त हो कर बेकार पड़ा हुआ था जिसे उन्होंने निजी कोष से जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है। प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार के साथ ही यहां सरकारी, गैर सरकारी अस्पताल और शैक्षणिक संस्थान है। हजारों लोगों का यहां आवागमन होता है। लेकिन शौचालय सुविधा नहीं रहने के कारण खासकर महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जनहित को देखते हुए यह कार्य किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता उमा शंकर सिंह, घुरा सिंह, सरपंच रोहन शर्मा, भाजपा वरीय नेता विनय कुमार यादव, संजय शर्मा, राकेश सिंह, सुबोध सिंह, नारायण प्रसाद, कालु प्रसाद, संजू यादव, बसंत जयसवाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

# धूमधाम से मनाई जाएगी डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई**। जिले में बी. आर. अंबेडकर की जयंती इस वर्ष भव्य और व्यापक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। भाजपा जिला जमुई द्वारा आयोजित एक बैठक में यह तय किया गया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक जिले के सभी बूथ स्तरों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह बैठक महावीर वाटिका, जमुई में जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद केसरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 13 अप्रैल से होगी। इस दिन अंबेडकर चौक, जमुई स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यकर्ता मिलकर प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई करेंगे और शाम के समय दीपोत्सव का आयोजन कर वातावरण को श्रद्धामय बनाया जाएगा। अंबेडकर जयंती के मुख्य दिन 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाबा साहेब के विचारों और उनके योगदान पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। 15 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच जिले के महादलित बस्तियों और छात्रावासों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों के बीच जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर टीमों का गठन किया गया है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजन की जिम्मेदारी संभालेंगी। जिला नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री नंदकिशोर सिंह, सोनेलाल पासवान, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण, रंजीत सिंह, अनिल दीक्षित, साधना सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष जयंत चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अजय पासवान, बिंदेश्वरी शाह, मंडल अध्यक्ष सुनीता सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेल की चपेट में आने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। गया–पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड पर औरवां गांव के समीप एक दर्दनाक हादसे में लगभग 65 वर्षीया वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उनका दाहिना पैर कट गया। घायल वृद्धा की पहचान गया जिले के आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत खट्नही गांव निवासी रामजन्म यादव की पत्नी जसिया देवी (65 वर्ष) के रूप में की गई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें तत्काल इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

# वंशावली-खतियान की जटिलता में उलझा नामांकन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के डुमरा पंचायत अंतर्गत नरसन गांव की 14 वर्षीया छात्रा इशरत जहां, जिसने हाल ही में आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की है और नौवीं में नामांकन की तैयारी कर रही है, इन दिनों सरकारी प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण परेशानी झेल रही है। नामांकन के लिए आवश्यक जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने के उद्देश्य से जब वह प्रखंड कार्यालय पहुंची, तो उससे वंशावली और खतियान जैसे दस्तावेज प्रस्तुत करने की मांग की गई। परिजनों के अनुसार, वंशावली तैयार कराना न केवल जटिल प्रक्रिया है, बल्कि इसमें समय और आर्थिक संसाधनों की भी भारी खपत होती है। वहीं, खतियान जैसे दस्तावेजों को जुटाना भी ग्रामीण परिवारों के लिए आसान नहीं है। इस वजह से प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी का सीधा असर छात्रा के नामांकन पर पड़ रहा है, जिससे उसका शैक्षणिक भविष्य अधर में लटक गया है। इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव ने हसपुरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) एवं औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी (डीएम) से प्रक्रिया को सरल एवं सुलभ बनाने की मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया कि बच्चों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र माता-पिता के आधार कार्ड या अन्य उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर जारी किए जाएं, ताकि उन्हें वंशावली और खतियान के जटिल चक्र में न फंसना पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो कई बच्चों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो सकता है। ऐसे में प्रशासन से अपेक्षा है कि इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता देते हुए त्वरित एवं पारदर्शी व्यवस्था लागू की जाए, जिससे छात्रों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

# अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना वादों के निष्पादन पर सचिव ने दिया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा सभी इन्शुरेंस कंपनी के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ अपने प्रकोष्ठ में एक बैठक की गई जिसमें बीमा कंपनी के पदाधिकारियों के साथ-साथ इन्शुरेंस कंपनी से संबधित नेशनल बीमा कंपनी के प्रबन्धक ज्ञानेन्द्र कुमार एवं न्यू इंडिया इनश्योरेंस अजीत कुमार सहित अधिवक्ता रजनी बल्लभ प्रसाद सिन्हा, सत्य प्रकाश नारायण, अरूण कुमार तिवारी, अरविन्द सिंह एवं अन्य उपस्थित थे। उपस्थित पदाधिकारीयों ने लोक अदालत में बीमा से संबंधित वादों के निष्पादन कराने में पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। सचिव द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को स्वयं से ही लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसे क्रियान्वित करने के लिए कहा गया। आगामी 9 मई को आयोजित लोक अदालत मोटर दुर्घटना वाद के निष्पादन में पूर्ण सफल हो इसके लिए पूर्ण सहयोग करने का भरोसा बैठक में दिया गया। उनके द्वारा बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जो वाद उक्त से संबधित है उन्हें मध्यस्थता राष्ट्र के लिए मुहिम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए मध्यस्थता करवा कर निस्तारण करवायें। सचिव द्वारा बताया गया कि इस लोक अदालत के लिए समय बहुत कम है। जिसके कारण प्राधिकार हर संभव प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में निष्पादित कराया जा सके। इस कारण युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। आपके सहयोग से मोटर दुर्घटना वाद का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से होता है तो पीड़ित को आर्थिक सहयोग के साथ-साथ उनके जीवन को पुनः पटरी पर लाने में सहायक होगा। इसी विश्वास के साथ आपको लक्ष्य निर्धारित करते हुए कार्य करना है।

# वीरता दिवस पर सैनिकों के शौर्य का सम्मान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई**। वीरता दिवस के अवसर पर जमुई में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्र और समाज की सुरक्षा में सैनिकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को याद करते हुए उन्हें राष्ट्र की असली ताकत बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौरी शंकर पासवान ने कहा कि भारतीय सैनिक हिमालय की तरह अडिग प्रहरी हैं, जिनकी दृढ़ता और संकल्प पर पूरे राष्ट्र की सुरक्षा टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात सैनिक और सुरक्षा कर्मी देश की ढाल हैं, जिनकी वीरता दुश्मनों के लिए वज्र के समान होती है। उन्होंने सैनिकों के शौर्य की तुलना सूर्य से करते हुए कहा कि उनका साहस हर दिन देश के गौरव को नई ऊर्जा प्रदान करता है। राष्ट्र रक्षा में उनका योगदान अनमोल है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। वक्ताओं ने 9 अप्रैल 1965 को गुजरात के कच्छ के रण में स्थित सरदार पोस्ट पर हुए ऐतिहासिक घटनाक्रम को याद किया, जब सीआरपीएफ की एक छोटी टुकड़ी ने पाकिस्तानी हमले को बहादुरी से नाकाम कर दिया था। इस दौरान भारतीय जवानों ने 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया और कई को बंदी बना लिया था। इसी अद्वितीय साहस के सम्मान में हर वर्ष 9 अप्रैल को वीरता दिवस मनाया जाता है। प्रो. पासवान ने कहा कि जो सैनिक देश के लिए जीता है, वही सच्चा वीर होता है। वीरों का सम्मान ही राष्ट्र का सम्मान है। उन्होंने कहा कि सैनिकों का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। जब तक देश में शौर्य और साहस की ज्योति जलती रहेगी, तब तक भारत अजेय बना रहेगा। इस मौके पर प्रगतिशील अनुसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव सुभाष पासवान ने कहा कि वीरता दिवस सैनिकों की बहादुरी और त्याग का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सैनिकों के लिए सीमा केवल एक भौगोलिक रेखा नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता होती है। उन्होंने यह भी कहा कि वीरता का अर्थ केवल युद्धभूमि में लड़ना नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में अन्याय के खिलाफ खड़े होने का साहस रखना है। सुभाष पासवान ने सैनिकों की तुलना एक विशाल बटवृक्ष से करते हुए कहा कि वे हर तूफान और विपरीत परिस्थितियों को सहकर भी देश को सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की रक्षा केवल हथियारों से नहीं, बल्कि सैनिकों की हिम्मत, त्याग, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति से संभव होती है। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे भारतीय सैनिकों और सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करें।

# मारपीट व हत्या के प्रयास मामले में दो गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। मारपीट व हत्या का प्रयास मामले में फरार दो अभियुक्तों को देवकुंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के गोविद बिगहा निवासी कामत साह एवं मुझफ़र साह के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि मारपीट व हत्या का प्रयास मामले में दोनों के खिलाफ 25 मार्च को प्राथमिकी दर्ज की गई थी जिसमें ये दोनों फरार थे। बुधवार की रात छापेमारी में दोनों पकड़े गए। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

## चोरी के आरोप में धराया युवक गया जेल

**औरंगाबाद**। हसपुरा पुलिस ने चोरी के एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के जयमाल बिगहा निवासी आदित्य सुमन के रूप में की गई है। दरअसल, पिछले महीने एक फार्म में चोरी की घटना घटित हुई थीं जिसमें चोरी की सामग्रियां बरामद कर एक अभियुक्त को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जबकि यह मामले में फरार चल रहा था। इसी क्रम में बुधवार की रात घर से पकड़ा गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि चोरी के कांड में फरार एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

## आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। थानाक्षेत्र के जमालविगहा गांव निवासी आदित्य सुमन को मुर्गी दाना बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जिसे न्यायिक हिरासत में कोर्ट में समर्पित कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आदित्य सुमन जमालविगहा में मुर्गा फार्म खोल रखा था। कंपनी की ओर से मुर्गी दाना फार्म को सप्लाई किया जाता है। मुर्गी दाना बेचने का मामला हसपुरा थाना में दर्ज है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज के बाद पुलिस आरोपित को तलाश रही थी। उन्होंने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया।

# बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें : सांसद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। शहर के इमादपुर स्थित निजी होटल में स्टार डिजिटल क्लासेस द्वारा मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों सांसद अभय कुशवाहा, पूर्व विधायक अशोक कुमार, राजद विधायक प्रत्याशी डॉ. गुलाम शाहिद सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया। समारोह में अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. संजय यादव, जिला परिषद सदस्य संकर यदबिन्दु, राजद जिला प्रवक्ता उज्जवल यादव, राजद नेता उमेश यादव, चंदन कुमार, चेयरमैन ओम प्रकाश कुमार भारती उर्फ गुड्डु यादव, पूर्व उप चेयरमैन हरेन्द्र कुमार, डॉ. योगेंद्र यादव, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा, कौशल चंद्रवंशी, डॉ. विकास कुमार, डॉ. तुलसी यादव, राजीव सिंह, वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता, शिक्षक रंजीत यादव, रोबिन यादव, सोनू यादव, सिकंदर यादव एवं महफूज आलम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मैट्रिक परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें काजल कुमार (451), प्रवीण कुमार (444), सुमंत कुमार (431), रौशन कुमार (417), अनुराग कुमार (408), नीतीश कुमार (407) एवं कुश कुमार (400) शामिल हैं। संस्था के डायरेक्टर गणेश कुमार द्वारा सभी मेधावी छात्रों को 5000 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया, वहीं प्रो. डॉ. संजय सिंह यादव द्वारा छात्रों को रेंजर साइकिल देकर सम्मानित किया गया। सांसद अभय कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देना बेहद जरूरी है, क्योंकि वही देश का भविष्य हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें और संस्था को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. गुलाम शाहिद ने कहा कि क्षेत्र के सभी शिक्षण संस्थान मिलकर छात्रों को उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे आईएएस एवं आईपीएस की तैयारी के लिए प्रेरित करें।

# जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता : डीएम

## समीक्षा बैठक में डीएम ने बैकलॉग कम करने का दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में डीएम श्रीकांत शस्त्री ने जिले में एलपीजी, पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में तेल विपणन कंपनियों के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में गैस वितरण की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि जिले में कुल 67 वितरकों के पास 24,104 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध है तथा औसतन 4.8 दिनों का बैकलॉग पाया गया है। विशेष रूप से एचपीसीएल में 6.3 दिन तथा बीपीसीएल में 4.5 दिन का बैकलॉग दर्ज किए जाने पर जिला पदाधिकारी ने इसे कम करने के लिए दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों को निदेश दिया। उन्होंने संबंधित कंपनियों को निर्देश दिया कि वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए बैकलॉग को शीघ्र कम किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके।बैठक में यह भी बताया गया कि 08 अप्रैल 2026 को कुल 12,457 बुकिंग के विरुद्ध 11,478 डिलीवरी की गई। इस पर जिला पदाधिकारी ने कंपनियों को आपूर्ति और वितरण के बीच संतुलन बनाए रखने तथा मांग के अनुरूप आपूर्ति बढ़ाने के निर्देश दिए। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से एचपीसीएल के कम स्टॉक (1,862) पर कंपनी के प्रतिनिधियों को आपूर्ति श्रृंखला में सुधार करने तथा आवश्यकतानुसार अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी वितरकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि होम डिलीवरी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा उपभोक्ताओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में वर्तमान समय में कृषि कार्य के मद्देनज़र कटनी एवं रोपनी के कारण डीजल की बढ़ती मांग को देखते हुए पेट्रोल एवं डीजल की खपत की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि बेगूसराय जिले में आईओसीएल के 46, एचपीसीएल के 23 तथा बीपीसीएल के 22 पेट्रोल पंप संचालित हैं। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि विगत दिनों में पेट्रोल की मांग में मार्च माह के प्रारंभ की अपेक्षा कमी आई है। जबकि डीजल की मांग में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है। कंपनियों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार डीजल की मांग में वृद्धि कृषि क्षेत्र में मौसम के अनुरूप सामान्य है। यह समय कटाई एवं रोपनी के लिए अनुकूल होने के कारण प्रत्येक वर्ष इस अवधि में किसानों द्वारा डीजल की मांग बढ़ जाती है। कुछ पेट्रोल पंपों पर किसानों को डीजल उपलब्ध नहीं होने की सूचना पर जिला पदाधिकारी ने सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन द्वारा जारी मार्गदर्शिका एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए किसानों को 20 लीटर तक डीजल ड्रम अथवा गैलन में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर अनिल कुमार, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी रंजीत कुमार सहित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों के साथ संबंधित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गर्भवतियों की हुई स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गुरुवार को पीएचसी में विशेष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर में कुल 54 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान चिकित्सकों द्वारा महिलाओं का वजन, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य आवश्यक जांच की गई। जांच के क्रम में एक गर्भवती महिला एनीमिया से ग्रसित पाई गई, जिसे चिकित्सकों ने आवश्यक दवा उपलब्ध कराते हुए विशेष रूप से पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी।चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु कुमार ने कहा कि गर्भावस्था के दौरान नियमित स्वास्थ्य जांच अत्यंत आवश्यक है। इससे मां और गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य की स्थिति का सही आकलन किया जा सकता है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को प्रतिमाह स्वास्थ्य जांच कराने, चिकित्सकों द्वारा दी गई दवाओं का नियमित सेवन करने तथा संतुलित एवं पौष्टिक भोजन लेने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को अपने भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, दाल, दूध, फल, अंडा तथा आयरन व प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए, जिससे शरीर में खून की कमी न हो और मां तथा शिशु दोनों स्वस्थ रह सकें। साथ ही समय-समय पर टीकाकरण कराने और स्वास्थ्यकर्मियों के संपर्क में रहने की भी सलाह दी। डॉक्टर ने गर्भवती महिलाओं को महीने महीने नियमित जांच करने की भी सलाह दी। इस मौके पर डॉ. नीतीन कुमार, एलटी पंकज जोशी, सीएचसी ओ. राजा, प्रियदर्शनी, सुभानी कुमारी, जुली कुमारी तथा एएनएम शालिनी, रीणा, बेबी, मंचन,सीमा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# पैक्स नामांकन के अंतिम दिन दो प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के चार पैक्सों में होने वाले मतदान के लिए अंतिम दिन गुरूवार को अध्यक्ष पद हेतु 2 तथा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पदों हेतु 21 अभ्यर्थियों ने निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि विष्णुपुर पैक्स के अध्यक्ष पद पर संतोष साहु ने तथा पहसारा पूर्वी पैक्स के अध्यक्ष पद पर संजय कुमार ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। वही पहसारा पूर्वी पैक्स के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद पर अतिपिछड़ा वर्ग कोटि से अनिता देवी व चंद्रदेव पंडित, पिछड़ा वर्ग से मनोज महतो, रेणु यादव, सामान्य कोटि से व्यवहार यादव, देवेंद्र कुमार पूनम देवी, आभा देवी, मंजू देवी ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। वही विष्णुपुर पैक्स में प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद पर अनुसूचित जाति कोटि से मंजू देवी, सुवेश्वर पासवान, अतिपिछड़ा वर्ग कोटि से रणवीर कुमार, पिछड़ा वर्ग कोटि से मोती पोद्दार, सामान्य कोटि से किरण देवी, पवन कुमार सहाय, मो अब्बास, महेश साह, पहसारा पश्चिमी पैक्स में ओम प्रकाश कुमार ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। प्रखंड परिसर में समर्थकों की भीड़ काफी मात्रा में थी। नामजदगी के बाद समर्थकों ने अभ्यर्थियों को फूल, माला से भर दिया। मौके पर प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन, नाजिर मो मुर्तजा अंसारी, विभाकर कुमार, धर्मशील कुमार, रविन्द्र कुमार आदि भारी संख्या में समर्थक मौजूद थे ।

# हेमनपुर में लगी आग से मची अफरा-तफरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** प्रखंड के हेमनपुर गांव स्थित चौर खड़ही में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैल रही थी। जिससे आसपास के खेतों में लगी फसल के बर्बाद होने का खतरा उत्पन्न हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना डायल 112 एवं अग्निशमन विभाग को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच गई और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई और संयुक्त प्रयास से आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। समय पर पहुंची दोनों टीमों की तत्परता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया और सैकड़ों बीघा में लगी गेहूं की फसल को नुकसान होने से बचा लिया गया। यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो भारी आर्थिक क्षति हो सकती थी। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन और अग्निशमन विभाग की तत्परता की सराहना की। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जिसकी जांच की जा रही है।

# कार्यशाला के माध्यम से दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के बीआरसी भवन में सभी प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला की बैठक आयोजित की गई। प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों की भाषायी दक्षता एवं संख्यात्मक ज्ञान में अभिवृद्धि को लेकर विभागीय कसरत शुरू है। भाषायी दक्षता एवं संख्यात्मक ज्ञान में बच्चों का दक्ष होना जरूरी है। यह प्रारंभिक विद्यालयों के बच्चों की गुणवत्ता सुधार का प्रयास है। बच्चों की भाषायी दक्षता एवं संख्यात्मक ज्ञान में वृद्धि के लिए विद्यालय में समय सारिणी में भी पहली दो घंटी भाषा एवं गणित रखने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए शिक्षकों का उन्मुखीकरण कार्यशाला शुरू कर दिया गया है। गुरुवार को बीआरसी में प्रखंड विकास अधिकारी सह प्रखंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में शिक्षकों का एक दिवसीय उन्मूलन कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिक्षक ट्रेनर कुमुद रंजन, संजीत कुमार ने शिक्षा विभाग के द्वारा जारी मॉड्यूल एवं शेड्यूल के अनुसार एफ एल एन के तहत कक्षा 4, 5, 6 के बच्चों का भाषायी दक्षता एवं संख्यात्मक ज्ञान पर आधारित प्रथम जांच करते हुए कक्षा में पिछड़े बच्चों को दो माह के अन्दर सभी बच्चों को भाषायी कौशल एवं संख्यात्मक ज्ञान में दक्ष किये जाने की तकनीक पर जोर दिया गया। इसका अनुश्रवण जिलास्तरीय टीम करेगी तथा संकुल स्तरीय गठित अनुश्रवण समिति अकादमिक अनुश्रवण सह अनुसमर्थन करेंगे। प्रत्येक विद्यालय से इसके लिए दो दो नोडल शिक्षक नामित किये गये हैं। बच्चों को भाषा एवं गणित में उपचारात्मक शिक्षण के माध्यम बच्चों को खेल खेल में पढ़ाया जाएगा। मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, राम सुजान सिंह, शंभू महतो, मनोज मिश्र, कंचन कुमारी, रिया वैश्य, शिवानी टंडन, हरे राम रजक, नरोत्तम त्रिवेदी, कुमार कृष्ण, रमण कुमार, रोहित कुमार, पूनम कुमारी आदि मौजूद थे।

# गेंहू कटनी के प्रयोग का सहायक निदेशक ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत गेहूँ के कटनी प्रयोग का निरीक्षण गुरुवार को खोदावंदपुर प्रखण्ड के फफौत पंचायत में किया गया।उक्त कटनी प्रयोग का निरीक्षण दुर्गेश रंजन, सहायक निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकीय निदेशालय, पटना द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कटनी प्रयोग की प्रक्रिया, माप-तौल की शुद्धता एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन का गहन अवलोकन किया तथा संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनुकूल चंद्र राय, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी शत्रुध्न राम एवं अभय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथलेश बिहारी वर्मा, डाटा एंट्री ऑपरेटर रामनंदन कुमार एवं रोहित कुमार भगत, किसान सलाहकार रघुनंदन महतो सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। कटनी प्रयोग 10 गुणा 5 मीटर के निर्धारित क्षेत्रफल में वैज्ञानिक पद्धति से संपादित किया गया। जिसमें गेहूँ के दाने का कुल वजन 21.300 किलोग्राम प्राप्त हुआ। इस प्राप्त वजन के आधार पर फसल की उपज दर का आकलन करते हुए लगभग 42 क्विंटल प्रति हेक्टेयर उत्पादन का अनुमान लगाया गया। ज्ञात हो कि इस प्रकार के कटनी प्रयोग राज्य सरकार द्वारा निर्धारित वैज्ञानिक विधियों के अनुसार किए जाते हैं। जिससे वास्तविक उत्पादन का सटीक आकलन संभव हो सके। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी कटनी प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी ढंग से संपादित हों, ताकि किसानों के हितों की रक्षा की जा सके तथा योजनाओं का लाभ सही लाभार्थियों तक पहुंच सके।

# एनएसएस का सात दिवसीय शिविर संपन्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** एपीएसएम कॉलेज में गुरुवार को एनएसएस की सात दिवसीय शिविर सम्पन्न हुई।समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर अमरेश शांडिल्य के द्वारा दीप-प्रज्वलन कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रो मुकेश कुमार, प्रधानाचार्य, ए पी एसएम कॉलेज तथा मंच संचालन प्रो रामागर प्रसाद, कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ एनएनएस गीत से हुआ। सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रतिवेदन, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो रामागर प्रसाद के द्वारा प्रस्तुत किया गया और स्वयंसेवकों के कार्यों की विशेषकर उनके अनुशासित व्यवहार, सहयोग, सृजनात्मकता, धैर्य, स्वालंबन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, समाज सेवा, सफाई अभियान, डिजिटल जागरूकता आदि की सराहना की गई। स्वयंसेवकों में वैभव कुमार और निधि झा ने फीडबैक प्रस्तुत किया और स्वयंसेवकों तथा उनके शिविरीय कार्यों की सराहना की गई।मुख्य अतिथि प्रोफ़ेसर श्री शांडिल्य, डॉ मुकेश कुमार के द्वारा अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। उन्होंने स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा एवं स्वयंसेवक शालिनी कुमारी, निधि झा और रिंकी कुमारी ने नृत्य प्रस्तुत की। खुशी कुमारी के नारी सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक भाषण दिव्या रूपा कुमारी ने नारी सशक्तिकरण पर कविता प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बिहार का लोकनृत्य जट-जटिन शालिनी और रिंकी की सुन्दर प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यक्षीय भाषण में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों के कार्यों की खूब प्रशंसा की तथा शिविरीय समाजोपयोगी कार्यों को अपने जीवन में अपनाने की शिक्षा दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुशील कुमार ने किया। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षकों में डॉ लव कुमार, डॉ आशुतोष आनंद, डॉ नन्देश्वर कुमार, डॉ सत्यभामा, डॉ.नेहा कुमारी, डॉ. भारती कुमारी, डॉ रीता कुमारी, डॉ राघवेन्द्र कुमार, डॉ. रामबचन कुमार, डॉ रामकृष्ण ठाकुर, डॉ ध्रुव देव कुमार आदि तथा स्वयंसेवकों में वैभव, विकाश, रिंकी, हरिओम, रूपा, रूचि, मीनाक्षी, निधि, गुड़िया, अमीषा, आशीष, छोटी, खुशी, खुशी मिश्रा, कल्याणी, निशा, लक्ष्मी, आरती, कमल, अनुकेश, करिश्मा, रौशन, बिकी, सचिन, रूची, अर्पिता, दिव्यम आदि उपस्थित थे। समारोह का समापन राष्ट्र-गान से हुआ।

# पोषण पखवारा का उद्देश्य कुपोषण के विरुद्ध जन जागरुकता

## जिले के सभी 3360 आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रथम दिन जागरूकता रैलियों एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिले में गुरुवार को पोषण पखवाड़ा का औपचारिक शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में किया गया। समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान को स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग तथा जीविका के सहयोग से व्यापक जन-अभियान का स्वरूप दिया जा रहा है। अभियान के प्रथम दिन जिले के सभी 3360 आंगनबाड़ी केंद्रों पर जागरूकता रैलियों एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कुपोषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों, किशोरियों एवं गर्भवती महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य एवं पोषण को सुनिश्चित करना है। इस वर्ष पोषण पखवाड़ा को केवल आहार तक सीमित न रखते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अंतर्गत पांच प्रमुख आयामों को अभियान का आधार बनाया गया है। पहला, पोषण (स्थानीय एवं मौसमी आहार) के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं के लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध मौसमी फल-सब्जियों एवं संतुलित आहार के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। दूसरा, संवाद (रिश्तों की गर्माहट) के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों के साथ नियमित संवाद और गुणवत्तापूर्ण समय बिताने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिससे उनके मानसिक एवं भावनात्मक विकास को बल मिल सके। तीसरा, शिक्षा (खेल-खेल में सीखना) के तहत बच्चों को खेल, गतिविधियों और रंग-बिरंगे शिक्षण सामग्री के माध्यम से सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। चौथा, डिजिटल डिटॉक्स (तकनीक से दूरी) के अंतर्गत बच्चों को मोबाइल एवं टीवी के अत्यधिक उपयोग से दूर रखते हुए उन्हें खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियों और सामाजिक सहभागिता की ओर प्रेरित किया जा रहा है। पाँचवां, सशक्तीकरण (आधुनिक आंगनवाड़ी) के माध्यम से जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक संसाधनों से सुसज्जित कर उन्हें प्रभावी लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ने कहा कि पोषण पखवाड़ा का उद्देश्य केवल शारीरिक कुपोषण को समाप्त करना ही नहीं, बल्कि बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास को भी सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इस बार अभियान के दौरान विशेष रूप से डिजिटल डिटॉक्स और परिवारिक संवाद जैसे विषयों पर घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को आधुनिक शिक्षण संसाधनों से लैस कर उन्हें बच्चों के समग्र विकास के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।आज प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थानों पर आई गर्भवती महिलाओं को पोषण के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जीविका दीदियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गांव-गांव में 'पोषण चौपाल' का आयोजन किया जा रहा है।

# भागलपुर में चोरी गए 41 मोबाइल फोन संबंधित धारकों वापस किए



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** राज्य पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में चोरी या खोये मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाये गये ऑपरेशन मुस्कान के तहत कुल 41 फोन बरामद कर आज संबंधित मोबाइल फोन धारकों को सुपुर्द किया गया है।

भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने गुरुवार को यहां बताया कि इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न हिस्सों में चोरी या खोये मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए नगर पुलिस अधीक्षक के निगरानी और पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) की अगुवाई में विशेष टीम ने तकनीकी अनुसंधान के जरिए कुल 41 मोबाइल फोन को बरामद किया है। जिसकी कीमत करीब नौ लाख रुपए आंकी गई है।

उन्होंने बताया कि उक्त सभी मोबाइल फोन के वास्तविक धारकों को साइबर थाना में बुलाकर उन्हें मोबाइल फोन सुपुर्द किया गया। जिससे उन लोगों में काफी खुशी देखी गई। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले भर में ऑपरेशन मुस्कान चलाया जा रहा है और इसके तहत चोरी या खोये हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु विशेष टीम कार्य कर रही है।

# विटनेस डिपोजिशन सेंटर के लिए डीएम ने किया स्थल निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिला व सत्र न्यायाधीश, भागलपुर के पत्र के आलोक में भागलपुर व्यवहार न्यायालय परिसर में वल्नरेबल विटनेस डिपोजिशन सेंटर के निर्माण हेतु जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने आज न्यायालय परिसर के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान बार लाइब्रेरी के नीचे के स्थल को फिलहाल चिह्नित किया गया है। नगर निगम के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने पर इस स्थल पर वलनरेबल विटनेस डिपोजिशन सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, अपर समाहर्ता दिनेश राम एवं जिला विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी मीनाक्षी कुमारी मौजूद थे।

# बिजली पोल से टकराया ट्रक, आपूर्ति ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बरौनी प्रखण्ड क्षेत्र में गुरुबार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से बिजली का पोल और तार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के कारण क्षेत्र के एक बड़े हिस्से में घंटों बिजली गुल रही। जिससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही सहायक विद्युत अभियंता विष्णुकांत ने मामले को गंभीरता से लिया। उनके निर्देश पर कनीय अभियंता मुन्ना कुमार बिजली मिस्त्रियों की टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुँचे। युद्धस्त मरम्मत कार्य शुरू किया गया ताकि बिजली आपूर्ति को जल्द से जल्दबहाल किया जा सके। ट्रक की जोरदार ठोकर से पोल टूटने और तार गिरने के कारण एक मुख्य ट्रांसफार्मर से जुड़ी विद्युत सेवा पूरी तरह ठप हो गई थी। लगभग 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त पोल को बदला गया और तारों को दुरुस्त कर बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से चालू की गई।मौके पर मौजूद टीम बिजली व्यवस्था को बहाल करने में विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर मुख्य रूप से दीपक कुमार, सूर्यकांत दुबे अमित कुमार, मानव बल रामकुमार, चंदन कुमार एवं अन्य उपस्थित थे। विभाग ने सूचित किया कि सूचना मिलते ही टीम को काम पर लगा दिया गया था। फिलहाल क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सामान्य है और उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा को दूर कर लिया गया है।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का में दीक्षांत समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का में दीक्षांत समारोह का आयोजन गुरूवार को किया गया। इसका उद्घाटन प्रधानाध्यापक शंभू महतो, वरीय शिक्षक राजेश रमण ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम का संचालन शुभम कुमार ने किया। इसमें अष्टम वर्ग के उत्तीर्ण एवं प्राईमरी शिक्षा पूर्ण करने वाले 54 बच्चे को उपाधियाँ प्रदान की गई। विद्यालय प्रांगण में मोर्टार बोर्ड और गाउन पहने बच्चे सजे मंच और उत्साहित अभिभावकों की मौजूदगी का दृश्य किसी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह का एहसास करा रहा था। सरकारी स्कूल में इस तरह का कार्यक्रम बहुत कम ही देखने को मिलता है। कार्यक्रम की शुरुआत वर्ग अष्टम की छात्रा सोनम कुमारी द्वारा स्वागत गान से हुई। अष्टम के छात्र, छात्राओं द्वारा नाट्य रूपांतरण भी प्रस्तुत किया गया। जिसमें सृष्टि अनन्या, जूली, अभिलाषा, रानी, गीता सोनम एवं अन्य प्रतिभागी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। विद्यालय के पूर्व छात्रा रीतिका एवं रानी द्वारा कविता की प्रस्तुति भी की गई। सचिव नीता देवी ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण के द्वारा ही कराकर गांव की सामाजिक परंपरा और जुड़ाव को भी जीवंत रखा गया। मौके पर शिक्षक शत्रुघ्न कुमार, प्रियदर्शन कुमार, साधना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सिकंदर सहनी, संजीत कुमार, देवकांत राय एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**बीहट।** जीरो माइल सहायक थाना क्षेत्र के रुंगटा पेट्रोल पंप गोलंबर के समीप बुधवार की रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। घटना एनएच-31 स्थित रुंगटा पेट्रोल पंप के पास की है। मृतक वृद्ध व्यक्ति सड़क पार कर रहे थे। तभी जीरो माइल की दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वृद्ध पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही जीरोमाइल सहायक थाना की पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

नियमों के अनुसार, शव को अगले 72 घंटों के लिए सुरक्षित रखा गया है ताकि उनके परिजनों का पता लगाया जा सके।पुलिस फिलहाल आसपास के लोगों और सीसीटीवी फुटेज के जरिए मृतक की शिनाख्त करने और टक्कर मार कर भागने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# हथियारबंद बदमाशों ने युवक को मारी गोली, चल रहा इलाज

## घटना का कारण स्पष्ट नहीं, पुलिस मामले की कर रही तफ्तीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकोल गांव में बुधवार की रात हथियारबंद बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। उसे बाएं हाथ के हथेली के ऊपर हिस्से पर गोली लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए शहर के महावीर टोला स्थित मेडिकॉन अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। घटना को लेकर गांव में आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जख्मी संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकोल गांव निवासी मिथिलेश सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अमित कुमार सिंह है। बताया जाता है कि बुधवार की रात वह अपने घर के बाहर टहल रहा था तभी हथियारबंद बदमाशों द्वारा उसे गोली मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि हथियारबंद बदमाशों ने उसे गोली क्यों मारी इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, संदेश थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष श्वेता कुमारी ने बताया कि घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जांच कर रही है। जांच उपरांत ही घटना का कारण स्पष्ट हो पाएगा। जख्मी का इलाज कर रहे ऑर्थो सर्जन डॉ. सूर्यकांत निराला ने बताया कि जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ के हथेली के ऊपर हिस्से पर लगी थी, जो छूकर निकल गई थी। वह बिल्कुल स्टेबल है।

## हथियार, कारतूस एवं नगदी के साथ बदमाश धराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** अवैध हथियार की बरामदगी को लेकर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लगातार अभियान के तहत कृष्णगढ़ थाना पुलिस को एक सफलता हाथ लगी है। इस दौरान पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध हथियार, कारतूस, खोखा, मोबाइल एवं नगद रुपए के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के गुंडी



गांव स्थित उसके घर से की। तलाशी के दौरान उसके पास से 2 देशी कट्टा, 15 कारतूस, खोखा, 2 मोबाइल एवं 10,800 रुपये नगद बरामद किया। बरामद दो देशी कट्टा में एक कट्टा दोनाली व डबल ट्रिगर वाला शामिल है। गिरफ्तार बदमाश कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव निवासी रामाशंकर यादव का पुत्र हरेकृष्णा यादव है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राज ने दी। उन्होंने बताया कि कृष्णागढ़ थानाध्यक्ष रौशन कुमार जब क्षेत्र में छापेमारी कर रहे थे तभी उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी की गुंडी गांव निवासी हरेकृष्णा यादव अपने घर में अवैध हथियार एवं कारतूस छुपा कर रखा है। सूचना के सत्यापन उपरांत थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने पुलिस बल के साथ हरेकृष्णा यादव के घर छापेमारी की। इस दौरान उसके कमरे में बिछावन के नीचे से 2 देशी कट्टा, 15 कारतूस, 1 खोखा, 2 मोबाइल एवं 10,800 रुपये नगद बरामद। इसके पश्चात कृष्णगढ़ थाना में पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है।

# युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, सनसनी

## परिजन द्वारा घरेलू कलह में खुदकुशी करने की कही जा रही बात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** जिले के सहार थाना क्षेत्र के बरूही गांव में बुधवार की रात घरेलू कलह के कारण एक युवक ने गले में फंसी लगाकर खुद्कुशी कर ली। उसका शव घर के पीछे ताड़ के पेड़ से लटका मिला। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। वहीं परिजन द्वारा घरेलू कलह के कारण खुद्कुशी करने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार मृतक सहार थाना क्षेत्र के बरुही गांव वार्ड नंबर-2 निवासी सियाराम चौधरी का 25 वर्षीय पुत्र रामसूरत चौधरी है। इधर, दूरभाष पर मृतक की भाभी द्वारा बताया गया कि उसकी तीन वर्ष पूर्व शादी हुई थी। उसकी पत्नी झगड़े के कारण चार माह से अपने मायके रह रही है। बुलाने पर भी वह मायके से वापस नहीं लौटी। बुधवार को भी शायद उनके बीच फोन पर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद रात में देवर रामसूरत चौधरी ने घर के पीछे स्थित बधार में ताड़ के पेड़ पर चढ़कर गले में गमछा बांध फंसी लगाकर खुद्कुशी कर ली। कुछ देर बाद ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी परिजनों को मिली। तब परिजन वहां पहुंचे और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने छह भाई व तीन बहन में छोटा था। उसके परिवार में पत्नी आरती देवी एवं दो माह की पुत्री परी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।उसकी पत्नी आरती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# निर्माणाधीन ओपन जिम का एसपी ने किया निरीक्षण

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा नवीन पुलिस केंद्र में पुलिसकर्मियों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं फिटनेस को सुदृढ़ बनाने हेतु निर्माणाधीन ओपन जिम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं उपयोग में लाई जा रही सामग्री का गहन अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय-सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने पर विशेष बल दिया गया।

## क्विज प्रतियोगिता में रौनक राज को मिला दूसरा स्थान

**चांदन (बांका)।** बिहार दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में कन्या मध्य विद्यालय चान्दन के छात्रों के द्वारा उत्साहवर्धक प्रदर्शन किया गया। आयोजित क्वीज प्रतियोगिता में रौनक राज ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि पेंटिंग प्रतियोगिता में अनमोल कुमार एवं गणित ओलंपियाड में सोयम कुमार को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। विदित हो कि तीनों छात्रों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

# चन्दन कुमार सिन्हा बने सनातन बोर्ड परिषद के बांका लोकसभा क्षेत्र के सह संयोजक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चांदन (बांका)।** सनातन बोर्ड परिषद के राष्ट्रीय संयोजक अमित भारद्वाज एवं बिहार राज्य के संयोजक देवानंद मिश्रा ने चन्दन कुमार सिन्हा को बांका लोकसभा के सह संयोजक पद के लिए भरोसा कर नियुक्त किया है। सनातन बोर्ड परिषद के संरक्षक जगद गुरु योगेश्वराचार्य जी महाराज व देवकीनंदन महाराज एवं गुरुदेव समर्थ दास बापू एवं धीरेन्द्र शास्त्री (बागेश्वर धाम सरकार) है। इस संस्था का उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा करना और सनातन धर्म को मजबूत करने की दिशा में काम करना है।भारत हिन्दू राष्ट्र बने, गौ माता राष्ट्र पशु, सनातन बोर्ड परिषद आयोग का गठन, मठ- मंदिर की



रक्षा एवं धार्मिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में काम कर रहा है। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद चन्दन कुमार सिन्हा ने कहा कि सनातन बोर्ड परिषद के राष्ट्रीय संयोजक एवं प्रदेश संयोजक ने जो दायित्व दिये हैं एवं भरोसा जताए हैं उस भरोसे के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने का कार्य करूंगा एवं सनातन बोर्ड परिषद के लिए कार्य करूंगा, साथ ही उन्होंने नियुक्ति पत्र देने व भरोसा जताने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## 286 गर्भवतियों की हुई स्वास्थ्य जांच

**चांदन (बांका)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज गुरुवार को सीएचसी चांदन में शिविर का आयोजन किया गया। सीएचसी चांदन में 156, वेलनेस सेंटर सुईया में 74 व वेलनेस सेंटर भैरोगंज में 40 व अति जोखिम गर्भ धारण की गई सीएचसी चांदन में 12 व वेलनेस सेंटर सुईया में 04 सहित कुल 286 गर्भवती महिला शिविर में पहुंची। सभी गर्भवती महिला की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, वजन, एचआईबी आदि की जांच की गई। शिविर में मौजूद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 आशिष कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी शशिकांत कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी रमेश कुमार, डॉ रजनीश कुमार, डॉ मेघना मल्होत्रा, लैब टेक्नीशियन ममता कुमारी, शंभू कुमार, डाटा इंट्री ऑपरेटर सीताराम कुमार, निशांत कुमार, बादल कुमार, अरमान कुमार, सीएचसी रूणा देवी, गोपाल कुमार, बब्लू ओम कुमार सहित सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# परीक्षा की तैयारी के प्रति रहें सजग : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा द्वारा गुरुवार को नवीन पुलिस केंद्र, भोजपुर (आरा) में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु सिपाहियों को उनके प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासन, साफ-सफाई, कार्य के प्रति निष्ठा, व्यावहारिक दक्षता, विधिक ज्ञान एवं पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षु सिपाहियों को अपराध नियंत्रण, गश्ती व्यवस्था, सार्वजनिक सुरक्षा, आपातकालीन सहायता, सूचना संग्रहण एवं आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सिपाहियों को आगामी प्रशिक्षण समापन परीक्षा की तैयारी के प्रति सजग रहने एवं भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया।



## एसपी ने नवनिर्मित ट्रैफिक थाना भवन का किया निरीक्षण

**आरा।** पुलिस अधीक्षक राज द्वारा गुरुवार को ट्रैफिक थाना के नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। थाने का नवनिर्मित भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें कार्यालय कक्ष, अभिलेख कक्ष, हाजत, महिला परामर्श कक्ष एवं प्रतीक्षालय की व्यवस्था की गई है। साथ ही स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। ट्रैफिक थाना में यातायात नियंत्रण हेतु सीसीटीवी निगरानी, डिजिटल चालान व्यवस्था, वायरलेस संचार प्रणाली एवं नियंत्रण कक्ष की सुविधा प्रदान की गई है। साथ ही बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड एवं सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए शिकायत एवं चालान संबंधी जानकारी हेतु अलग काउंटर की व्यवस्था की गई है। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने भवन के समुचित रख-रखाव एवं बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने व्यवहार न्यायालय कहलगांव का किया निरीक्षण

## उपकारा निर्माण में तेजी लाने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपांकर पाण्डेय ने गुरुवार को व्यवहार न्यायालय कहलगांव का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर में प्रस्तावित सार्वजनिक महिला एवं पुरुष शौचालय के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान का चयन किया। अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय के पीछे स्थल चिह्नित करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्राक्कलन तैयार कर कार्य प्रारंभ करने तथा समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में न्यायाधीश ने अधिवक्ता संघ के सदस्यों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक खेतान एवं महासचिव केडी सिंह ने अधिवक्ताओं के बैठने की समुचित व्यवस्था, अधिवक्ता भवन के निर्माण, शौचालय तथा पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर न्यायाधीश ने संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके उपरांत उन्होंने नंदलालपुर के समीप निर्माणाधीन उपकारा का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए संवेदक एवं अभियंताओं को कार्य में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि हर हाल में दिसंबर माह से पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। गौरतलब है कि उपकारा का निर्माण पूर्ण नहीं होने के कारण आपराधिक न्यायालय का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है, जिससे न्यायिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस अवसर पर स्थानीय न्यायिक पदाधिकारी सब जज प्रथम अखिलेश कुमार, सब जज तृतीय तस्लीम कौसर, मुंसिफ प्रथम विकास गौरव, मुंसिफ द्वितीय अनंत कुमार, जिला नाजिर अमिताभ घोष, अरविंद कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गाजे-बाजे व जुलूस के साथ श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** गाजे-बाजे एवं जुलूस के साथ ही भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ 1008 रुद्र महायज्ञ प्रारंभ हुआ। प्रखंड के दसौत पंचायत अन्तर्गत परम धाम मानस मंदिर ठाकुरबाड़ी बंदा के प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ भव्य शोभा कलश यात्रा के साथ ही गुरुवार को प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर 208 कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं के द्वारा मानस मंदिर पोखरा में पवित्र जल भरकर बंदा गांव के विभिन्न देवालयों एवं दुर्गा स्थान बंदा, गौरा तक नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न मठों से पधारे कुल गुरु संतों दो रथों पर विराजमान होकर शोभा कलश यात्रा के आगे आगे चल रहे थे। हर हर महादेव की जय घोष से बंदा



गांव एवं आसपास का इलाका बातावरण भक्ति में हो गया। शोभा कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए मानस मंदिर के प्रांगण में यज्ञ मंडप के परिसर में कलश स्थापित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न मठों के महंतों एवं कुल गुरुओं को रुद्र महायज्ञ समिति के द्वारा चादर, पाग, माला से सम्मानित किया गया। यज्ञ स्थल परिसर में शंकर भगवान के पूरे परिवार, राम भगवान के परिवार, राधा कृष्ण, राजा हरिश्चंद्र, लक्ष्मी जी एवं बजरंगबली की भव्य प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बिंदु बना हुआ है। रुद्र महायज्ञ समिति के द्वारा बताया गया कि 9 अप्रैल से यज्ञ प्रारंभ हुआ और 17 अप्रैल कै समापन होगा। प्रत्येक दिन राम कथा वाचक वृंदावन से पधारे प्रदुम्मन आचार्य के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। इस अवसर पर फतुहा धाम के महंत आत्माराम दास, मोरदीवा सरकार शिबू दास, गुठौली महंत योगा दास, गाहर महंत सदानंद महाराज को भव्य स्वागत किया गया। रुद्र महायज्ञ समिति के द्वारा यज्ञ मंडप के प्रांगण प्रवचन स्थल एवं आसपास के इलाकों को दूधिया रंग के लाइट से सजाया गया है। रुद्र महायज्ञ में बच्चों की मनोरंजन हेतू टाबर झूला, ब्रेक डांस, नाव, जंपिंग, रेल इत्यादि की व्यवस्था किया गया है। मुख्य कलश धारी रसील राय, सुबोध राय, यादवेंद्र राय पुजारी बच्चा मिश्र, सुरेश राय ने यज्ञ सुचारू ढंग सम्पन्न की कामना की। मौके पर रुद्र महायज्ञ समिति के गोपाल जी राय अध्यक्ष, रजनीश कुमार राय सचिव, गोविंद राय उप सचिव, अरविंद कुमार राय, कोषाध्यक्ष, केशव राय उप कोषाध्यक्ष, नागेंद्र कुमार राय पूर्व मुखिया, महेश राय, कृष्ण कुमार राय उर्फ लालन पूर्व मुखिया मुखिया, राकेश कुमार राय उर्फ संटुन राय, टुनटुन कुमार राय, शंभू राय, त्रिदेव राय, गंगा प्रसाद राय, अश्वनी राय, सुमन राय, श्याम सुंदर राय, प्रशांत कुमार राय, अनिरुद्ध राय, उमाशंकर राय, विजय बाबा, त्रिपुरारी राय, चंदन राय, गंगाराम राय, दुर्गानंद राय, सहित समस्त ग्रामवाशी क्षेत्र वासियों ने सराहनीय सहयोग किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आइए, हम मिलकर ...

समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारी शक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# बंधार पंचायत में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड के बंधार पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 73 पर बृहस्पतिवार को आठवां पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निभा कुमारी एवं महिला पर्यवेक्षक सोनम प्रिया की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने पोषण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं के समुचित पोषण के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को निर्देश दिया कि वे घर-घर जाकर लोगों को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। सभी ने मिलकर पोषण पखवाड़ा के सफल संचालन का संकल्प लिया कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी दी गई तथा हरी सब्जियों, दाल, फल एवं संतुलित




भोजन के सेवन के प्रति प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने पर भी जोर दिया गया गौरतलब है कि पोषण पखवाड़ा के तहत आगामी दिनों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रैली, गोष्ठी एवं घर-घर संपर्क अभियान चलाने संबंधित बातों की जानकारी दी गई, जिससे अधिक से अधिक लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया जा सके। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सरिता कुमारी, सविता कुमारी, नीतू कुमारी, अजमेरी खातून, सूजी कुमारी, उर्मिला कुमारी, अंबिका कुमारी, रीना कुमारी सहित अन्य सेविकाएं एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# लापता इंदल रविदास की बरामदगी को लेकर जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**प्राणपुर/कटिहार।** प्राणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत केहुनियां गांव निवासी लापता इंदल कुमार रविदास (22) पिता- स्व. जनार्दन रविदास की खोज में पुलिस जोर-शोर से जुटी हुई है। इंदल कुमार रविदास बुधवार की रात्रि से हीं लापता है। मामले को लेकर लापता इंदल के बड़े भाई बादल रविदास ने प्राणपुर थाना में लिखित आवेदन देकर लापता अपने भाई की बरामदगी की गुहार लगाई है। मामले को गंभीरता को देखते हुए पुलिस त्वरित कारवाई करते हुए लापता युवक की सुरक्षित बरामदगी के लिए खोजबीन शुरु कर दी। खोजबीन के दौरान बसनी बहियार से लापता नवयुवक का बाइक एवं गमछा बरामद किया गया है। वहीं एफएसएल की टीम को भी बुलाकर जांच कराई जा रही है। सदर एसडीपीओ अभिजीत कुमार सिंह भी पहुंच कर लापता इंदल के परिजनों एवं उनके दोस्तों से पूछताछ किया। पूछताछ के क्रम में बड़ा भाई बादल रविदास ने पुलिस को बताया कि उसके भाई इंदल का प्रेम प्रसंग केहुनियां केवट टोला निवासी जीतू केवट की धर्मपत्नी संजना देवी के साथ चल रहा था। बादल के बयान पर पुलिस प्रेमिका संजना देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं इंदल की पत्नी सोनी देवी, माँ मासोमात मीरा देवी, भाई सहित अन्य परिजन सदमे में हैं। इस बाबत थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि लापता इंदल कुमार रविदास के बड़े भाई के आवेदन पर थाना में मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में जो बात सामने आई है उससे मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत होता है।जो भी हो मामले का जल्द हीं खुलासा कर दिया जाएगा।

# पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से व्यवस्था चरमराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डंडखोरा/कटिहार।** प्रखंड क्षेत्र के पंचायतों में पदस्थापित पंचायत सचिव 08.04.2026 से सामुहिक रुप से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। उनके हड़ताल पर चले जाने से पंचायत स्तर पर होने वाले विकास एवं अन्य प्रशासनिक कार्यो पर विराम लग गया है। सचिवों ने इस आशय का पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश को सौंप दिया है। बता दें कि प्रखंड के 06 पंचायतों के लिए मात्र 03 हीं पंचायत सचिव कार्यरत हैं। पूर्व में राजस्व कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से लोक सेवाओं के अधिकार के तहत जारी होने वाले प्रमाण पत्रों के जांच की जिम्मेवारी भी पंचायत सचिवों के ही जिम्मे था। पंचायत सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से छात्र-छात्राओं को नये सत्र में नामांकन के लिए आवश्यक जाति,आय और आवासीय प्रमाण-पत्र बनपाने में जहॉ परेशानी शुरु हो गई है। तो वहीं नवजातों के जन्म-प्रमाण पत्र बनवाने में भी परेशानी है।

# प्रत्येक प्रखंड में दो-दो पाण्डुलिपि सर्वेक्षकों का करें चयन : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत राज्य में पाण्डुलिपियों के संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन से संबंधित बिहार सरकार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के क्रम में मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि पाण्डुलिपियों का संरक्षण एवं डिजिटाइजेशन भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण फ्लैगशिप पहल ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा, ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं प्राचीन ग्रंथों को सुरक्षित रखते हुए भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना है ताकि उनमें निहित ज्ञान को शोध, अनुवाद एवं प्रकाशन के माध्यम से वैश्विक स्तर पर प्रसारित किया जा सके। मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिया गया कि न्यूनतम 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेज, जो कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा, धातु अथवा अन्य पारंपरिक माध्यमों पर लिखे गए हों तथा विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों के पास सुरक्षित हों, उनका डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अधिक से अधिक पाण्डुलिपियों के डिजिटाइजेशन में योगदान देने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं को जिला स्तर पर प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने का भी निर्देश दिया गया। इस निर्देश के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तर पर पाण्डुलिपियों के सूचीकरण एवं ज्ञान भारतम मिशन से संबंधित कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण हेतु उप विकास आयुक्त को नोडल पदाधिकारी नामित करते हुए एक समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा समिति के सभी सदस्यों को निर्देशित किया गया है कि औरंगाबाद जिले के अंतर्गत स्थित सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं जैसे मठ, मंदिर, पुस्तकालय, शैक्षणिक संस्थान, निजी संगठन एवं अन्य संस्थानों तथा व्यक्तियों के पास उपलब्ध पाण्डुलिपियों की पहचान कर उनकी सूची तैयार करने के साथ कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने-अपने प्रखंडों में अधिक से अधिक लोगों को पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण के प्रति जागरूक करें तथा जागरूक व्यक्तियों एवं संबंधित संस्थानों के सहयोग से उपलब्ध पाण्डुलिपियों को ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक प्रखंड में दो-दो पाण्डुलिपि सर्वेक्षकों को नामित किया जाए, जो संबंधित संस्थाओं एवं व्यक्तियों से समन्वय स्थापित कर उनके पास सुरक्षित पाण्डुलिपियों का डिजिटाइजेशन कराते हुए उन्हें ज्ञान भारतम मोबाइल एप पर अपलोड कराएं। जिला प्रशासन द्वारा सभी जिलावासियों से अपील की गयी कि जिन व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के पास न्यूनतम 75 वर्ष या उससे अधिक पुराने हस्तलिखित दस्तावेज, जो कागज, भोजपत्र, ताड़पत्र, कपड़ा, धातु अथवा अन्य पारंपरिक माध्यमों पर लिखे गए हों, सुरक्षित हैं, वे पाण्डुलिपियों के डिजिटाइजेशन हेतु जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज के मोबाइल नंबर 7488153690 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया है कि पाण्डुलिपियां संबंधित व्यक्ति अथवा संस्था के स्वामित्व में ही सुरक्षित रहेंगी तथा उनका डिजिटाइजेशन कर भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित किया जाएगा।

# डंपर की ठोकर से बाइक सवार महिला की मौत, बेटा गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुर मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार को सड़क हादसे में बाइक सवार एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान ढिबरा थाना क्षेत्र के चोरिया गांव निवासी नूरजहां के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नूरजहां अपने पुत्र मोहम्मद बरकत के साथ बाइक से गैस सिलेंडर लेने के लिए देव स्थित एजेंसी जा रही थी। इस क्रम में वे जैसे ही उस जगह पर पहुंची तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों बाइक से सड़क पर गिर पड़े और महिला डंपर के नीचे आ गई जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पुत्र बरकत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क को पूरी तरह जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। मौके का फायदा उठाकर चालक वाहन छोड़कर भागने में सफल रहा। सूचना पर थानाध्यक्ष कुमार सौरभ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया तथा उचित कानूनी कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डंपर को जब्त कर लिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि जख्मी पुत्र को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र देव में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दोषी को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के प्रथम जिला जज विश्व विभूति गुप्ता ने महिला थाना में दर्ज एक कांड में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरम गांव निवासी एकमात्र अभियुक्त रंधीर कुमार को सज़ा सुनाई है। एपीपी रामनरेश प्रसाद ने बताया कि काराधीन अभियुक्त को बीते 26 मार्च को दोषी ठहराया गया था। अभियोजन की ओर से चिकित्सक, आईओ सहित 09 गवाही हुई थी। अभियुक्त पर आरोप गठन 10 जनवरी 2022 को हुआ था। आज दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायधीश ने सज़ा सुनाई है। मामले में प्राथमिकी सूचक पीड़िता के भाई ने 03 जुलाई 2020 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि उसकी बहन मैट्रिक की छात्रा है। शाम को शौच के लिए बाहर गई तो वापस नहीं लोटी। अभियुक्त रंधीर कुमार और मृत्युंजय कुमार ने उसके साथ मारपीट कर दुष्कर्म किया और बेहोशी की हालात में बेलाढी गांव के नहर में फेंक दिया। जब बेलाढी गांव के लोगों ने सुबह में हल्ला किया कि एक लड़की नहर में फेंकी गई है तो हमलोग पहुंच कर पहचान की। इसके बाद उसका अस्पताल में इलाज़ करवाया। होश आने पर उसने घटना तथा अभियुक्तों की जानकारी दी। तत्पश्चात अभियुक्तों के खिलाफ महिला थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। अभियुक्त मृत्युजंय कुमार को नाबालिग होने के कारण वाद पृथक कर जेजेबी बोर्ड औरंगाबाद भेज दिया गया था। आज सजा की बिंदु पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने कहा कि अभियुक्त घटना के समय से जेल में है जिसके ऊपर पारिवारिक दायित्व है। कम से कम सज़ा दी जाए। इस पर पीड़िता के अधिवक्ता मंतोष कुमार ने कहा कि पीड़िता अभी तक शादी नहीं कर पाई है, इसलिए अभियुक्त को अधिकतम सज़ा हो। दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात न्यायाधीश ने सज़ा सुनाई।

# ट्रक से 591.76 किलो गांजा जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप अंबा पुलिस और मद्यनिषेध इकाई को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा के साथ एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चालक की पहचान रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना अंतर्गत रमनी बिगहा निवासी 38 वर्षीय अब्दुल खान के रूप में हुई है। मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग, पटना को सूचना मिली थी कि झारखंड की ओर से एक हाइवा ट्रक में भारी मात्रा में नशीले पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के निर्देश पर अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। विशेष टीम ने थाना क्षेत्र के एनएच-139 पर हरदत्ता यात्री शेड के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान झारखंड की ओर से आ रहे एक संदिग्ध हाइवा ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। ट्रक के अंदर विशेष रूप से बनाया गया एक गुप्त तहखाना मिला, जिसमें गांजे के पैकेट छिपाकर रखे गए थे। उस तहखाने से 591.76 किलोग्राम गांजा एवं 10,780 नकद बरामद किया गया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राहुल राज, इंस्पेक्टर राजीव रंजन श्रीवास्तव, एसआई श्वेत सागर समेत अन्य पुलिसकर्मी एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं गांजा तस्करी के इस अंतर्राज्यीय गिरोह के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा रहा है ताकि नशा के करोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

# संदिग्ध हालत में सेटरिंग संवेदक का शव अर्द्धनिर्मित पार्क से बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून पुलिस ने बुधवार की रात्रि 11 बजे संदिग्ध परिस्थिति में एक सेटरिंग संवेदक के शव को टेंगरा स्थित अर्द्ध निर्मित पार्क से बरामद किया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी रमाशंकर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र बबन कुमार के रूप में की गई है। शव बरामद करने के दौरान कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया है। गुरुवार की सुबह पोस्टमार्टम करने आए परिजनों ने बताया कि बबन सेटरिंग संवेदक के रूप में पिछले 12 वर्षों से काम करते आ रहे थे और उसी सिलसिले में प्रतिदिन की भांति अपने गांव से सुबह निकले थे। हमेशा की तरह वे रात्रि 9 बजे तक घर आ जाते थे। मगर बुधवार की शाम छह बजे उनका मोबाइल बंद हो गया। सभी को लगा कि मोबाइल की बैटरी डिस्चार्ज होने के कारण स्विच ऑफ हो गया होगा लेकिन जब रात्रि 9 बजे तक वे घर नहीं पहुंचे तो चिंता बढ़ गई। अनहोनी की आशंका से सभी दहशत में आ गए। तब से खोजबीन शुरू हुई। इसी दौरान एक व्यक्ति ने उन्हें टेंगरा समीप स्थित अर्धनिर्मित पार्क के समीप बैठे हुए देखे जाने की बात कही। सूचना पर जब वहां पहुंच खोजबीन की लेकिन कही उनका पता नहीं चला। इसी दौरान पास के नहर में औंधे अवस्था में पड़ा हुआ मिला। आनन-फानन में उन्हें स्थानीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि आखिर वहां वे कैसे पहुंचे और उनका सिर नाम मात्र के पानी में कैसे डूबा। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बारून थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। इसकी जानकारी पुलिस द्वारा संचालित सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपलब्ध करा दी जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से होने वाली आगजनी पर लगेगी लगाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के कर्मा रोड स्थित उत्सव भवन के सभा कक्ष में जिला अग्निशमन पदाधिकारी प्रभा कुमारी की अध्यक्षता में विद्युत अभियंताओं एवं अग्निशमन पदाधिकारियों के साथ बिजली की शॉर्ट सर्किट से होने वाली आगजनी की घटनाओं की रोकथाम हेतु महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाल के दिनों में बिजली की शॉर्ट सर्किट, अवैध विद्युत कनेक्शन, घटिया गुणवत्ता के एल्युमिनियम एवं कॉपर तार के उपयोग तथा ट्रांसफर्मर पर अत्यधिक लोड के कारण आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। जिला अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान कर समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि एल्युमिनियम एवं कॉपर तार की नकली एवं घटिया गुणवत्ता के कारण आगजनी की घटनाओं की संभावना को देखते हुए अग्निशमन विभाग एवं विद्युत विभाग की संयुक्त टीम गठित कर विभिन्न बाजारों एवं दुकानों में सघन जांच एवं छापेमारी की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सघन शहरी बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों तथा अधिक घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अवैध विद्युत वायरिंग, जर्जर तार, ओवरलोड ट्रांसफर्मर एवं असुरक्षित विद्युत कनेक्शनों की जांच कर चिन्हित स्थलों पर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त आम नागरिकों को विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक करने, सुरक्षित एवं प्रमाणित विद्युत सामग्री के उपयोग को बढ़ावा देने तथा आगजनी की घटनाओं की सूचना त्वरित रूप से अग्निशमन विभाग को उपलब्ध कराने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि आग से संबंधित आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए आपसी समन्वय एवं सूचना तंत्र को और सुदृढ़ किया जाए। बैठक में सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी जयराम सिंह, लालकेश्वर प्रसाद, अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी रामाकांत सिंह, दाउदनगर अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी सोनाली कुमारी, दाउदनगर सहायक अनुमंडल अग्निशामालय पदाधिकारी अभिषेक कुमार, रफीगंज सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज, सदर कनीय अभियंता विषवेन्द्र सिंह, बारून के कनीय अभियंता अजीत कुमार राजन सहित सभी प्रखंडों के कनीय अभियंता उपस्थित रहे।

# युवा पीढ़ी को खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रशासन प्रयासरत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड क्षेत्र के गजना धाम में बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गजना महोत्सव के दूसरे दिन खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की शानदार प्रस्तुति देखने को मिली। कार्यक्रम का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय कलाकारों नागरिकों, खिलाड़ियों एवं कलाकारों ने भाग लिया। महोत्सव के दूसरे दिन का प्रमुख आकर्षण जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता रही। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ नबीनगर विधायक चेतन आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के बालक समूह में राजकीय कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय दोसमा को विजेता घोषित किया गया जबकि मध्य विद्यालय मंगिया को उपविजेता घोषित किया गया। कबड्डी बालिका वर्ग में कन्या मध्य विद्यालय नवीनगर को विजेता तथा राजकीय मध्य विद्यालय बैरिया को उपविजेता घोषित किया गया। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज ने बताया कि जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को भरपूर मौका देते हुए कल 22 संस्थाओं एवं कलाकारों को अपना प्रतिभा दिखाने का मौका प्रदान किया गया। महोत्सव के दूसरे दिन अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर संतन कुमार सिंह एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी नबीनगर अरुण कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अंत में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, नवीनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण सिंह के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी कलाकारों, पेंटिंग रंगोली एवं कबड्डी प्रतियोगिता के विजेताओं उपविजेता आयोजन समिति के सदस्यों न्यास समिति के सदस्यों आदि को शॉल एवं मोमेंटो से सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा इस अवसर पर कहा गया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। युवा पीढ़ी को खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी पदाधिकारियों, आयोजकों, खिलाड़ियों, कलाकारों एवं आम नागरिकों के प्रति जिला प्रशासन द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# विभिन्न मामलों में 59 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 59 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 25 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एनडीपीएस एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 7, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 44 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 276.70 लीटर देसी शराब, 38.50 लीटर विदेशी शराब, 591.76 किलोग्राम गांजा, एक ट्रक एवं एक बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1320 वाहनों की जांच की गई जिससे 126500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 35 वारंट एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। साईबर थाना की पुलिस द्वारा 7547 रूपये रिकवर किया गया है। वहीं 5000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट तथा 5 भट्ठियों को ध्वस्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस का अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# होमियोपैथी सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सा विकल्प : डॉ. मनोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

विश्व होमियोपैथी दिवस पर विशेष



**दाउदनगर।** विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर प्रसिद्ध जर्मन चिकित्सक एवं होमियोपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमेन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दाउदनगर स्थित सुपर स्पेशियलिटी एवं एडवांस होमियोपैथिक रिसर्च क्लिनिक के संस्थापक एवं प्रख्यात चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार ने होमियोपैथी चिकित्सा पद्धति के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. मनोज ने कहा कि वर्तमान समय में महंगी चिकित्सा व्यवस्था आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही है। ऐसे में होमियोपैथी एक सुरक्षित, सुलभ और प्रभावी विकल्प के रूप में सामने आई है। उन्होंने कहा कि यह चिकित्सा पद्धति औषधियों के गहन अध्ययन और उनके वैज्ञानिक अनुप्रयोग पर आधारित है, जो शरीर की जीवन शक्ति को सशक्त बनाकर रोगों का उपचार करती है। उन्होंने बताया कि होमियोपैथी का मूल सिद्धांत समः समं समयति है, अर्थात समान लक्षणों से उत्पन्न रोग का उपचार समान प्रकृति की औषधियों से किया जाता है। इस पद्धति में रोग नहीं, बल्कि रोगी के शारीरिक और मानसिक लक्षणों के आधार पर इलाज किया जाता है। यही कारण है कि एक ही बीमारी से पीड़ित दो व्यक्तियों को अलग-अलग दवाएं दी जाती हैं। डॉ. मनोज ने दावा किया कि पिछले 27 वर्षों में उन्होंने कैंसर, थायराइड, ऑटिज्म, पीसीओडी, गठिया, प्रोस्टेट, बांझपन, सर्वाइकल व लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, सायटिका, लकवा, हृदय रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग सहित कई जटिल बीमारियों का सफल उपचार किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोगों के लिए उन्होंने लगभग 15 वर्ष पूर्व शुक बाजार स्थित देवी मंदिर में एक निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की है। यह क्लिनिक प्रत्येक रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होता है, जहां अब तक हजारों मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। डॉ. मनोज ने कहा कि जहां कुछ लोग एलोपैथी और सर्जरी के माध्यम से त्वरित राहत चाहते हैं, वहीं होमियोपैथी स्थायी सुधार और संपूर्ण स्वास्थ्य पर जोर देती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे दीर्घकालिक और समग्र स्वास्थ्य लाभ के लिए होमियोपैथी को अपनाएं।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269


## जिलाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार औरंगाबाद पहुंचे पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह का भव्य स्वागत

# औरंगाबाद में कांग्रेस की स्थिति को सशक्त बनाना लक्ष्य : आनंद शंकर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व विधायक एवं हाल ही में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनाए गए आनंद शंकर सिंह के औरंगाबाद आने पर गुरुवार को पूरा जिला राजनीतिक उत्साह से सराबोर नजर आया। पटना से औरंगाबाद पहुंचते ही जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार और भव्य स्वागत किया। जिले के प्रवेश द्वार ठाकुर बिगहा, भखरुआ मोड़ और तरारी में सैकड़ों की संख्या में जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, नारों और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका अभिनंदन किया। जैसे-जैसे उनका काफिला आगे बढ़ता गया, स्वागतकर्ताओं का उत्साह भी बढ़ता गया। ओबरा और औरंगाबाद शहर में कई स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को फूल-मालाओं से लाद दिया। इस दौरान पूरे रास्ते कांग्रेस जिंदाबाद और आनंद शंकर सिंह जिंदाबाद के नारों से माहौल गूंजता रहा। अपने गृह जिले पहुंचने के बाद आनंद शंकर सिंह सबसे पहले अपने पैतृक गांव रायपुरा स्थित मां सत्यचंडी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, वह उसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मुख्य लक्ष्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, पुराने और नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा जिले में कांग्रेस की स्थिति को सशक्त बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट होकर काम करें और आम जनता के मुद्दों जैसे बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य को मजबूती से उठाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और युवाओं की आवाज रही है और आगे भी इसी दिशा में संघर्ष जारी रहेगा। आनंद शंकर सिंह ने यह भी कहा कि आगामी चुनावों को लेकर पार्टी पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी और कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर जिले में कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता का भरोसा एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में आएगा। इस दौरान जिला और प्रखंड स्तर के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और जोश का माहौल बना रहा, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि जिले में कांग्रेस संगठन को लेकर नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर वाहनों की जांच

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने अपराध नियंत्रण एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस द्वारा दोपहिया व चारपहिया वाहनों की जांच के साथ-साथ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। जांच अभियान के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की गई तथा लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की गई। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस प्रकार का अभियान आगे भी जारी रहेगा।